# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, शनिवार 20 सितंबर 2025


अमेरिका के बाद जापान ने जताया भारत पर भरोसा

## अपग्रेड की सॉवरेन रेटिंग



**नई दिल्ली।** जापान की रेटिंग एंड इन्वेस्टमेंट इन्फॉर्मेशन इंक. (आर एंड आई) ने शुक्रवार को भारत की विदेशी मुद्रा जारीकर्ता रेटिंग को स्थिर दृष्टिकोण के साथ बीबीबी से बीबीबी+ कर दिया। एजेंसी ने मजबूत घरेलू मांग, राजकोषीय अनुशासन और बेहतर बाहरी स्थिरता का हवाला देते हुए देश की विदेशी मुद्रा अल्पकालिक ऋण रेटिंग को ए-2 पर बरकरार रखा।

महिला से अभद्र व्यवहार के आरोप में सबलगढ़ एसडीएम अरविंद माहौर निलंबित

# सीएम डॉ. मोहन यादव ने दिए आदेश कहा मर्यादा से कोई समझौता नहीं होगा

एसडीएम पर एक युवती से फोन और मैसेज के जरिए गाली-गलौज करने और परिवार को मानसिक रूप से परेशान करने का आरोप

**जनसुनवाई में पीड़िता ने कलेक्टर को वीडियो समेत शिकायत सौंपी थी**



हरिभूमि न्यूज ⏩ मुरैना/भोपाल

सबलगढ़ एसडीएम अरविंद माहौर को सीएम डॉ. मोहन यादव ने तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम पर ये कार्रवाई युवती से फोन पर गाली-गलौज के आरोप में की गई। बीते दिनों मुरैना कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई के दौरान पीड़ित परिवार ने कलेक्टर अंकित अस्थाना से एसडीएम की वीडियो समेत शिकायत की थी। महिला में आरोप लगाया



कि एसडीएम अरविंद माहौर पिछले एक साल से उनकी बेटी को फोन कर गालियां दे रहे हैं। परिवार को मानसिक रूप से परेशान कर रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने एसडीएम मुख्यालय अटैच कर उनसे कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा था।

सीएम ने एक्स पर दी जानकारी

**अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के लिए कमिश्नर चंबल को निर्देश**

इस मामले में अब सरकार की तरफ से बड़ा एक्शन लिया गया है और उन्हें निलंबित किया गया है। सीएम का कहना है कि मर्यादा से कोई समझौता नहीं होगा। सीएम ने ट्वीट करते हुए लिखा कि एसडीएम अरविंद माहौर के विरुद्ध महिला से अभद्र व्यवहार एवं नियमविरुद्ध पटवारियों के तबादले करने की गंभीर शिकायतों के संज्ञान में आने के पश्चात एसडीएम को तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। इस प्रकरण में कमिश्नर चंबल को अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए भी गए हैं। गौर हो कि एसडीएम अरविंद माहौर ने पद से हटने के बाद रात में एसडीएम कार्यालय खुलवाया। 6 पटवारियों के हल्का ट्रांसफर कर दिए।

*कांग्रेस के ओवरसीज विभाग प्रमुख सैम पित्रोदा ने फोड़ दिया फिर हाइड्रोजन बम, कांग्रेस सकपकाई*

# पित्रोदा बोले-पाक घर जैसा, भाजपा ने कहा मुंबई हमले पर भारी पड़ा कांग्रेस का यह प्रेम



भाजपा का आरोप है कि कांग्रेस ने आतंकवाद पर कठोर रुख दिखाने की बजाए पाकिस्तान की स्थितियों को समझने और उनका पक्ष लेने की कोशिश की

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

भाजपा ने शुक्रवार को कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला और आरोप लगाया कि 2008 के मुंबई आतंकी हमले (26/11) के बाद भी कांग्रेस सरकार ने पाकिस्तान पर कोई सख्त कदम नहीं उठाया। भाजपा ने कहा कि इसकी वजह कांग्रेस का पाकिस्तान के प्रति अनवरत प्रेम था। मामला तब गरमा गया जब कांग्रेस के ओवरसीज विभाग प्रमुख सैम पित्रोदा का बयान सामने आया, जिसमें उन्होंने कहा कि उन्हें पाकिस्तान में घर जैसा महसूस हुआ। सैम पित्रोदा का यह बयान सत्ता पक्ष के लिए हथियार बन गया।

भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने इसे राहुल गांधी की सोच से जोड़ते हुए कहा कि राहुल गांधी के सबसे करीबी और कांग्रेस ओवरसीज प्रमुख सैम पित्रोदा पाकिस्तान को अपना घर बताते हैं। यही वजह है कि यूपीए सरकार ने 26/11 जैसे हमले के बाद भी पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा कदम नहीं उठाया।

**भाजपा बोली-** कांग्रेस की विदेश नीति हमेशा पाकिस्तान को खुश करने वाली रही

**प्रवक्ता पूनावाला** ने कांग्रेस को इस्लामाबाद नेशनल कांग्रेस तक कह दिया



**भाजपा का करारा वार**

- क्या कोई देशभक्त कभी यह कह सकता है कि आतंकी राज्य पाकिस्तान उसके लिए घर जैसा है?
- यह 140 करोड़ भारतीयों व शहीद सैनिकों का अपमान है

## राहुल गांधी पर भी उठाए सवाल

भंडारी ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि पित्रोदा गांधी परिवार के करीबी हैं और लंबे समय से उनकी रणनीति तय करते हैं। उन्होंने याद दिलाया कि हाल ही में आईएसआई एजेंट शाहिद अफरीदी ने राहुल गांधी को आइडल कहा था और अब उनका नजदीकी पाकिस्तान को घर बता रहा है। भंडारी ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी पहले भी कह चुके हैं कि वह भारतीय राज्य से लड़ना चाहते हैं। भाजपा ने इसे देश की संप्रभुता पर हमला और कांग्रेस की राष्ट्र विरोधी सोच करार दिया।

**कांग्रेस ने पाक को हमेशा क्लीन चिट दी**



भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने भी कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा पाकिस्तान को बचाने की कोशिश की। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं ने आतंकवादी हाफिज सईद से यासीन मलिक के जरिए बातचीत की, 26/11, समझौता, पुलवामा और पहलगाम जैसे आतंकी हमलों में पाकिस्तान को क्लीन चिट दी।

**बीना में मधुमक्खियों का हमला**

# 7 रेलवे कर्मचारी घायल, 2 गंभीर हालत में भोपाल रेफर किए गए

हरिभूमि न्यूज ⏩ बीना

बीना रेलवे कॉलोनी क्षेत्र में सफाई के दौरान मधुमक्खियों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया, जिससे 7 कर्मचारी घायल हो गए। इनमें से दो को गंभीर हालत में भोपाल रेफर किया गया है। घटना स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत शुक्रवार को हुई। रेलवे प्रशासन ने करीब 25 कर्मचारियों को डिपो के बाहर झाड़ियों की सफाई के लिए लगाया था। हमले में घायल हुए



कर्मचारियों के नाम रविशंकर शर्मा (59), अब्दुल बाहिद (56), शेर सिंह (48), फारूक (42), ऋषि तिवारी (38), अनिल बामने (49) और रवि कुमार (41) हैं। बताया गया है कि हर कर्मचारी को 6 से 10 जगह डंक लगे हैं। रवि कुमार और ऋषि तिवारी को हमले के दौरान गिरने से कमर में भी चोट आई है। घटना के तुरंत बाद सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर रूप से घायल रवि कुमार और अनिल बामने को बेहतर इलाज के लिए भोपाल रेफर कर दिया गया।

**असम के स्टार सिंगर और 'गैंगस्टर' फेम जुबीन गर्ग का निधन**

जुबीन नॉर्थ ईस्ट फेस्टिवल में भाग लेने के लिए सिंगापुर में थे

# सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग के दौरान हुआ हादसा, अस्पताल में दम तोड़ा

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

मशहूर असमिया गायक जुबीन गर्ग का सिंगापुर में दुखद दुर्घटना में निधन हो गया। वह स्कूबा डाइविंग कर रहे थे तभी हादसे का शिकार हो गए। सिंगापुर पुलिस ने उन्हें बचाया और पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया। काफी मशक्कत के बावजूद, डॉक्टर उन्हें बचा नहीं पाए। वह 52 साल के थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी थीं। नॉर्थ ईस्ट फेस्टिवल के आयोजकों की तरफ से कहा गया कि स्कूबा डाइविंग करते समय उन्हें सांस लेने में तकलीफ हुई और उन्हें तुरंत सीपीआर दिया गया। उन्हें



सिंगापुर जनरल अस्पताल ले जाया गया। उन्हें बचाने के तमाम प्रयासों के बावजूद, दोपहर करीब 2.30 बजे आईसीयू में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। जुबीन गर्ग नॉर्थ ईस्ट फेस्टिवल में भाग लेने के लिए सिंगापुर में थे। यहां उन्हें 20 सितंबर को परफॉर्म करना था। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने जुबीन गर्ग के निधन पर दुख जताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा - असम ने अपने सबसे प्रिय सपूतों में से एक को खो दिया। मेरे पास यह बताने के लिए शब्द नहीं हैं कि जुबीन राज्य के लिए कितना मायने रखते थे। वह बहुत जल्दी चले गए, यह जाने की उम्र नहीं थी।

**बॉलीवुड के लिए गाए मशहूर गाने**

जुबीन गर्ग ने साल 2006 में रिलीज हुई फिल्म 'गैंगस्टर' का गाना या अली गाया था। इस गाने से वह काफी मशहूर हुए थे। उन्होंने साल 2002 में रलीज हुई फिल्म कांटे का गाना जाने क्या होगा रामा रे गाया था। इसके अलावा उन्होंने नमस्ते लंदन का गाना दिलरुबा गाया था।




## चुनाव आयोग की गैर-मान्यता प्राप्त पंजीकृत राजनीतिक दलों पर सख्ती

# 6 साल से निष्क्रिय 474 राजनीतिक दलों का पंजीकरण खत्म

चुनाव आयोग ने गैर-मान्यता प्राप्त पंजीकृत राजनीतिक दलों पर सख्त कार्रवाई की। ये सभी राजनीतिक दल चुनावी कार्यवाही में भाग नहीं लेते थे, केवल अन्य लाभ ले रहे थे

### जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत की कार्रवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने गैर-मान्यता प्राप्त पंजीकृत राजनीतिक दलों पर सख्त कार्रवाई करते हुए 474 दलों का पंजीकरण रद्द कर दिया है। आयोग ने यह कदम जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत उठाया है, जिसके अनुसार कोई भी पंजीकृत दल यदि लगातार 6वर्षों तक किसी भी चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लेता है तो उसका पंजीकरण रद्द किया जा सकता है। इससे पहले अगस्त में भी आयोग ने 334 राजनीतिक दलों का रजिस्ट्रेशन समाप्त किया था। इस प्रकार अगस्त से अब तक कुल 808 दलों की मान्यता खत्म हो चुकी है।

**अगस्त में भी ईसीई ने की थी कार्रवाई**

**6 वर्षों से किसी चुनाव में नहीं ले रहे थे भाग**

टैक्स छूट व अन्य सुविधाओं का लाभ उठाया



चुनाव आयोग का कहना है कि कई पंजीकृत राजनीतिक दल पिछले छह वर्षों से किसी भी चुनाव में भाग नहीं ले रहे थे, बावजूद इसके वे टैक्स छूट सहित अन्य सुविधाओं का लाभ उठा रहे थे। आयोग ने स्पष्ट किया कि यह छूट केवल सक्रिय राजनीतिक दलों के लिए ही होती है। इसलिए निष्क्रिय दलों पर कार्रवाई आवश्यक थी। राजनीतिक दलों के पंजीकरण से संबंधित दिशा-निर्देशों में भी यह प्रावधान है कि यदि कोई दल लंबे समय तक चुनावी गतिविधियों से दूर रहता है तो उसका रजिस्ट्रेशन समाप्त किया जा सकता है।

**18 सितंबर को 474 दलों को किया बाहर**

प्रक्रिया के पहले चरण में आयोग ने विगत 9 अगस्त को 334 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची से हटा दिया था। आज दूसरे चरण में, निर्वाचन आयोग ने लगातार छह वर्षों तक किसी भी चुनाव में भाग न लेने के आधार पर, 18 सितंबर को 474 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों (आरयूपीपी) को सूची से हटा दिया गया है।

**2019 से ही कार्रवाई शुरू की**

आयोग ने यह भी बताया कि 2019 से ही ऐसे निष्क्रिय दलों पर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई थी। इसी क्रम में पहले चरण में 9 अगस्त को और फिर दूसरे चरण में 18 सितंबर को कार्रवाई की गई। इन दोनों चरणों के दौरान कुल 808 राजनीतिक दलों का पंजीकरण खत्म हो गया. यह कार्रवाई चुनावी पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है।

**359 अन्य सियासी दल निगरानी में**

इसके अतिरिक्त आयोग की निगरानी में अब 359 अन्य राजनीतिक दल भी हैं, जिन्होंने बीते छह वर्षों में चुनाव तो लड़ा है लेकिन पिछले तीन वर्षों से अपनी वित्तीय ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की है। आयोग ने इन दलों को भी नोटिस जारी कर चेतावनी दी है कि यदि समय पर वित्तीय विवरण नहीं दिए गए तो उनके खिलाफ भी सख्त कदम उठाए जाएंगे।

**देशभर के 23 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में थे पंजीकृत, सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश के**


चुनाव आयोग द्वारा जिन 474 दलों का पंजीकरण रद्द किया गया है वे देशभर के 23 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में पंजीकृत थे। इनमें सबसे अधिक 121 दल उत्तर प्रदेश से थे। इसके अलावा महाराष्ट्र के 44, मध्य प्रदेश के 23, हरियाणा के 17, बिहार के 15 और पंजाब के 21 दलों का पंजीकरण भी समाप्त कर दिया गया है। आयोग का कहना है कि यह कदम लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने और चुनावी प्रणाली को दुरुस्त बनाए रखने के लिए उठाया गया है।

**6 राष्ट्रीय और 67 राज्य स्तरीय पार्टियां**

निर्वाचन आयोग ने बताया कि हाल तक 2,520 आरयूपीपी थे। डी-लिस्टिंग प्रक्रिया के बाद, 2,046 आरयूपीपी बचे हैं। इनमें छह मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दल और 67 राज्य स्तरीय दल हैं।

## खबर संक्षेप

### आयुर्वेद संस्थान गोवा में मनाएगा आयुर्वेद दिवस



**पणजी।** अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान गोवा में 23 सितंबर को 10वां आयुर्वेद दिवस मनाएगा। यह पारंपरिक भारतीय चिकित्सा पद्धति के वैश्विक प्रचार में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा। नई दिल्ली में आयुर्वेद दिवस समारोह के बारे में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि यह सभी के लिए गर्व की बात है।

### मुख्तार के बेटे उमर को हाईकोर्ट से मिली जमानत

**इलाहाबाद।** मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है।



हाईकोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट में जब्त जमीन को छुड़ाने के लिए अपनी मां का फर्जी हस्ताक्षर करने के आरोप में उमर अंसारी की जमानत याचिका मंजूर कर ली है। फर्जी हस्ताक्षर मामले में उमर के खिलाफ गाजीपुर के मोहम्मदाबाद थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था।

### पश्चिम बंगाल में भाजपा कार्यकर्ता की हत्या


**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल बीजेपी ने आरोप लगाया है कि उसके कार्यकर्ता संजय भौमिक की



टीएमसी के कार्यकर्ताओं ने पीट-पीटकर हत्या कर दी है। भाजपा ने इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया है और इसे राजनीतिक हत्या बताया है लेकिन टीएमसी ने आरोपों को गलत बताया है। भौमिक की उम्र 36 साल थी। परिवार ने एफआईआर दर्ज कराई है।

### सीवर की सफाई के दौरान दम घुटने से 3 की मौत

**थूथुकुडी।** तमिलनाडु के थूथुकुडी जिले के पुराने बंदरगाह पर बुधवार को एक बजरे के अंदर गिट्टी के टैंक



की सफाई करते समय दम घुटने से 3मजदूरों की मौत हो गई। जहाज के निचले हिस्से में जहरीली गैस की चपेट में आ गए थे। इनकी पहचान राजस्थान के संदीप कुमार, थूथुकुडी जिले के पुन्नकयाल जेनिसन थॉमस और तिरुनेलवेली के सिरोन जॉर्ज के रूप में हुई है।

### तमिल एक्टर-कॉमेडियन रोबो शंकर का निधन

**चेन्नई।** तमिल एक्टर और कॉमेडियन रोबो शंकर का गुरुवार को चेन्नई में निधन हो गया। वे 46



साल के थे। बताया जा रहा है कि शंकर जिस फिल्म पर काम कर रहे थे, उसके सेट पर बेहोश हो गए। उन्हें 16 सितंबर को तुरंत जीईएम अस्पताल ले जाया गया. लेकिन उनकी मौत हो गई। रोबो शंकर के अचानक निधन से पूरी तमिल इंडस्ट्री सदमे में हैं। शोक जताया है।

## पश्चिम बंगाल में मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय ने प्रक्रिया तेज की

# बिहार के बाद अब बंगाल में भी एसआईआर की तैयारी,यहां 6 अक्टूबर के बाद आएगी बारी



पश्चिम बंगाल में मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय ने 2026 के विधानसभा चुनावों की तैयारियां शुरू कर दी है। गुरुवार को, मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय ने चुनाव जनशक्ति प्रबंधन प्रणाली पोर्टल लॉन्च किया। 2.0 पोर्टल का उपयोग राज्य भर के 32,000 कार्यालयों से मतदान कर्मियों की सूची तैयार करेगा।

### मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय ने चुनाव जनशक्ति प्रबंधन प्रणाली पोर्टल किया लॉन्च

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

एक तरफ बिहार में एसआईआर के मुद्दे पर पहले ही बवाल मचा हुआ है तो वहीं खबर है कि अब पश्चिम बंगाल में भी एसआईआर की तैयारियां शुरू हो गई है। पश्चिम बंगाल के मुख्य चुनाव अधिकारी ने लक्ष्मी पूजा (6 अक्टूबर) के बाद राज्य में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

सीईओ कार्यालय के सूत्रों के अनुसार यह प्रक्रिया पूरे देश में होगी। बंगाल में 2002 के एसआईआर आंकड़ों का जनवरी 2025 की मतदाता सूची से मिलान कल पूरा हो जाएगा। इससे पहले, पश्चिम बंगाल में मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय ने 2026 के विधानसभा चुनावों की तैयारियां शुरू कर दी है। गुरुवार को मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय ने चुनाव जनशक्ति प्रबंधन प्रणाली (ईएमएमएस) पोर्टल लॉन्च किया। शुक्रवार से, इस नए ईएमएमएस 2.0 पोर्टल का उपयोग राज्य भर के लगभग 32,000 कार्यालयों से मतदान कर्मियों की सूची तैयार करने के लिए किया जाएगा। राज्य में लगभग 14,000 अतिरिक्त बूथों की वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे बूथ-स्तरीय अधिकारियों की भारी कमी होने की आशंका है।

देशभर में लागू करने की खबर आ रही

**बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) नियुक्त**




मुख्य चुनाव अधिकारी कार्यालय ने इस कमी पर चिंता व्यक्त की है। इसके समाधान के लिए, कई चुनाव कर्मचारियों को पहले ही बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के रूप में नियुक्त किया जा चुका है। 32,000 कार्यालयों को कर्मचारियों के नाम ईएमएमएस 2.0 पोर्टल पर अपलोड करने होंगे। यदि कोई भी अधिकारी विवरण अपलोड करने में विफल रहता है, तो चुनाव आयोग जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के अनुसार उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा।

**2002 की मतदाता सूची ऑनलाइन अपलोड**

सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में दिल्ली के सीईओ ने 2002 की मतदाता सूची भी ऑनलाइन अपलोड की और वर्तमान विधानसभा क्षेत्रों को 2002 के निर्वाचन क्षेत्रों से जोड़ा, ताकि मतदाताओं को यह पता लगाने में मदद मिल सके कि उनका (या उनके माता-पिता का) नाम उस पुरानी सूची में है या नहीं।

**आला अधिकारी की होगी जिम्मेदारी**

कार्यालय के सर्वोच्च पदस्थ अधिकारी को जवाबदेह ठहराया जाएगा। यह पोर्टल जिला प्रशासन के लिए चुनावी जनशक्ति के प्रबंधन, जिसमें कर्मचारियों की भर्ती, स्थानांतरण, संपादन और सत्यापन शामिल है, उसके लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में काम करेगा। यह चुनाव से संबंधित कर्मचारियों के डेटा के प्रबंधन और नए कर्मचारियों को जोड़ने की अनुमति देगा। विशिष्ट कारणों से सेवानिवृत्त या स्थानांतरित होने वाले कर्मचारियों को इस पोर्टल के माध्यम से सिस्टम से हटाया जा सकता है. यह जानकारी जिला और ब्लॉक-स्तरीय प्रकोष्ठों द्वारा दर्ज की जाएगी।

**डेटाबेस बनाने पर विचार**

एसआईआर अभ्यास से पहले, आयोग राज्य में चुनावी कर्मचारियों या अधिकारियों की संख्या पर नजर रखने और कर्मचारियों की वास्तविक संख्या का डेटा एकत्र करने के लिए एक डेटाबेस बनाने पर विचार कर रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने ईएमएमएस 2.0 पोर्टल लॉन्च किया । यह एनआईसी और राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की पहल पर विकसित किया है। इसका उद्घाटन एनआईसी के संयुक्त निदेशक सैकत नारायण भट्टाचार्य और संयुक्त निदेशक शमिक कुमार भट्टाचार्य के साथ किया गया।

**जिनके नाम दर्ज उन्हें गणना प्रपत्र का अंश देना होगा**

सीईओ कार्यालय द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि सभी संबंधित अधिकारियों, जिला चुनाव अधिकारियों, निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों, सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों और बूथ-स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) को प्रशिक्षण दिया गया है.
एसआईआर के दौरान घर-घर (एच2एच) भ्रमण के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में बीएलओ नियुक्त किए गए हैं। मतदाताओं से 2002 की मतदाता सूची में अपने और अपने माता-पिता के नामों का सत्यापन करने के लिए कहा जा रहा है। बयान के अनुसार, जिनके नाम 2002 और 2025 की मतदाता सूचियों में हैं, उन्हें केवल गणना प्रपत्र और 2002 की मतदाता सूची का अंश जमा करना होगा।

## निशिकांत का राहुल पर बड़ा आरोप

# गृहयुद्ध न भड़काएं... जेन-जेड आंदोलन हुआ तो देश से भागेंगे

◆ देश को बांटने साजिश कर रहे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जेन जेड को लेकर एक सोशल मीडिया पोस्ट पर भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया कि राहुल भारत में गृहयुद्ध भड़काना चाहते हैं और सोरोस फाउंडेशन के साथ देश को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। भारत में अगर जेन-जेड उठ खड़ा हुआ, तो कांग्रेस और उसके साथी दलों को देश छोड़कर भागना पड़ेगा। दुबे ने कहा कि जेन-जेड का मतलब अगली पीढ़ी, युवा और अपने देश के बारे में कैसे फैसला लेना चाहते हैं और सरकार बदलना चाहते हैं। जेन जेड भारत में पहले ही भारत में ऐसा कर चुका है। अन्ना और अरविंद हजारे का आंदोलन जेन-जेड का ही नतीजा था। निर्भया कांड के दौरान 2013 में एक लाख लोग सड़कों पर थे, लेकिन भाजपा ने हिंसा को न भड़काने का फैसला किया। राहुल नेपाल और बांग्लादेश में जो हुआ, उससे खुद को जोड़ना चाहते हैं।

**जेन-जेड हिंदू राष्ट्र की मांग करे, तो क्या करेंगे?**

उन्होंने कहा, दोनों जगहों पर जेन-जेड आंदोलन भाई-भतीजावाद और परिवारवाद के खिलाफ था। परिवारवाद कहां हैं? यह दशकों से गांधी परिवार में है। अगर वह जेन-जेड को भड़काना चाहते हैं, तो मैं राहुल के साथ हूं। पूरी कांग्रेस को देश से फरार होना पड़ेगा। नेपाल और बांग्लादेश में जेन-जेड भ्रष्टाचार के खिलाफ था। यहां सभी घोटाले कांग्रेस ने किए हैं। पिछले 11 वर्षों में हम पर किसी घोटाले का आरोप नहीं लगा है। जेन-जेड संविधान में संशोधन की मांग कर रहा है। बांग्लादेशी जेन-जेड एक इस्लामी राष्ट्र बनाना चाहता था और नेपाली जेन-जेड एक हिंदू राष्ट्र बनाना चाहता है। भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है, लेकिन अगर जेन-जेड हिंदू राष्ट्र की मांग करे, तो आप क्या करेंगे? सिर्फ कांग्रेस ही नहीं उनके सहयोगी दल भी वंशवादी हैं।

**राहुल सोरोस के साथ देश बांट रहे**

उन्होंने आरोप लगाया कि उसी गृहयुद्ध का इस्तेमाल करके राहुल के दादा (देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल) नेहरू ने देश का बंटवारा किया था। वे सोरोस फाउंडेशन के साथ मिलकर देश को बांट रहे हैं। भाजपा जेन-जेड के साथ खड़ी है। हम जेन-जेड आंदोलन के साथ हैं। हम इसे रोकने की बात नहीं कर रहे हैं। केजरीवाल जेन-जेड आंदोलन की वजह सत्ता में आए। उन्होंने भ्रष्ट कांग्रेस, लालू प्रसाद यादव और स्टालिन के साथ समझौता किया और यूपीए के साथ लोकसभा चुनाव लड़ा।

## भाजपा विधायक के बयान से घमासान

# शरद ने फडणवीस को फोन कर जताई टिप्पणी पर आपत्ति

एजेंसी ▶▶ मुंबई



महाराष्ट्र की सियासत में उस समय हलचल मच गई जब भाजपा के विधायक गोपीचंद पाडलकर ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री जयंत पाटिल और उनके माता-पिता को लेकर कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। पार्टी प्रमुख शरद पवार ने खुद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को फोन कर इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। यह विवाद उस समय शुरू हुआ जब गोपीचंद ने सांगली जिले के जत विधानसभा क्षेत्र में एक रैली में जयंत और उनके माता-पिता को लेकर कथित तौर पर अपमानजनक बातें कही। जयंत पाटिल पश्चिमी महाराष्ट्र में सहकारिता आंदोलन के बड़े चेहरे माने जाते हैं और उनके पिता, स्व. राजाराम पाटिल, कांग्रेस के दिग्गज नेता और सहकारिता आंदोलन के प्रणेता रहे हैं।

## राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में ट्रायल रहा सफल

# यूपीएससी परीक्षाओं में एआई करेगा अभ्यर्थियों की पहचान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने परीक्षाओं में उम्मीदवारों की पहचान को अधिक सुरक्षित और तेजी से करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर आधारित चेहरे की पहचान तकनीक का सफल परीक्षण किया है। अध्यक्ष अजय कुमार नेयह घोषणा की। उन्होंने कहा कि पायलट कार्यक्रम सफल रहा है। राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभागके साथ साझेदारी से विकसित इस पहल का उद्देश्य परीक्षा प्रक्रिया की शुचिता को मजबूत करना है। एनडीए और सीडीएस परीक्षा में हुआ ट्रायल यूपीएससी के अध्यक्ष ने बताया कि पायलट प्रोजेक्ट 14 सितंबर को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, नौसेना अकादमी और संयुक्त रक्षा सेवा परीक्षाओं के दौरान गुरुग्राम के कुछ केंद्रों पर किया गया था।1129 उम्मीदवारों की पहचान की।

## सुप्रीम कोर्ट ने मैसूर दशहरा पर दाखिल याचिका खारिज की

# संविधान धर्मनिरपेक्ष मूल्यों पर आधारित राज्य का कार्यक्रम किसी संस्था का नहीं

### बुकर पुरस्कार विजेता लेखिका बानू के उद्घाटन का विरोध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें बुकर पुरस्कार विजेता लेखिका बानू मुश्ताक को इस साल के मैसूर दशहरा समारोह का उद्घाटन करने के लिए आमंत्रित किए जाने का विरोध किया गया था। अदालत ने कहा कि भारत का संविधान धर्मनिरपेक्ष मूल्यों पर आधारित है और राज्य सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम किसी निजी संस्था का आयोजन नहीं होता। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया था कि मैसूर दशहरा केवल एक सांस्कृतिक उत्सव नहीं है, बल्कि यह हिंदू धार्मिक परंपराओं और आस्थाओं से जुड़ा है।

**अदालत ने पूर्व के फैसले का दिया हवाला**

सुप्रीम कोर्ट ने तर्क को खारिज करते हुए कहा कि 2017 में भी प्रसिद्ध मुस्लिम कवि निसार अहमद ने मैसूर दशहरा का



उद्घाटन किया था। हमारे संविधान की प्रस्तावना स्पष्ट करती है कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है। ऐसे में किसी भी धर्म विशेष के आधार पर भेदभाव करना न्यायोचित नहीं है। बेंगलुरु के एक निवासी, एचएस गौरव की ओर से दायर पीआईएल में कहा गया कि दशहरा के उद्घाटन को हिंदू परंपरा का अभिन्न हिस्सा घोषित किया जाना चाहिए और इसे हिंदू गणमान्य व्यक्ति द्वारा ही किया जाना चाहिए।

## जाते-जाते मानसून ने दिखाए तेवर, 2 राज्यों में मचा दी तबाही

ट्रांसपोर्ट नगर में भर गया पानी

# उदयपुर में हाइवे की सर्विस रोड पर कारें डूबीं

एजेंसी ▶▶ उदयपुर

राजस्थान के उदयपुर जिले में एक नए परिसंचरण तंत्र के प्रभाव से बीते 24 घंटे में अति भारी बारिश हुई। ममौसम विभाग के अनुसार इस नए परिसंचरण तंत्र के कारण बीते 24 घंटे के दौरान राजस्थान के उदयपुर जिले में अतिभारी तथा चित्तौड़गढ़ व प्रतापगढ़ जिलों में भारी बारिश दर्ज की गई। राज्य के कुछ अन्य स्थानों पर भी हल्की से मध्यम बारिश हुई। पश्चिमी राजस्थान में मौसम शुष्क रहा। सर्वाधिक 117.0 मिलीमीटर बारिश उदयपुर में हुई। देहलीगेट, बापूबाजार, फतहपुरा, आरके सर्कल, शोभागपुरा, केशवनगर, रूपसागर रोड, आरटीओ रोड आदि क्षेत्रों में तेज बरसात हुई। ट्रांसपोर्ट नगर के पास पेसेफिक यूनिवर्सिटी मेन रोड पर एकाएक भरे पानी से यहां खड़ी कारें डूबी नजर आईं।

चित्तौड़गढ़ व प्रतापगढ़ जिलों में भारी बारिश दर्ज



**22 सितंबर तक बारिश की संभावना**

चूरू में अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस तंत्र के प्रभाव से 22 सितंबर तक भरतपुर, कोटा, उदयपुर और जयपुर संभाग के कुछ भागों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर और जोधपुर संभाग के अधिकांश भागों में आगामी दिनों में मौसम मुख्यतः शुष्क बने रहने की प्रबल संभावना है।

## बेंगलुरु में भी सावधान रहने की चेतावनी

### पानी-पानी हो गई भारत की सिलिकॉन वैली

**बेंगलुरुः** भारत की सिलिकॉन वैली का हाल भारी बारिश की वजह से बेहाल हो गया है। यहां बेंगलुरु में गुरुवार को रात भर भारी बारिश हुई। शहर के कई निचले इलाकों में जलभराव हो गया है। वहीं कई प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक भी जाम रहा। बेंगलुरु शहर में पिछले 24 घंटों में 65.5 मिमी बारिश दर्ज की गई। डोड्डाबल्लापुरा में 60 मिमी, रामनगर के चंदुरायनहल्ली में 46 मिमी और बेंगलुरु ग्रामीण के हेसरघट्टा में 43 मिमी बारिश दर्ज की गई।



**पूरे राज्य में यलो अलर्ट जारी**


आईएमडी ने बेंगलुरु के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। यहां हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने और कुछ स्थानों पर 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी।

## गोवा में सामाजिक कार्यकर्ता पर हमला

# चेहरे पर पोत दिया गोबर, पुलिस ने पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ पणजी

गोवा में सामाजिक कार्यकर्ता रामा कांकणकर पर गुरुवार को पणजी के पास छह लोगों ने हमला किया। हमलावरों ने उनके चेहरे पर गोबर भी थोप दिया। इस घटना के बाद से गोवा में राजनीति गरमा गई है। विपक्षी दलों का कहना है कि यह खराब हो रहे लॉ एंड ऑर्डर का नतीजा है और लोगों की आवाज बंद करने की साजिश है। पुलिस ने हमले में शामिल 5लोगों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य की तलाश चल रही है।



**हमलावरों ने चेन और चाकू भी चलाए**

कांकणकर ने 2022 में सेंट आंद्रे निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में विधानसभा चुनाव भी लड़ा था, लेकिन वे हार गए थे। उन्हें पहले सीएम प्रमोद सावंत के खिलाफ अपमानजनक बयान देने के आरोप में गिरफ्तार भी किया गया था। पुलिस के अनुसार रामा कांकणकर पर हमला गुरुवार दोपहर पणजी के पास एक पार्क में हुआ। हमलावरों ने उन पर चेन और चाकू से हमला किया और उनके चेहरे पर गोबर भी मल दिया।

जबलपुर
शनिवार, 20 सितंबर 2025
आश्विन मास कृष्ण पक्ष-14
वर्ष : 20, अंक : 144
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *
मौसम
अधि. 32
न्यून. 23

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com




प्रदेश में कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश, 25 सितंबर से नया सिस्टम

# संधवा में डेढ़ घंटे बारिश, पहाड़ों से फूट पड़ा झरना मंदसौर में चंबल नदी पर पिकअप लटकी, दो बहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

**सितंबर में नहीं होगी मानसून की विदाई**

अलग-अलग स्थानों पर बने मौसमी सिस्टम से से लगातार नमी आने का सिलसिला बना हुआ है। इस वजह से अलग-अलग जगहों पर बारिश हो रही है। बड़वानी के सेंधवा में मुंबई-आगरा नेशनल हाईवे -52 के बिजासन घाट क्षेत्र में करीब डेढ़ घंटे तक मूसलाधार बारिश हुई। तेज बारिश के कारण पहाड़ों से झरना बह निकला, जिससे घाट सेक्शन में कई जगह सड़कें जलमग्न हो गईं। इधर, मंदसौर जिले के सीतामऊ थाना क्षेत्र में एक पिकअप वाहन चंबल नदी में बने पुल से लटक गया। इसमें पिकअप सवार दो लोग बह गए। इनमें से एक सुरक्षित बच निकले। दूसरे का अब तक पता नहीं चल सका है। प्रदेश में शुक्रवार को रतलाम, टीकमगढ़ समेत कुछ जिलों में बारिश हुई। खजुराहो में रनगुवां बांध के तीन गेट खोले गए हैं। जलस्तर 764 फीट से नीचे बनाए रखने के निर्धारित रूटीन के तहत गेट खोले गए हैं। उज्जैन में शिप्रा में बाढ़ से रामघाट के मंदिरों में पानी घुस गया। बैतूल के मुलताई में लोगों के घरों में पानी भर गया।

**वर्तमान में तीन मौसम प्रणालियां सक्रिय**

बंगाल की खाड़ी में 25 सितंबर को एक कम दबाव का क्षेत्र बनने के संकेत मिले हैं। इस वजह से सितंबर माह में मानसून के वापस जाने की संभावना कम ही नजर आ रही है। इधर राजस्थान, गुजरात और पंजाब से भले ही मानसून की विदाई शुरू हो गई है, लेकिन प्रदेश में रुक-रुककर बारिश का सिलसिला बना हुआ है। मौसम विज्ञानी वेदप्रकाश सिंह का कहना है कि प्रदेश से सितंबर माह में मानसून के वापस होने की संभावना कम ही है। वर्तमान में तीन मौसम प्रणालियां सक्रिय हैं। इसके प्रभाव से शुक्रवार-शनिवार को भोपाल, नर्मदापुरम, इंदौर, जबलपुर, रीवा संभाग के जिलों में तेज बारिश होने की संभावना है।

**हादसे के बाद चालक कार छोड़कर भागा**

## नीमच में इलाज कराने आए मरीज को सिविल सर्जन की कार ने कुचला



पुलिस ने गाड़ी को किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नीमच

जिला अस्पताल में पदस्थ सिविल सर्जन डॉ. महेंद्र पाटिल की कार ने शुक्रवार दोपहर को अस्पताल में उपचार करवाने आए मजदूर को कुचल दिया। इसकी उपचार के दौरान मौत हो गई है।

घटना के वक्त सिविल सर्जन की कार को ड्राइवर चला रहा था। पुलिस ने कार जब्त कर मृतक के परिजनों को सूचना दी है। जिला अस्पताल परिसर में शुक्रवार दोपहर 1.30 बजे यह हादसा हुआ। सिविल सर्जन कार्यालय में अनुबंधित कार से सिविल सर्जन दफ्तर की तरफ आ रही थी, तभी गेट के पास आराम कर रहे मरीज राजू पिता हीरालला मेघवाल (45) निवासी राजपुरा थाना रामपुरा जिला नीमच के ऊपर से कार गुजर गई। इससे वह गंभीर घायल हो गया। आसपास के मौजूद लोगों ने तुरंत अस्पताल ले गए, जहां पर उपचार के दौरान दोपहर 2.30 बजे उसकी मृत्यु हो गई। मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड के आधार पर उसकी शिनाख्त हुई है, उसकी जेब में कुछ दवाइयां भी मिली। चालक कार मौके पर ही छोड़कर भाग निकला। सूचना पर नीमच कैंट थाना प्रभारी पुष्पासिंह चौहान जिला अस्पताल पहुंची, कार को जब्त किया। कार चालक की तलाश तेज कर दी है। थाना प्रभारी पुष्पासिंह चौहान ने बताया कि सिविल सर्जन से अनुबंधित कार को बताया जा रहा है।

### खबर संक्षेप

**ईओडब्ल्यू ने रिश्वत लेते पटवारी को दबोचा**



**डिंडौरी।** जिले में राजस्व विभाग में पदस्थ पटवारी रामकिशोर चावले शुक्रवार सुबह रिश्वत लेते हुए ईओडब्ल्यू की टीम के हत्थे चढ़ गया। पुरानी बस्ती क्षेत्र में सुबह करीब 10 बजे यह कार्रवाई की गई। शिकायतकर्ता राजाराम बिलागर से जमीन नामांतरण के एवज में पटवारी द्वारा 4 हजार रुपए रिश्वत मांगे जाने की शिकायत 11 सितंबर को दर्ज कराई थी।

**बेटियों को सजाकर नचाना बंद होः ऊषा**



**इंदौर।** पूर्व मंत्री और भाजपा नेत्री उषा ठाकुर ने गरबा आयोजनों को लेकर कहा कि बेटियों को सजाकर चौराहों पर नचाना हिंदू समाज को बंद करना चाहिए। व्यावसायिक मानसिकता ने नवरात्रि जैसे पावन पर्व को विद्रुप्त कर दिया है और इसके स्वरूप को बदलना नितांत आवश्यक है। माता-पिता से उन्होंने अपील भी की।

**पीएम मोदी ने लगाया कदम्ब का पौधा**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर कदम्ब का एक पौधा लगाया। यह पौधा यूनाइटेड किंगडम के राजा चार्ल्स तृतीय की ओर से एक विशेष उपहार के तौर पर भेजा गया था। यूके के राजा ने पीएम मोदी के जन्मदिन पर यह पौधा उपहार के तौर पर भेजा था। यह पौधा मित्रता के प्रति साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

सऊदी-पाक गठबंधन में कतर- यूएई की एंट्री के चांस, भारत की बढ़ी चिंता

# विदेश मंत्रालय ने कहा-इन देशों से भारत के संबंध व्यापक और मजबूत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कई अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भारत के रुख को स्पष्ट किया। इनमें भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता, आतंकवाद और पाकिस्तान, भारत-सऊदी अरब साझेदारी, चाबहार बंदरगाह पर प्रतिबंध छूट और अन्य क्षेत्रीय विकास शामिल हैं। सऊदी-पाकिस्तान समझौते पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और सऊदी अरब के बीच हाल के वर्षों में स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप काफी मजबूत हुई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह साझेदारी आपसी हितों और संवेदनशीलताओं को ध्यान में रखकर आगे बढ़ेगी। सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच किसी रक्षा समझौते के संदर्भ में भारत ने अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि वह अपने साझेदारों के साथ आपसी हितों को प्राथमिकता देता है। कतर और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ संबंधों पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि इन देशों के साथ भारत के संबंध व्यापक और मजबूत हैं। सऊदी-पाकिस्तान रक्षा समझौते में कतर और यूएई की संभावित भागीदारी के सवाल पर भारत ने कहा कि वह इन देशों के साथ निरंतर संपर्क में है।

मंत्रालय ने कहा कि पूरी दुनिया आतंकवादियों पाकिस्तान और उसकी सेना के बीच गठजोड़ से अच्छी तरह वाकिफ



**कैलिफोर्निया में गोलीबारीः** भारत स्थानीय अधिकारियों और पीड़ित के परिवार के साथ संपर्क में

**भारत-अमेरिका ट्रेड वार्ता सकारात्मक व प्रगतिशील**

भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि 16 सितंबर 2025 को, संयुक्त राज्य व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) के सहायक ब्रेंडन लिंच के नेतृत्व में एक अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने वाणिज्य मंत्रालय में भारत के साथ व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने के लिए बैठक की। चर्चा सकारात्मक और प्रगतिशील रही, जिसमें व्यापार समझौते के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श हुआ।

## चाबहार पोर्ट फैसले के प्रभावों की हम जांच कर रहे

हाल ही में अमेरिका ने चाबहार बंदरगाह के लिए दी गई प्रतिबंध छूट को रद्द करने की घोषणा की है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत इस फैसले से पड़ने वाले प्रभावों की जांच कर रहा है। चाबहार बंदरगाह भारत के लिए रीजनल कनेक्टिविटी और व्यापार के लिए महत्वपूर्ण है।



**भारत हर संभव सहायता देने के लिए तैयार**

कैलिफोर्निया में हाल ही में हुई गोलीबारी की घटना के संबंध में विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत स्थानीय अधिकारियों और पीड़ित के परिवार के साथ संपर्क में है। भारत हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है. स्थानीय पुलिस विभाग ने भी घटना की परिस्थितियों के बारे में एक बयान जारी किया है। भारत ने इन सभी मुद्दों पर अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी सक्रिय और संतुलित भूमिका को रेखांकित किया है।

**कलेक्टरों को सर्कुलर जारी किया**

## दो से अधिक हैं लाइसेंसी असलहा तो बाकी करें सरेंडर

मप्र में ऐसे 902 लाइसेंसी, जिनके पास 2 अधिक हथियार



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र के रसूखदार अब दो से अधिक लाइसेंसी असलहा नहीं रख पाएंगे। राज्य सरकार ने दो से अधिक लाइसेंसी असलहा रखने वालों से तत्काल प्रभाव से बाकी असलहों को सरेंडर करने को कहा है। मप्र में ऐसे 902 लाइसेंसी हैं।

***सभी कलेक्टरों को करनी होगी कार्रवाई***

*हाल में ही मप्र गृह विभाग ने सभी कलेक्टरों को पत्र लिखकर दो से अधिक असलहा रखने वालों को बाकी असलहों को सरेंडर करने को कहा है। गृह विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 2019 से पहले ऐसा कोई नियम नहीं था। इस वजह से सूखदार एक लाइसेंस पर कई-कई असलहा खरीद लेते थे।*

**डूसू चुनाव में अभाविप का दबदबा**

## आर्यन मान अध्यक्ष, 1 सीट पर एनएसयूआई का कब्जा



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में भाजपा के समर्थित छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने तीन पदों पर जीत दर्ज की है। उपाध्यक्ष का पद एनएसयूआई के खाते में गया है। अभाविप ने डूसू अध्यक्ष पद के साथ-साथ सचिव (कुणाल चौधरी) और संयुक्त सचिव (दीपिका झा) पद पर भी जीत हासिल की है।


*गुरुवार को हुई थी चुनाव के लिए वोटिंग*

**2.75 लाख से अधिक छात्रों ने वोट डाले**

गुरुवार को दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में 50 से ज्यादा सहयोगी कॉलेजों के 2.75 लाख से अधिक छात्रों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है। 195 बूथों वाले 52 केंद्रों पर 711 इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के जरिए मतदान हुआ।

जौहरी ने दिखाया अपना जौहर

## बनाई पीएम के तस्वीर वाली अंगूठी, भेंट करने की इच्छा



■ अंगूठी में भाजपा का चुनाव चिन्ह कमल भी बना

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को गुजरात के भावनगर में रोड शो और विकास कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इस अवसर पर स्थानीय ज्वेलर जय सोनी ने शुद्ध चांदी से बनी एक खूबसूरत अंगूठी तैयार की है, जिसमें पीएम मोदी की तस्वीर है। उन्होंने इस अंगूठी को प्रधानमंत्री को भेंट की इच्छा व्यक्त की है। जयभाई सोनी अपनी कलाकारी के लिए भावनगर में प्रसिद्ध हैं। उन्होंने कुछ महीने पहले क्रिकेटर विराट कोहली के लिए चांदी का एक छोटा विश्व कप बनाया था। इसके बाद उन्होंने चांदी की अंगूठी पर श्रीराम मंदिर भी बनाया था।

**वड़ोदरा में गोल गप्पे पर विवाद**

## 20 रुपए में खिलाए बस 4 गोल गप्पे, तो दे दिया धरना



■ मामला इतना बढ़ा कि पुलिस को बुलाना पड़ा

**वडोदरा।** यहां एक अजीब मामला सामने आया है। यहां एक महिला ने 20 रुपए में 6 की जगह सिर्फ 4 पानी पुरी मिलने पर इतना ज्यादा गुस्सा जताया कि उसने सड़क पर बैठकर प्रोटेस्ट करना शुरू कर दिया। यह मामला सुरसागर झील के पास हुआ, जहां महिला का विरोध इतना बढ़ गया कि लोगों की भीड़ जमा हो गई और ट्रैफिक जाम लग गया। महिला ने कहा कि वह अक्सर उसी पानी पुरी वाले के पास जाती है और पहले उसे 20 रुपये में 6 पानी पुरी मिलती थीं। लेकिन हाल ही में वह सिर्फ 4 ही दे रहा है। जब उसने दो और पूरियां मांगी, तो ठेले वाले ने देने से मना कर दिया।




**ये दशहरा रहेगा खास : इंदौर में इस बार 11 मुंह वाली कलयुगी शूपर्णखा**

महिला अपराधों पर जागरुकता का संदेश देने का प्रयास

# इस दशहरे पर इंदौर में 'मॉडर्न शूपर्णखा' सोनम-मुस्कान के पुतलों का होगा दहन

**यह अनोखी पहल** पत्नी पीड़ित पुरुषों की संस्था 'पौरुष' द्वारा की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

दशहरे के दिन आमतौर पर रावण दहन किया जाता है, जिसे बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है। देशभर में यह पर्व धूमधाम से मनाया जाता है, लेकिन इस बार इंदौर में दशहरे के मौके पर कुछ अनोखा होने जा रहा है।

यहां मेला ग्राउंड में रावण दहन की जगह शूपर्णखा का दहन किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार इस बार पुतला दहन का मकसद समाज को महिलाओं द्वारा किए जा रहे गंभीर अपराधों के प्रति सचेत करना है। इसमें इंदौर की सोनम रघुवंशी का उदाहरण भी शामिल है, जिस पर हनीमून के दौरान पति की हत्या का आरोप लगा था। इसी तरह मुस्कान नामक महिला समेत कई अन्य मामलों के चेहरे भी इस पुतले पर लगाए जाएंगे।




**पुतले पर होंगी कई चेहरों की तस्वीरें**

आयोजक अशोक दशोरा ने बताया कि शूर्पणखा के पुतले पर इंदौर की सोनम रघुवंशी, मेरठ की मुस्कान, राजस्थान की हर्षा, जौनपुर की निकिता सिंघानिया, दिल्ली की सुष्मिता, मेरठ की रविता, फिरोजाबाद की शशि, बेंगलुरु की सूचना सेठ, मुंबई की चमन उर्फ गुड़िया, औरैया की प्रियंका और देवास की हंसा की तस्वीर लगाई जाएगी।

**राजा रघुवंशी के परिवार को भी भेजा गया निमंत्रण**

दशोरा ने बताया कि शूर्पणखा दहन कार्यक्रम में मुख्य चेहरा सोनम रघुवंशी का होगा। जिस पति राजा रघुवंशी की हत्या सोनम ने की थी, उसके परिजनों और रघुवंशी समाज के सदस्यों को भी इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है।

# इंसान नहीं, 'व्योममित्र' करेगी अंतरिक्ष की सैर, सारी प्रणाली को जांचेगी, परखेगी

यह मिशन बताएगा कि भारत अंतरिक्ष में इंसानों को भेजने के लिए कितना तैयार है। इसका मकसद उन प्रणाली को परखना है जो इंसानों को अंतरिक्ष तक भेजने और सकुशल वापस लाने में काम आएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत जल्द ही अंतरिक्ष विज्ञान में एक और बड़ी छलांग लगाने वाला है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) प्रमुख वी. नारायणन ने ऐलान किया है कि दिसंबर 2025 में संगठन 'गगनयान मिशन' के तहत पहली अनक्रूड फ्लाइट लॉन्च करेगा। खास बात यह है कि इसमें इंसान की जगह 'व्योममित्र' नाम के एक हाफ-ह्यूमनॉइड रोबोट को भेजा जाएगा। इस रोबोट को एक महिला का रूप दिया गया है जो मिशन के दौरान इंसान की जगह काम करेगी। यह मिशन बताएगा कि भारत अंतरिक्ष में इंसानों को भेजने के लिए कितना तैयार है। इसका मकसद उन प्रणाली को परखना है जो इंसानों को अंतरिक्ष तक भेजने और सकुशल वापस लाने में काम आएंगे। नारायणन के मुताबिक, अगर यह उड़ान सफल रहती है तो अगले साल दो और बिना इंसान वाले मिशन पूरे किए जाएंगे। इसके बाद 2027 की शुरूआत में भारत अपना पहला गगनयात्री अंतरिक्ष में भेजेगा और उसे सुरक्षित वापस लाएगा। गगनयात्रियों का चयन पहले ही हो चुका है और उनका बेंगलुरु में प्रशिक्षण भी चल रहा है।

## इस साल दिसंबर में पहली अनक्रूड फ्लाइट लॉन्च होगी

## साल 2027 में जाएंगे गगनयात्री बेंगलुरु में प्रशिक्षण जारी

गगनयान मिशन के लिए इसरो ने तैयार की एआई महिला रोबोट!



### हाफ-ह्यूमनॉइड रोबोट है व्योममित्र

व्योममित्र एक हाफ-ह्यूमनॉइड रोबोट है जिसके निचले अंग नहीं हैं। एआई-सक्षम रोबोट को उड़ान के दौरान कंपन और झटके को झेलते हुए रॉकेट पर उड़ान भरने के लिए डिजाइन किया गया है। इसे चेहरे के हाव-भाव, बोलने और देखने की क्षमता के साथ इंसान जैसा बनाया गया है। व्योममित्र की मदद से इंटीग्रेटेड एयर ड्राप, पैड अबार्ट टेस्ट और टेस्ट वीकल फ्लाइट्स के ऑपरेशन को समझने में मदद मिलेगी।

### अंतरिक्ष यात्रियों से करेगी बात

व्योममित्र के जरिए जो भी खामियां होंगी उन्हें सुधारने में मदद मिलेगी। व्योममित्र मॉड्यूल पैरामीटर के जरिए न सिर्फ निगरानी बल्कि अलर्ट भेज सकती है यह स्विच पैनल संचालन जैसी गतिविधियां कर सकती है। रोबोट अंतरिक्ष यात्रियों से बातचीत कर सकती है और उन्हें पहचान के साथ सवालों के जवाब भी दे सकती है।

### भारत की ताकत दिखेगी

यह मिशन केवल तकनीक का प्रदर्शन नहीं है, बल्कि भारत के सपनों और आत्मविश्वास की उड़ान है। जब दिसंबर में व्योममित्र अंतरिक्ष की ओर बढ़ेगा, तो यह आने वाले भारतीय गगनयात्रियों के लिए रास्ता साफ करेगा। 2027 में जब भारत का पहला गगनयात्री अंतरिक्ष से तिरंगा लहराएगा, तो यह पल पूरी दुनिया के लिए भारत की ताकत और क्षमता का सबूत होगा।

### गगनयान के लिए तैयारियां तेज

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने संसद में जानकारी दी कि गगनयान मिशन के लिए मानव रेटेड लॉन्च व्हीकल एचएलवीएम3 का विकास और परीक्षण पूरा हो चुका है। इसके अलावा क्रू मॉड्यूल, सर्विस मॉड्यूल और क्रू एस्केप सिस्टम जैसी सभी अहम तैयारियां भी पूरी कर ली गई हैं।

### 2035 में भारत का स्पेस स्टेशन

लेकिन गगनयान केवल पहला कदम है। भारत की नजर इससे कहीं आगे है। इसरो की योजना 2035 भारत का पहला अंतरिक्ष स्टेशन बनाने और 2040 तक चांद पर भारत का मिशन भेजने की है।

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी की ग्रीस समकक्ष से चर्चा

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी से ग्रीस के पीएम किरियाकोस मित्सोताकिस ने टेलीफोन पर बातचीत की और उन्हें उनके जन्मदिन के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। पीएम मोदी ने इसके लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, नौवहन, रक्षा, सुरक्षा, संपर्क और लोगों के बीच परस्पर संबंधों जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों में विकास का स्वागत किया तथा भारत-ग्रीस सामरिक साझेदारी को और सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता जताई।



### इंडोनेशिया में 6.1 तीव्रता का भूकंप आया

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के पूर्वी पापुआ क्षेत्र में शुक्रवार तड़के 6.1 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे एक तटीय शहर में थोड़ा नुकसान पहुंचा है। इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण एजेंसी के प्रमुख सुहार्यंतो ने बताया कि मध्य पापुआ प्रांत के नबीरे शहर में कम से कम दो मकान और मुख्य पुल ढह गए। एक सरकारी कार्यालय, गिरजाघर और हवाई अड्डे को मामूली क्षति पहुंची है। भूकंप का केंद्र नबीरे से 28 किमी दक्षिण में 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था।



### इजराइली रक्षा मंत्री ने हूती नेता को दी धमकी

**गाजा।** गाजा के हमास आतंकियों के साथ इजराइल यमन के हूती विद्रोहियों पर भी कार्रवाई कर रहा है। इजराइली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने हूती नेता अब्दुल-मलिक अल-हूती को जान से मारने की धमकी दी है। काट्ज ने कहा है कि जल्द ही तुम्हारा नंबर आएगा। 28 अगस्त को इजराइल ने यमन में हवाई हमला कर हूती सरकार के पीएम और कई महत्वपूर्ण सदस्यों को मार दिया था। हूती विद्रोहियों के ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद अब इजराइल ने फिर से ऐसे हमले की धमकी दी है।



**1965 के युद्ध की हीरक जयंती:** रक्षा मंत्री ने युद्ध नायकों के परिवारों और पूर्व सैनिकों से की बातचीत

# ऑपरेशन सिंदूर इस बात का प्रमाण भारत अपनी नियति स्वयं रचता है

राष्ट्र की संप्रभुता और अखंडता से किसी कीमत पर समझौता नहीं

*पीएम मोदी ने आतंकवादियों को ऐसा सबक सिखाने का संकल्प लिया जिसकी उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की होगी। ऑपरेशन सिंदूर ने हमारे शत्रुओं को दिखा दिया कि हम कितने शक्तिशाली हैं। समन्वय और साहस के साथ हमारे बलों ने इस ऑपरेशन को फलीभूत किया*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को वर्ष 1965 के युद्ध के वीर सैनिकों और शहीद नायकों के परिवारों के साथ बातचीत की। यह कार्यक्रम भारतीय सेना द्वारा नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक में साठ वर्ष पूर्व पाकिस्तान पर भारत की विजय की हीरक जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। अपने संबोधन में रक्षा मंत्री ने ज़ोर देकर कहा कि भारतीयों ने बार-बार यह साबित किया है कि देश अपना भाग्य स्वयं रचता है।

उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को इस दृढ़ संकल्प का एक ज्वलंत उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुआ कायराना आतंकवादी हमला आज भी हमारे दिलों में पीड़ा और शोक भर देता है। इसने हमें झकझोर दिया, लेकिन हमारा मनोबल नहीं तोड़ा। पीएम नरेंद्र मोदी ने आतंकवादियों को ऐसा सबक सिखाने का संकल्प लिया जिसकी उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की होगी। ऑपरेशन सिंदूर ने हमारे शत्रुओं को दिखा दिया कि हम कितने शक्तिशाली हैं। जिस समन्वय और साहस के साथ हमारे बलों ने इस ऑपरेशन को फलीभूत किया, वह इस बात का प्रमाण है कि जीत अब हमारे लिए कोई अपवाद नहीं है, यह हमारी आदत बन गई है। हमें इस आदत को हमेशा बनाए रखना चाहिए। कार्यक्रम में थल सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, पश्चिमी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार, दिल्ली क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल भवनीश कुमार, अन्य वरिष्ठ सेवारत अधिकारी, सम्मानित पूर्व सैनिक, वीरता पुरस्कार विजेता और 1965 के युद्ध नायकों के परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

जीत भारत के लिए अपवाद नहीं, हमारी आदत बन गई है, बनाए रखें





### हर युद्ध में सैनिकों ने वीरता का प्रमाण दिया

रक्षा मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान ने सोचा था कि वह घुसपैठ, गुरिल्ला रणनीति और आश्चर्यजनक हमलों के माध्यम से हमें भयभीत कर सकता है, लेकिन उसे यह नहीं पता था कि प्रत्येक भारतीय सैनिक इस भावना के साथ मातृभूमि की सेवा करता है कि राष्ट्र की संप्रभुता और अखंडता से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत ने कई युद्ध लड़े जिनमें भारतीय सैनिकों ने अद्वितीय वीरता और देशभक्ति का प्रमाण दिया।

### अब्दुल हमीद को किया याद

राजनाथ सिंह ने परमवीर चक्र विजेता कंपनी क्वार्टर मास्टर हवलदार अब्दुल हमीद के अदम्य साहस और वीरता का विशेष उल्लेख किया, जिन्होंने असल उत्तर की लड़ाई के दौरान मशीन गन और टैंक की गोलाबारी की निरंतर बौछार के बीच शत्रु के असंख्य टैंकों को नष्ट करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। उन्होंने कहा कि बहादुर अब्दुल हमीद ने हमें सिखाया कि वीरता हथियार के आकार पर नहीं, बल्कि हृदय के आकार पर निर्भर करती है। उनकी वीरता हमें सिखाती है कि सबसे कठिन परिस्थितियों में भी, साहस, संयम और देशभक्ति का मेल असंभव को भी संभव बना सकता है।

### शास्त्री ने दृढ़ इच्छाशक्ति दिखाई

*रक्षा मंत्री ने उस समय की राजनीतिक इच्छाशक्ति और नेतृत्व को भी श्रेय देते हुए कहा कि कोई भी युद्ध केवल युद्धभूमि पर नहीं लड़ा जाता, युद्ध में विजय पूरे राष्ट्र के सामूहिक संकल्प का परिणाम होती है। 1965 के उस दौर में, लाल बहादुर शास्त्री के दृढ़ इच्छाशक्ति वाले नेतृत्व के कारण ही भारत अनिश्चितताओं और चुनौतियों का डटकर सामना कर पाया। उन्होंने न केवल निर्णायक राजनीतिक नेतृत्व प्रदान किया, बल्कि पूरे राष्ट्र का मनोबल भी ऊँचाइयों तक पहुँचाया। विपरीत परिस्थितियों में भी, हमने एकजुटता का परिचय दिया और युद्ध जीता।*

### सैनिकों के कल्याण के लिए सरकार प्रतिबद्ध

*रक्षा मंत्री ने सेवारत सैनिकों, पूर्व सैनिकों और शहीदों के परिवारों के सम्मान और कल्याण के प्रति सरकार के अटूट संकल्प को दोहराया और इसे सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि रक्षा आधुनिकीकरण, सैनिकों के बेहतर प्रशिक्षण और उपकरणों के उन्नयन के हमारे संकल्प का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सेनाओं को कभी भी संसाधनों की कमी का सामना न करना पड़े।*

एयरफोर्स चीफ एपी सिंह बोले

## ऑपरेशन सिंदूर में 'गेम चेंजर' साबित हुआ एस-400 व लंबी दूरी की मिसाइलें



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना के चीफ एयर मार्शल एपी सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इस्तेमाल किए गए एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम को 'गेम चेंजर' करार दिया। उन्होंने कहा कि आज की लड़ाइयों में ड्रोन का इस्तेमाल हो रहा है लेकिन लड़ाइयां ड्रोन से ही नहीं जीती जा सकतीं। उन्होंने कहा कि हमारी इस लड़ाई में कई ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। ड्रोन बहुत अच्छे हैं। ये किसी भी सिस्टम को सैचुरेट करने के लिए अच्छे हैं। बहुत सारे ड्रोन एक साथ आएंगे तो सैचुरेशन होती है लेकिन अगर हमें युद्ध जीतना है, तो वह सिर्फ ड्रोन से नहीं जीता जा सकता। हमारे लिए कुछ लंबी दूरी के, कुछ भारी क्षमता वाले हथियार, कुछ ऐसे विमान जो लंबी दूरी की मिसाइलें दाग सकें, बहुत जरूरी हैं। इसलिए हमें मानव-मानवरहित प्रणालियों के एक सुखद मिश्रण की आवश्यकता होगी।

### रडार और मिसाइल सिस्टम ने दुश्मन को नुकसान पहुंचाया

*एपी सिंह ने कहा कि हमने जो लंबी दूरी की एलआर-एसएएम, एस-400 खरीदी थी, वे इसमें गेम चेंजर साबित हुईं। उनके लंबी दूरी के रडार और मिसाइल सिस्टम दुश्मन के विमानों को उनके ही क्षेत्र में घुसकर नुकसान पहुंचा सकते थे। इसलिए हम कुछ ऐसा करने में सक्षम हो पाए कि वे अपने क्षेत्र में भी काम नहीं कर सकते थे। एस-400 की रेंज उनके हथियारों की रेंज से कहीं अधिक थी, इसलिए उनके एयरक्रॉफ्ट हथियार छोड़ने की सीमा तक भी नहीं आ सके और जो आते भी थे, उन्हें नुकसान का सामना करना पड़ता था। इसलिए यह एक गेम चेंजर था।*

### ऑपरेशन सिंदूर दुनिया के लिए उदाहरण

*एपी सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर का उदाहरण देते हुए कहा कि कैसे किसी भी संघर्ष को जल्द से जल्द शुरू करके लक्ष्य और उद्देश्य प्राप्त कर उसे समाप्त करना है, दुनिया को भारत से यह सबक सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज जो भी युद्ध चल रहे हैं, चाहे वह रूस-यूक्रेन युद्ध हो या इजराइल-हमास युद्ध, वे लंबे अर्से से चल रहे हैं, क्योंकि कोई भी संघर्ष समाप्ति के बारे में नहीं सोच रहा है। ऑपरेशन सिंदूर के बारे में हमने सुना है कि लोग कह रहे हैं कि पाकिस्तान का हमें और नुकसान करना चाहिए। हमने इस युद्ध को बहुत जल्दी रोक दिया। हमने पाकिस्तान को गहरा घाव दिया, वे पीछे हट गए थे, इसमें कोई शक नहीं, लेकिन हमारे उद्देश्य क्या थे? हमारा उद्देश्य आतंकवाद विरोधी था। हमें उन पर हमला करना था।*

नेपाल के पूर्व पीएम ओली का दावा

## जेन-जी आंदोलन के समय सरकार ने नहीं दी थी 'फायरिंग' की अनुमति

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल के अपदस्थ पीएम केपी शर्मा ओली ने इस बात से इनकार किया है कि उनकी सरकार ने 8 सितंबर को आंदोलन के पहले दिन 'जेन-जी' विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों को गोली मारने का आदेश दिया था, जिसमें तकरीबन 19 लोग मारे गए थे। पूर्व पीएम ओली ने देश के संविधान दिवस पर जारी एक संदेश में दावा किया कि सरकार ने प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने का आदेश नहीं दिया था। प्रदर्शनकारियों पर स्वचालित



बंदूकों से गोलियां चलाई गईं, जो पुलिसकर्मियों के पास नहीं थीं, और इसकी जांच होनी चाहिए। शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों में घुसपैठ का दावा करते हुए, नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के अध्यक्ष ने कहा कि घुसपैठ करने वाले षड्यंत्रकारियों ने आंदोलन को हिंसक बना दिया, और इस तरह हमारे युवा मारे गए। ओली ने घटना की जांच की मांग की है।

दिशा पाटनी के घर फायरिंग मामला

## दो गिरफ्तार, एक का एनकाउंटर पिस्टल, तमंचा, कारतूस बरामद

एजेंसी ▶▶ बरेली

बरेली पुलिस ने बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी के घर पर हुई फायरिंग की साजिश में शामिल पांचवे रेकी करने वाले अपराधी को शाही थाना क्षेत्र में मुठभेड़ के दौरान पकड़ लिया। शुक्रवार देर रात बिहारीपुर नदी पुल के पास पुलिस और अपराधियों के बीच गोलीबारी हुई, जिसमें 19 वर्षीय रामनिवास उर्फ दीपक उर्फ दीपू निवासी बेडकला, थाना जैतारण, जनपद बियावर (राजस्थान) गोली लगने से घायल हो गया। आरोपी पर



25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस ने उसके कब्जे से एक पिस्टल .32 बोर, चार जिंदा व चार खोखा कारतूस बरामद किए। वहीं मौके से एक अन्य आरोपी अनिल पुत्र सतीश निवासी राजपुर, थाना बडी, जनपद सोनीपत को भी पकड़ा गया, जिसके पास से तमंचा .315 बोर, दो जिंदा और चार खोखा कारतूस मिले। दोनों बिना नंबर प्लेट की स्प्लेंडर प्लस बाइक पर थे।

चीन से मुकाबला करने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दिए संकेत

## अमेरिकी सैनिक अफगानिस्तान के बगराम एयर बेस पर फिर से हो सकते हैं तैनात

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह अफगानिस्तान के बगराम एयर बेस पर अमेरिकी सैनिकों की तैनाती की योजना बना रहे हैं। चार वर्ष पहले अमेरिकी सैनिकों के अचानक अफगानिस्तान से जाने के बाद बगराम एयर बेस पर तालिबान ने कब्जा कर लिया था।

ट्रंप ने ब्रिटेन की आधिकारिक यात्रा के समापन पर ब्रिटेन के पीएम केअर स्टॉर्मर के साथ गुरुवार को एक प्रेस वार्ता में यह बात कही। उन्होंने इस कदम को अमेरिका के सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी चीन का मुकाबला करने की ज़रूरत से जोड़ा। ट्रंप ने कहा कि हम इसे वापस पाने की कोशिश कर रहे हैं।

### तालिबान सरकार कई संकटों से जूझ रही



ट्रंप ने संकेत दिया कि तालिबान जो 2021 में सत्ता में वापसी के बाद से आर्थिक संकट, अंतरराष्ट्रीय वैधता, आंतरिक कलह और प्रतिद्वंद्वी आतंकवादी समूहों से जूझ रहा है, अमेरिकी सेना को लौटने की अनुमति देने के लिए तैयार हो सकता है। ट्रंप ने कहा कि बगराम में अमेरिकी उपस्थिति महत्वपूर्ण है क्योंकि यह चीन के निकट है। हम उस बेस को इसलिए चाहते हैं क्योंकि जैसा कि आप जानते हैं, यह उस जगह से एक घंटे की दूरी पर है जहां चीन अपने परमाणु हथियार बनाता है।

वहीं, तालिबान ने अघोषित आरोपों में सात महीने से अधिक समय से अफगानिस्तान में हिरासत में रहे एक ब्रिटिश दंपती को शुक्रवार को रिहा कर दिया। पीटर (80) और बार्बी रेनॉल्ड्स (75) का मामला पश्चिमी देशों के लिए 18 वर्षों से चिंता का विषय था।

अब लश्कर कमांडर कासिम ने खोली पाकिस्तान की पोल

## भारतीय सेना से मची हुई तबाही को कबूला कहा- आतंकी शिविर का पुनर्निर्माण हो रहा

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

जैश के बाद लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर कासिम ने पाकिस्तान की पोल खोल दी है। लश्कर कमांडर कासिम ने माना कि सात मई सुबह किए गए हमले में मुरिदके स्थित लश्कर मरकज को तबाह कर दिया गया था। उसने यह भी कहा कि इस आतंकी शिविर का पुनर्निर्माण हो रहा है। हालांकि पाकिस्तान भारतीय सेना की कार्रवाई में हुए नुकसान को नकारता रहा है। कासिम ने कैमरे के सामने खड़े होकर इस सच को कबूल किया है। मुरिदके, पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के शेखूपुरा जिले में स्थित एक शहर है। लश्कर का यह मुरिदके वाला शिविर उन नौ आतंकी ठिकानों में शामिल था, जिन्हें भारतीय सेना ने 7 मई की रात को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में की गई एक बड़ी कार्रवाई में तबाह कर दिया था।



### आतंकी ने दिखाए तबाही के निशान

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो

वीडियो में कासिम एक अधूरे निर्माण स्थल के सामने खड़ा दिख रहा है और कहता दिख रहा है, मैं मुरिदके में मरकज तैयबा के खंडहरों पर खड़ा हूं, जिसे (भारत के) हमले में नष्ट कर दिया गया था। अब इसका फिर से निर्माण हो रहा है। अल्लाह की रहमत से यह मस्जिद पहले से बड़ी बनेगी। कासिम ने यह भी कबूला कि इस नष्ट की गई मरकज तैयबा मस्जिद में कई आतंकियों को प्रशिक्षण दिया गया था, जिनमें मुजाहिद और तलबाने (छात्र) शामिल थे और वे यहां से फतह (जीत) के लिए निकले।

जेकेएलएफ आतंकी यासीन मलिक के हलफनामे में बड़ा खुलासा

## हाफिज से मिलने पर पूर्व पीएम मनमोहन ने दिया था थैंक्स

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) के आतंकी यासीन मलिक ने कहा है कि पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने आतंकी हाफिज सईद से मिलवाने के लिए मलिक को धन्यवाद दिया था। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान में लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक और 26/11 के मास्टरमाइंड सईद से यह मुलाकात 2006 में हुई थी। दिल्ली हाईकोर्ट में 25 अगस्त को दिए हलफनामे में मलिक ने दावा किया कि यह मुलाकात उनकी पहल नहीं थी, बल्कि पाकिस्तान के साथ गुप्त शांति प्रक्रिया के तहत इंटेलिजेंस ब्यूरो के अधिकारियों की अपील पर रखी गई थी। मलिक ने हलफनामे में यह दावा भी किया है कि उन्हें साफ-साफ बताया गया था कि पाकिस्तान के साथ बातचीत तब तक सार्थक नहीं हो सकती जब तक आतंकवादी नेताओं को भी उसमें शामिल न किया जाए। बता दें, यासीन मलिक पर जनवरी 1990 में श्रीनगर में चार भारतीय वायु सेना अधिकारियों की हत्या का आरोप है। वह टेरर फंडिंग केस में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है। यासीन का बेटा गुलाम कादिर मलिक भी तिहाड़ में ही बंद है।

दावा- पाक के साथ गुप्त शांति प्रक्रिया के तहत आईबी के कहने पर मिले थे



फाइल फोटो

### आतंकियों से बात करने को कहा गया था

*मलिक के बयान के मुताबिक 2005 में कश्मीर में आए भूकंप के बाद पाकिस्तान जाने से पहले खुफिया ब्यूरो (आईबी) के तत्कालीन विशेष निदेशक वीके जोशी ने दिल्ली में मलिक से मुलाकात की थी। जोशी ने मलिक से कहा था कि वे इस मौके का इस्तेमाल न केवल पाकिस्तानी राजनीतिक नेताओं के साथ, बल्कि सईद समेत आतंकवादी सरगनाओं के साथ बातचीत करने के लिए करें, ताकि तत्कालीन पीएम मनमोहन सिंह के शांति प्रयासों का समर्थन किया जा सके। इसके बाद वह पाक में एक समारोह में हाफिज सईद से मिला था।*

### मनमोहन ने अहिंसक आंदोलन का जनक कहा

*मलिक ने दावा किया कि आईबी से डीब्रीफिंग के बाद, उन्हें सीधे पीएम को जानकारी देने के लिए कहा गया था। मलिक ने 17 फरवरी की शाम दिल्ली में तत्कालीन एनएसए एमके नारायणन की मौजूदगी में मनमोहन सिंह से मुलाकात की थी। इसी मुलाकात के दौरान सिंह ने व्यक्तिगत रूप से उन्हें पाकिस्तान में सबसे कट्टरपंथी तत्वों से निपटने में उनके द्वारा दिखाए गए प्रयास, धैर्य और समर्पण के लिए धन्यवाद दिया था। मलिक के मुताबिक जब मैं पीएम मनमोहन सिंह से मिला था, तो उन्होंने बिना किसी हिचकिचाहट के कहा था कि मैं आपको कश्मीर में अहिंसक आंदोलन का जनक मानता हूं।*

रोस्टर नहीं होने पर डिवीजन बेंच 2 में टली सुनवाई | अब चीफ जस्टिस की बेंच करेगी सुनवाई

**निजता का भी हनन जनहित याचिका में आरोप**

# नवनिर्मित फ्लाईओवर के लैंडिंग्स बनते जा रहे एक्सीडेंट के स्पॉट्स

हरिभूमि जबलपुर।

**शहर में मदन महल से दमोहनाका के बीच नवनिर्मित फ्लाईओवर की लैंडिंग व इसकी व्यवस्थाओं के खिलाफ मप्र हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि फ्लाईओवर में व्यू कटर न लगाए जाने से इसके किनारे रहने वाले लोगों के निजता के अधिकार का हनन हो रहा है।**



फ्लाईओवर से आसपास के इलाके में हो रहे ध्वनि प्रदूषण व खतरनाक लैंडिंग्स पर भी सवालिया निशान लगाए गए हैं। जस्टिस अतुल श्रीधरन व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने इसकी सुनवाई नहीं की। कहा कि जनहित याचिका पर सुनवाई का रोस्टर चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली बेंच के पास है, लिहाजा इस याचिका को उन्हीं के समक्ष सुनवाई के लिए लगाया जाए। इस मत के साथ बेंच ने अगली सुनवाई 22 सितंबर को नियत कर दी।

तिलहरी निवासी अधिवक्ता अलका सिंह की ओर से दायर इस जनहित याचिका में कहा गया है कि जबलपुर में मदन महल से दमोह नाका के बीच 7 किलोमीटर लंबा फ्लाईओवर बनाया गया है। यह व्यस्ततम आवासीय इलाके से होकर गुजरता है। जिसके दोनों और एकदम सट कर आवासीय कॉलोनियां लगी है। इसके चलते फ्लाई ओवर के किनारे निवास करने वाले नागरिकों की निजता का उल्लंघन हो रहा है। फ्लाईओवर पर 100 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से वाहन चलाए जा रहे हैं। हॉर्न और वाहनों के कोलाहल से आसपास के इलाके में ध्वनि प्रदूषण हो रहा है। फ्लाईओवर की लैंडिंग्स पूरी तरह ब्लॉकिड हैं। लैंडिंग्स पर कहीं भी यू टर्न नहीं बनाया गया है। खासकर मदन महल और राइट डाउन में फ्लाईओवर की लैंडिंग बेहद खतरनाक है। यू टर्न ना बनाए जाने के चलते लैंडिंग्स एक्सीडेंटल पॉइंट बनते जा रहे हैं । दिन में कई बार बॉटलनेक बन रहे हैं, जिससे जाम लग रहा है। रात को बाइकर्स बेहद तेज रफ्तार से फ्लाईओवर से होकर गुजरते हैं , जिसे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। शाम ढलने के बाद फ्लाईओवर पर छेड़छाड़ की घटनाएं भी हो रही हैं। यहां पर ट्रैफिक व व्यवस्था को कंट्रोल करने पुलिस बल मौजूद नहीं रहता। फ्लाईओवर से लोग नीचे कचरा फेंकते हैं, थूकते हैं।यह गंदगी किनारे बने मंदिरों के ऊपर गिरती है। इससे धार्मिक आस्था को भी चोट पहुंच रही है ।

वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी ने याचिका में हवाला दिया है, जिसमें एक बस के फ्लाईओवर पर उल्टा चलने का समाचार था। उन्होंने तर्क दिया है कि फ्लाईओवर के दोनों किनारो पर अहमदाबाद की तर्ज पर व्यू कटर लगाया जाए ताकि आसपास के निवासी ध्वनि प्रदूषण व गंदगी से बच सकें। लैंडिंग्स के आगे यू टर्न बनाए जाएं। ताकि हादसों से बचा जा सके।



# डीआईजी अतुल सिंह ने किया पुलिस लाइन्स का वार्षिक निरीक्षण

हरिभूमि, जबलपुर।

**बेहतर टर्नआउट वाले पुलिस कर्मी हुए पुरस्कृत**

पुलिस उप महानिरीक्षक जबलपुर रेंज अतुल सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय, एएसपी सिटी आयुष गुप्ता, एएसपी यातायात अंजना तिवारी, जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी तथा करीब 200 अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। परेड ग्राउंड पर पहुंचने पर डीआईजी अतुल सिंह को रक्षित निरीक्षक जयप्रकाश आर्य ने सलामी दी। तत्पश्चात उन्होंने एसपी सम्पत उपाध्याय के साथ परेड का निरीक्षण किया और अनुशासन व सशक्त टर्नआउट प्रदर्शित करने वाले पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत किया। निरीक्षण उपरांत डीआईजी पुलिस लाइन कार्यालय पहुंचे, जहां उन्हें क्वार्टर गार्ड कमांडर सूबेदार मनीष नावेरिया एवं उनकी टीम ने सलामी दी। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं स्टोर, आर्मोरी, वाहन शाखा एवं रोजनामचा कक्ष का बारीकी से निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने पुलिस लाइन में संचालित जनकल्याणकारी गतिविधियों की भी जानकारी ली। विशेष रूप से चलाए जा रहे लर्निंग सेंटर, सीपीसी कैंटीन, बैडमिंटन हॉल एवं जिम का निरीक्षण कर अधिकारियों से चर्चा की और व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए।



# अवैध रेत परिवहन में ट्रक चालक गिरफ्तार

हरिभूमि, जबलपुर।

थाना मझौली अंतर्गत चौकी इंद्राना पुलिस ने शुक्रवार को अवैध रेत परिवहन की बड़ी कार्रवाई की। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम सलहटी खमरिया की ओर से एक छह चक्का ट्रक डंपर बिना रॉयल्टी के रेत भरकर इंद्राना की ओर आ रहा है। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने सिलहटी तिराहे पर घेराबंदी कर ट्रक को रोक लिया।पूछताछ में चालक ने अपना नाम 25 वर्षीय मोना लाल बर्मन निवासी ग्राम सिलहटी, इंद्राना मझौली बताया। जब उससे रेत की रॉयल्टी के दस्तावेज मांगे गए तो वह कोई कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। चालक ने स्वीकार किया कि यह रेत वाहन मालिक अमरजीत सिंह राजपूत, निवासी उखरी थाना कोतवाली के कहने पर भरकर ले जाई जा रही थी। पुलिस ने मौके पर ही बिना नंबर का ट्रक और उसमें भरी रेत को जप्त कर लिया। आरोपी चालक के विरुद्ध बीएनएस सहित अवैध खनन एवं परिवहन भंडारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी इंद्राना एसआई सत्यनारायण कुशवाहा, प्रधान आरक्षक सुनील तिवारी और सैनिक रघुनाथ रजक की सक्रिय भूमिका रही।

## जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता से हल किया जाए

**जबलपुर।** संभाग के प्रभारी अपर मुख्य सचिव (एसीएस) संजय दुबे ने यहां कहा की जन प्रतिनिधियों द्वारा उठाए गये मुद्दों पर अधिकारी प्राथमिकता से कार्य करें और जिलेवार पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें, श्री दुबे यहां जबलपुर संभाग के विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे. उन्होंने पिछली बैठक में दिये गये पालन प्रतिवेदन पर भी चर्चा की. विधायकों ने जनहित के मुद्दों को शीघ्र निराकृत करने की मांग रखी जिनमें सड़क सुधार, जर्जर शाला भवनों के सुधार, प्रधानमंत्री आवास व पट्टा प्रदाय करने, धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान, जनमन, धान उपार्जन की राशि भुगतान, खाद का वितरण, जल जीवन मिशन के कार्यों को प्रमुखता से करने के साथ साथ विद्युत आपूर्ति, नहरों के सुधार और ब्लैक स्पाटों में सुधार की मांग रखी। इस दौरान जबलपुर सांसद आशीष दुबे व बालाघाट सांसद भारती पारधी, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू सहित सभी जिलों के विधायक, संभागायुक्त धनंजय सिंह, आईजी बालाघाट, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह व संभाग के सभी जिला कलेक्टर, एसपी संपत उपाध्याय, डीएफओ, सीईओ जिला पंचायत सहित संभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# श्रद्धा के साथ अनुशासन का रखे ध्यान

**गरबा आयोजकों की पुलिस अधिकारियों ने ली बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

हरिभूमि, जबलपुर।



आगामी नवरात्रि पर्व के दौरान होने वाले गरबा आयोजनों को लेकर शुक्रवार दोपहर पुलिस प्रशासन और गरबा समितियों की संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई। यह बैठक पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता एएसपी सिटी आयुष गुप्ता और एएसपी यातायात अंजना तिवारी ने की। बैठक में सीएसपी, डीएसपी और सभी प्रमुख गरबा आयोजक मौजूद रहे। बैठक में अधिकारियों ने कहा कि नवरात्रि का पर्व श्रद्धा और उत्साह का प्रतीक है, जिसे अनुशासन और शांति के साथ मनाया जाना चाहिए। इसी उद्देश्य से गरबा स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल, सिविल ड्रेस में स्टाफ और पेट्रोलिंग टीमें तैनात की जाएंगी। बैठक में सर्वसम्मति से तय हुआ कि गरबा आयोजन षष्ठी तक ही होंगे, ताकि सप्तमी, अष्टमी और नवमी को श्रद्धालु दुर्गा प्रतिमाओं के दर्शन कर सकें।

### 12 बिंदुओं में आवश्यक दिशा-निर्देश

आयोजकों को 12 बिंदुओं में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इनमें रात्रि 11 बजे तक गरबा बंद करना, प्रतिभागियों को पहचान पत्र जारी करना, साउंड सिस्टम परिसर तक सीमित रखना, सीसीटीवी कैमरे लगाना, अलग-अलग कतारें बनाना, इमरजेंसी लाइट व अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था करना तथा आपातकालीन निर्गम द्वार तैयार करना शामिल रहा। अधिकारियों ने आयोजकों को यह भी निर्देश दिया कि गरबा पारंपरिक वेशभूषा और धार्मिक प्रस्तुतियों तक सीमित रहे, जिससे किसी की भावना आहत न हो।



# सहायक वाणिज्य प्रबंधक ने किया स्टेशन का औचक निरीक्षण

जबलपुर।

जबलपुर रेल मंडल के सहायक वाणिज्य प्रबंधक संजय शर्मा ने नवरात्रि त्योहार के मद्देनजर जबलपुर स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यात्री सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यात्री सुविधाओं वेटिंग हॉल, प्लेटफॉर्म टिकट बुकिंग कार्यालय, पार्किंग, लिफ्ट, एस्केलेटर, साफ-सफाई व्यवस्था, पानी की सुविधा व खान-पान स्टॉल के साथ साथ टिकिट खिड़कियों का भी जायजा लिया। इस दौरान एक ऑटो चालक द्वारा असुरक्षित ढंग से एलपीजी गैस भरते हुए पाए जाने एवं ऑटो स्टैंड में गंदगी करने पर आरपीएफ के सुपुर्द किया गया। इस निरीक्षण में संजय शर्मा के साथ वाणिज्य विभाग के निरीक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे।

## 12 बकायादारों के बैंक खाते सीज

**70 लाख से अधिक का राजस्व वसूली की संभावना**

**जबलपुर।** जबलपुर जिले में वरिष्ठ जिला पंजीयक एवं अतिरिक्त तहसीलदार द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए 19 सितंबर तक जिले के बकायादारों से आर.आर.सी. प्रकरणों में निहित राजस्व की वसूली हेतु 12 बकायादारों के बैंक खाते सीज किए गए। इन खातों में कुल लगभग 70 लाख रुपये से अधिक का राजस्व निहित है। 19 सितंबर को कुछ बकायादारों के पूर्व से बंद किए गए खातों से संबंधित बैंक द्वारा 3 डी.डी. शासन के पक्ष में प्रदाय की गईं, जिनमें लगभग 7 लाख रुपये का राजस्व निहित है।

### सितंबर में अब तक की गई वसूली

सितंबर में जबलपुर जिले अंतर्गत आर.आर.सी. बकायादारों से लगभग 74.40 लाख रुपये का राजस्व वसूल किया जा चुका है। यह कार्रवाई जिले में राजस्व वसूली के प्रयासों को मजबूत करती है।आगामी समय में आर.आर.सी. बकायादारों से राजस्व वसूली की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। यह कार्रवाई जिले में राजस्व वसूली को सुनिश्चित करने और सरकारी राजस्व को बढ़ाने के लिए की जा रही है।

# संवेदनशील क्षेत्रों में निकली पैदल फोर्स

**त्योहारों से पहले पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च**

हरिभूमि, जबलपुर।



आगामी दिनों में आने वाले पर्व और त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में गुरुवार की शाम पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के मार्गदर्शन और एएसपी सिटी आयुष गुप्ता के नेतृत्व में शहर के संवेदनशील इलाकों में भव्य फ्लैग मार्च निकाला गया। अधिकारियों की मौजूदगी में पैदल मार्च-फ्लैग मार्च में सीएसपी कोतवाली रीतेश कुमार शिव, सीएसपी गोहलपुर मधुर पटेरिया, टीआई कोतवाली मानस द्विवेदी, टीआई लार्डगंज नवल सिंह आर्य, टीआई गोहलपुर रीतेश पाण्डेय और टीआई हनुमानताल धीरज राज हमराह बल के साथ शामिल रहे। इस दौरान पुलिस के जवानों ने कंधे पर हथियार टांगे, सायरन बजाते वाहनों और पैदल फोर्स के साथ कदमताल करते हुए इलाके का दौरा किया।

### इन मार्गों से गुजरा फ्लैग मार्च

फ्लैग मार्च पुलिस कंट्रोल रूम से शुरू होकर घंटाघर, बड़ी ओमती, करमचंद चौक, मालवीय चौक, सुपर मार्केट, बड़ा फुहारा, कमानिया, मछली मार्केट, चार खम्बा, बहोराबाग, रद्दी चौकी, भानतलैया, घमापुर चौक होते हुए दर्शन तिराहा, गुरंदी, भरतीपुर, बड़ी ओमती और घंटाघर से वापस कंट्रोल रूम में समाप्त हुआ। लगभग तीन घंटे तक चले इस मार्च में पुलिस की भारी उपस्थिति ने स्थानीय नागरिकों को सुरक्षा का संदेश दिया।

### त्योहारों पर शांति का संदेश

फ्लैग मार्च के दौरान अधिकारियों ने आमजन को भरोसा दिलाया कि पुलिस हर स्थिति पर कड़ी नजर बनाए हुए है। आगामी त्यौहारों में किसी भी प्रकार का विवाद, उपद्रव या अप्रिय स्थिति न हो, इसके लिए कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर पूरी मुस्तैदी दिखाई जाएगी।

**बिजनेस साइट**

## मैक्रो, मूल्यांकन और एग्जिट - तीन मजबूत स्तंभ जो थीमैटिक निवेश को कारगर बनाते हैं

**जबलपुर।** भारतीय शेयर बाजार शायद ही कभी साल-दर-साल एक ही सेक्टर के विजेता को दोहराते हैं। बैंक, ऑटो, आईटी, कमोडिटीज -हर किसी ने अलग-अलग समय पर राज किया है। इस निरंतर उथल-पुथल ने थीमैटिक निवेश- पोर्टफोलियो को "डिजिटल परिवर्तन" या "ग्रीन एनर्जी" जैसे व्यापक आइडिया से जोड़ने की प्रक्रिया - को रिटेल निवेशकों के लिए एक लोकप्रिय टूल बना दिया है। इसका आकर्षण स्पष्ट है: किसी लॉन्गटर्म रुझान को जल्दी पहचानें और उसे मैच्योरिटी तक ले जाएं। फिर भी, इतिहास मिक्स रिकॉर्ड दर्शाता है। रिटेल निवेशकों के लिए, यह रणनीति गहन अध्ययन और अनुशासन दोनों की मांग करती है।

थीम्स लाभ विस्फोटक रूप से दे सकते हैं, लेकिन फिर तेजी से उलट जाते हैं। डॉट कॉम बूम के दौरान फरवरी 1999 और फरवरी 2000 के बीच आईटी शेयरों में 740 प्रतिशत की ग्रोथ देखी गई, इससे पहले कि अगले वर्ष निफ्टी आईटी इंडेक्स 65 प्रतिशत गिर गया। एक और हालिया उदाहरण फार्मा है: जून 2014-15 में 69 प्रतिशत की उछाल के बाद, इस सेक्टर ने अगले तीन वर्षों में 12 प्रतिशत की नकारात्मक चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) दर्ज की। 2013 के टेपर टैंट्रम ने इस बात को और उजागर किया कि कमजोर मैक्रो पृष्ठभूमि में भी, आईटी और फार्मा जैसे एक्सपोर्ट ओरिएंटेड सेक्टर फल-फूल सकते हैं।

**सफल थीमैटिक निवेश के लिए तीन स्तंभ जरूरी हैं:**

1. **मैक्रोज** - प्रत्येक थीम को जीडीपी वृद्धि, राजकोषीय घाटा, चालू खाता शेष, कमोडिटी की कीमतों और करेंसी की गतिविधियों से जोड़ें।

2. **वैल्यूएशन अनुशासन** - जब किसी सेक्टर की आय या एंटरप्राइज वैल्यू की तुलना में वैल्यू मूल्य उसके लॉन्गटर्म औसत से नीचे गिर जाए, तब निवेश करें और जब वैल्यूएशन में उछाल आए, तो उसमें कटौती करने पर विचार करें।



**अमित बशानी**
**सीईओ और संस्थापक, मनीमैष फिनसर्व, जबलपुर**

3. **एग्जिट प्लानिंग** - खरीदारी से पहले स्पष्ट नियम (जैसे मैक्रो रिवर्सल सिग्नल या अच्छी वैल्यूएशन) निर्धारित करें, और रीबैलेंसिंग कर प्रभावों का प्रबंधन करें।

भावनाओं को प्रबंधित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। तेजी से निवेश बढ़ सकता है, मंदी से समय से पहले एग्जिट हो सकती है। मैक्रो, वैल्यूएशन और क्राउडिंग को कवर करने वाली एक सरल चेकलिस्ट अनुशासन को बरकरार रख सकती है।

व्यवहार में, थीमैटिक थीम को एक विविध आधार पोर्टफोलियो का पूरक होना चाहिए, न कि उसका स्थान लेना चाहिए। जिन निवेशकों के पास समय या विशेषज्ञता की कमी है, उनके लिए पेशेवर रूप से प्रबंधित विकल्प- जैसे कि आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल थीमैटिक एडवांटेज फंड (एफओएफ)- एक अनुशासित दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। 31 अगस्त, 2025 तक, एफओएफ ने प्रभावशाली रिटर्न दिया - 3 साल की सीएजीआर 19.14 प्रतिशत, 5 साल की सीएजीआर 24.34 प्रतिशत, और शुरुआत से अब तक 15.35 प्रतिशत सीएजीआर दर्ज की है।

आखिरकार, थीमैटिक निवेश शक्तिशाली अवसरों को खोल सकता है, लेकिन केवल तभी जब इसे व्यापक जागरूकता, मूल्यांकन विवेक और अनुशासित एग्जिट रणनीतियों के साथ अमल में लाया जाए।

## हाईकोर्ट का आदेश

# दैवेभो के नियमितिकरण पर निर्णय लें

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों डाटा एंट्री आपरेटर के नियमितिकरण की मांग को गंभीरता से लिया। जस्टिस मनिंदर सिंह भट्टी की सिंगल बेंच ने सक्षम अधिकारी व कलेक्टर को इस पर निर्णय लेने के निर्देश दिए। जबलपुर निवासी निर्मल लोहिया सहित अन्य की ओर से दलील दी गई कि नियमानुसार याचिकाकर्ताओं को पात्रता की तिथि से नियमित किया जाना चाहिए। साथ ही बकाया वेतन 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित सभी परिणामी लाभ दिए जाने चाहिए। इस सिलसिले में आठ सितंबर, 2025 को संयुक्त संचालक सह अधीक्षक, मेडिकल कालेज द्वारा सिफारिश पत्र जारी किया गया है, जिसे रिकार्ड पर प्रस्तुत किया गया है। हाईकोर्ट ने मामले का निपटारा करते हुए निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता 15 दिन के भीतर कलेक्टर के समक्ष अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। इसके बाद संबंधित अधिकारी सिफारिश पत्र को ध्यान में रखते हुए विस्तृत और कारणयुक्त आदेश पारित करें।



### हाईकोर्ट ने निरस्त की याचिका

## पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के एमडी की नियुक्ति को चुनौती खारिज

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट से मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) को बड़ी राहत मिली है। जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने एमडी अनय द्विवेदी की नियुक्ति व उनके पद पर बने रहने को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि चयन समिति ने अपने विवेकाधिकार का प्रयोग करते हुए अनय द्विवेदी को समिति की अनुशंसा के बाद कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए नियुक्त करने का निर्णय लिया है। उक्त निर्णय को किसी भी प्रकार से अवैध नहीं माना जा सकता। एमडी को केवल मध्य प्रदेश संवर्ग के किसी अन्य आईएएस अधिकारी द्वारा ही बदला जा सकता है। टीकमगढ़ निवासी निर्मल लोहिया की ओर से याचिका दायर कर दलील दी गई थी कि कंपनी के एमडी की नियुक्ति नियमविरुद्ध तरीके से की गई है। इस पर नियुक्ति के लिए 5 सदस्यीय समिति बनी है, जबकि सरकार ने सीधे नियुक्ति की है। यह तर्क भी दिया गया कि अनय द्विवेदी की नियुक्ति 10 दिसंबर 2021 को 3 वर्ष के लिए की गई थी, जोकि दिसंबर 2023 में समाप्त हो गया है। इसी बीच कमेटी की अनुशंसा के बाद 6 जून 2023 को पुनः नियुक्ति आदेश जारी किया गया। कोर्ट ने माना कि 2023 के नियुक्ति आदेश के तहत एमडी की नियुक्ति 2026 तक वैध मानी जाएगी। कंपनी की ओर से अधिवक्ता स्वप्निल गांगुली ने पक्ष रखा।

### हाईकोर्ट ने खारिज कीं याचिकाएं

## ट्रायबल स्कूल से इस्तीफा देकर डीपीआई की शालाओं में नियुक्ति का विकल्प चुनने वालों को राहत नहीं

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने उन अभ्यर्थियों की याचिका खारिज कर दी, जिन्होंने कोर्ट के पूर्व आदेश का लाभ लेते हुए ट्रायबल स्कूल से इस्तीफा देकर डीपीआई की शालाओं में नियुक्ति के विकल्प को चुना है। जस्टिस एमएस भट्टी की सिंगल बेंच ने कहा कि जब पूर्व आदेश का लाभ ले लिया है तो अब नए सिरे से शर्त को चुनौती नहीं दे सकते। सागर निवासी अमन दुबे सहित डेढ़ दर्जन से अधिक अभ्यर्थियों ने याचिका दायर कर डीपीआई स्कूलों में नए सिरे से नियुक्ति को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ताओं की ओर से दलील दी गई कि नए सिरे से नियुक्ति के कारण उनकी वरिष्ठता प्रभावित होगी। इसके अलावा शर्त के अनुसार उन्हें फिर से 70 प्रतिशत वेतन के साथ नौकरी शुरू करनी होगी। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि पूर्व में हाईकोर्ट ने विभाग को उन्हीं शर्तों के आधार पर अभ्यर्थियों को विकल्प चुनने की छूट दी थी। अभ्यर्थियों ने पूर्व की याचिका में इन शर्तों को चुनौती नहीं दी और न ही पूर्व आदेश में संशोधन कराने का प्रयास किया। याचिकाकर्ताओं ने ट्रायबल स्कूल से इस्तीफा देकर डीपीआई शालाओं के लिए आवेदन देने के बाद अब हाईकोर्ट की शरण ली है। ऐसी स्थिति में उक्त शर्तों को चुनौती दिए बिना दायर की गई याचिकाएं अपोषणीय हैं।

### इटारसी, मदनमहल, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों पर ठहराव

# बांद्रा टर्मिनस-रीवा के बीच साप्ताहिक अनारक्षित स्पेशल ट्रेन चलेगा 27 नवम्बर तक

हरिभूमि जबलपुर।



रेल प्रशासन द्वारा त्यौहारों पर यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने हेतु सदैव प्रयासरत रहता है। इसी कड़ी में पश्चिम रेलवे से दुर्गा, दिवाली एवं छठ पूजा त्यौहारों के पर्व पर अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के उद्देश्य से एवं यात्रियों की सुविधा के लिए गाड़ी संख्या 09029/09030 बांद्रा टर्मिनस-रीवा-बांद्रा टर्मिनस के मध्य 11-11 ट्रिप साप्ताहिक अनारक्षित स्पेशल फेयर ट्रेन चलाई जा रही है। यह अनारक्षित स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के इटारसी, मदनमहल, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों से होकर गंतव्य को जा रही है। इस गाड़ी में 20 सामान्य श्रेणी, 01 जनरेटर कार एवं 01 एसएलआरडी सहित कुल 22 कोच है।

गाड़ी संख्या 09029 बांद्रा टर्मिनस से रीवा साप्ताहिक अनारक्षित स्पेशल ट्रेन 18 सितंबर से 27 नवम्बर 2025 तक प्रत्येक गुरुवार को बांद्रा टर्मिनस स्टेशन से भोर 04:30 बजे प्रस्थान कर, इटारसी रात 21:05 बजे, पहुँचकर अगले दिन मदनमहल मध्य रात्रि 00:50 बजे, कटनी 02:40 बजे, मैहर 04:08 बजे, सतना प्रातः 06:30 बजे और शुक्रवार सुबह 07:45 बजे रीवा स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09030 रीवा से बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक अनारक्षित समर स्पेशल ट्रेन दिनांक 19 सितम्बर से 28 नवम्बर 2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को रीवा स्टेशन से सुबह 11:00 बजे प्रस्थान कर, सतना दोपहर 12:40 बजे, मैहर 13:03 बजे, कटनी 13:55 बजे, मदनमहल 15:40 बजे, इटारसी रात 20:45 बजे पहुंचकर और दूसरे दिन शनिवार दोपहर 14:00 बजे बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पहुँचेगी।

### इन स्टेशनों पर रुकेगी ट्रेन

यह अनारक्षित स्पेशल फेयर ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, बोईसर, वापी, वलसाड, भेस्तान, चलथान, बारडोली, नंदुरबार, भुसावल, खण्डवा, इटारसी, मदनमहल, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों पर रुकेगी।

### कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य इन स्थलों के विश्व धरोहर मूल्य के प्रति अधिकारियों को जागरूक करना है

# भेड़ाघाट-लमहेटा में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि सिहोरा।



भेड़ाघाट एवं लमहेटा घाट को विश्व धरोहर में शामिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारतीय वन्यजीव संस्थान (WII) द्वारा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) के सहयोग से दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला 18-19 सितंबर को होटल कल्चुरी, जबलपुर में संपन्न हुई। इस कार्यशाला का आयोजन जिला प्रशासन जबलपुर के सहयोग से किया गया, जिसमें स्थानीय सरकारी अधिकारियों, एमपी टूरिज्म, वन विभाग, एमपी पुलिस, भूगर्भ सर्वेक्षण विभाग (GSI) और वन सर्वेक्षण विभाग (FSI) के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कार्यशाला का उद्घाटन श्री सोहेल अहमद, निदेशक, भूगर्भ सर्वेक्षण विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने भेड़ाघाट एवं लमहेटा घाट की भूगर्भीय और ऐतिहासिक महत्ता पर प्रकाश डाला।

भारतीय वन्यजीव संस्थान की टीम में वैज्ञानिक डॉ. गौतम तालुकदार, डॉ. भूमेश सिंह भदोरिया (विषय विशेषज्ञ), परियोजना सहयोगी दीपिका और स्नेहा पांडे शामिल रहे। इन विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को क्षेत्र के सर्वेक्षण, प्रबंधन और संरक्षण की तकनीकों की जानकारी दी। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों ने भेड़ाघाट और लमहेटा घाट का दौरा किया, जहां उन्हें डायनासोर के जीवाश्म स्थल का निरीक्षण कराया गया। यह स्थल जैविक और भूगर्भीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है और इसे विश्व धरोहर सूची में शामिल करने की प्रक्रिया चल रही है। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य इन स्थलों के विश्व धरोहर मूल्य के प्रति अधिकारियों को जागरूक करना तथा उनके संरक्षण और प्रबंधन में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था।

## दिलीप बने विधि प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष

**सिहोरा।** ओबीसी महासभा राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर बृजेंद्र सिंह यादव ने दिलीप पटेल को ओबीसी महासभा विधि प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति राष्ट्रीय कोर कमेटी के एडवोकेट वैभव सिंह, धर्मेंद्र सिंह कुशवाह, डॉ पुष्पराज सिंह पटेल, महेंद्र सिंह लोधी, अरविंद सिंह दांगी, लोकेंद्र सिंह गुर्जर,जिला अध्यक्ष छोटे पटेल संभागीय अध्यक्ष रामराज पटेल की सहमति से की गई है।

### नगर पालिका परिषद का अभूतपूर्व निर्णय

# माता की आराधना में संसाधन की कमी नहीं बनेगी बाधा : संध्या दुबे

हरिभूमि सिहोरा।





आगामी 22 सितम्बर से माता जगतजननी की अराधना का महापर्व शारदेय नवरात्र प्रारंभ हो रहा है। नगर के मंदिर देवालय में नौ दिनों तक लगातार धार्मिक अनुष्ठानों के आयोजनों के अलावा लगभग आधा सैकड़ा से अधिक स्थानों पर शक्ति स्वरूपा के विभिन्न रुप की प्रतिमाएं सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति के सौजन्य से स्थापित की जायेगी। आर्थिक रुप से कमजोर समितियों ने माता की अराधना में आ रही आर्थिक परेशानी से जब नगर की पालक संस्था को अवगत कराया तो नगरपालिका परिषद सिहोरा के अध्यक्ष एवं पार्षदों के द्वारा बैठक में अभूतपूर्व निर्णय लिया गया। नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे ने कहा की माता जगत जननी की अराधना में संसाधनो की कमी बाधा नहीं बनेगी जिन दुर्गा समितियों मे पक्के रंग मंच नही है उन्हे भी आधुनिक रंग मंच की व्यवस्था की जायेगी । सार्वजनिक उत्सव समितियों की मांग पर नवरात्रि के पूर्व 16 समितिओं को आधुनिक ट्रेस जो बड़ी आसानी से समिति के सदस्यों द्वारा ही चढाऐ और उतारे जा सकते हैं अध्यक्ष,पार्षदों एवं बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति में स्टेडियम के सामने स्थित एक पैलेस में प्रदान किये गए। इससे समिति पर आने बाले आर्थिक खर्च मे काफी कमी आयेगी।

### इन समितियों को प्रदान किए ट्रस पंडाल

जिन समितियों को ट्रस पंडाल प्रदान किए गए उनमें कात्यायनी समिति वार्ड 1,मेलोडियन्स समिति वार्ड 3 कंकाली मोहल्ला,रामजानकी मंदिर समिति सरावगी मोहल्ला वार्ड 6,दादा सरकार, गढ़बड़ समिति गौरैया मोहल्ला वार्ड 10,माता महाकाली समिति वार्ड 12,जय माता महाकाली समिति पुराना बस स्टैंड, बाल गोपाल समिति खितौला,न्यू पुष्पांजलि समिति वार्ड 15,ज्योति माई समिति वार्ड नं.13,शारदा दुर्गोत्सव समिति वार्ड नं.16,श्रीराम जानकी दुर्गोत्सव समिति मैना कुआं आदि शामिल हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक दिलीप दुबे, सीएमओ शैलेन्द्र कुमार ओझा,पार्षद रीता शुक्ला,राजेश चौबे,अंकुश नायक,प्रमोद चौधरी,शारदा बर्मन,अजय बेटू शर्मा,राजेश दाहिया, अनुपम सराफ,राकेश पाठक, समाजसेवी शैलेन्द्र दुबे,दिनेश गौतम,सतीश पटेल,अनिल पिल्लई,सुधाकर तिवारी,विनय जैन, सुग्रीव श्रीवास,रत्नेश दुबे,संदीप राही,सोनू मिश्रा, जितेन्द्र पटेल,सुप्पी बर्मन, अशोक चौधरी आदि उपस्थित थे।

## कीर्तिमान स्थापित करता संकलन "फुलबगिया" लोकार्पित

**जबलपुर।** "हिंदी दिवस के अवसर पर विश्व वाणी हिंदी संस्थान अभियान जबलपुर ने मारिशस और श्रीलंका में हिंदी के प्रतिनिधि काव्य संकलनों का विमोचन कर भारत और विदेशों के हिंदी साहित्यकारों को एक सूत्र में बांधने और जोड़ने की दिशा में कदम बढ़ाया है। इसके साथ ही नगर के रचनाकारों को विदेशों में आपकी कृतियाँ पहुँचाने का अवसर दिया है। निकट भविष्य में संस्थान कुछ अन्य देशों में हिंदी की पताका फहराने की दिशा में सक्रिय है।" उक्त जानकारी देते हुए संस्थान के सभापति आचार्य संजीव वर्मा 'सलिल' ने अंतर्राष्ट्रीय काव्य संकलन "फुलबगिया" को लोकार्पित कराया। उल्लेखनीय है कि काव्य संकलन फुलबगिया में 121 फूलों पर 77 कवियों द्वारा रचित 270 कविताएँ संकलित हैं। हिंदी साहित्येतिहास में यह अपने तरह का प्रथम संकलन है।आयोजन के सारस्वत अतिथि डॉ. चन्द्रेलेखर अतिरिक्त आयुक्त महाविद्यालयीन शिक्षा ने अंतर्राष्ट्रीय काव्य संकलनों "चंद्र विजय अभियान" तथा "फुलबगिया" द्वारा हिंदी साहित्य को तकनीकी विकास तथा पर्यावरण उन्मुख बनाने के प्रयासों की सराहना की। मुख्य अतिथि डॉ. रोहित मिश्रा ने तकनीकी शिक्षा हिंदी भाषा में दिए जाने के लिए संस्थान के प्रयासों तथा शासन की नीतियों को युवा पीढ़ी के अनुकूल बताया। अध्यक्ष की आसंदी से संबोधित करते हुए डॉ. मुकुल तिवारी ने हिंदी की रोजगार परकता पर प्रकाश डाला। संस्था सचिव छाया सक्सेना ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी देते हुए हिंदी को आप्रवासी भारतीयों को भारत से जोड़ने के लिए आवश्यक बताया। संयोजक मनोहर चौबे 'आकाश' ने हिंदी को तकनीकी शिक्षण के लिए सर्वथा उपयुक्त बताया। कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए उमेश साहू 'ओज' ने हिंदी को युग की आवश्यकता तथा देश के आर्थिक विकास का माध्यम निरूपित किया। इस अवसर पर "फुलबानिया" के सहभागी रचनाकारों का अभिनंदन तथा काव्य पाठ भी हुआ।

## सड़क दुर्घटना में घायल वृद्धा की मौत

**जबलपुर।** विजयनगर थाना अतंर्गत रेलवे फाटक के पास खजरी मोड़ गोसलपुर में सड़क दुर्घटना में घायल एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर घटनास्थल थाना गोसलपुर का होने से मर्ग डायरी अग्रिम जांच हेतु थाना गोसलपुर भेजी जा रही है। विजयनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पाली मझौली निवासी 67 वर्षीय श्रीमति कस्तूरी बाई बरकड़े को गत दोपहर लगभग 12 बजे रेलवे फाटक के पास खजरी मोड़ गोसलपुर की सड़क दुर्घटना में घायल होने से उपचार के लिए बेटे सोहनलाल साहू द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार दौरान गत शाम लगभग 7.45 बजे श्रीमति कस्तूरी बाई की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर घटनास्थल थाना गोसलपुर का होने से मर्ग डायरी अग्रिम जांच हेतु थाना गोसलपुर भेजी जा रही है।

## शांति समिति की बैठक संपन्न, दशहरा पर्व शांतिपूर्वक मनाने की अपील



**मझौली।** थाना प्रांगण में आज शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें आगामी दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने के लिए विभिन्न दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में प्रशासन और नगर के गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया। नगर परिषद अध्यक्ष ने सभी पंडाल समितियों और नगरवासियों से अपील की कि वे शासन-प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए पर्व मनाएं। बैठक में एसडीएम सीहोरा, एसडीओपी, तहसीलदार, थाना प्रभारी, नगर परिषद व बिजली विभाग के कर्मचारी भी उपस्थित रहे। बैठक में दिए गए प्रमुख निर्देश पंडाल सार्वजनिक रास्तों को बाधित किए बिना लगाए जाएं, प्रत्येक पंडाल में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, साउंड की आवाज सीमित रखी जाए, जिससे किसी को असुविधा न हो, डीजे का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा, विशेषकर विसर्जन के दौरान, पंडालों में अनावश्यक गतिविधियों पर रोक रहेगी। बैठक में सुरेश माझी, विजय नेता, राजेन्द्र चौरसिया, महेन्द्र कोस्टा, मनोरंजन राय, वेद महाराज, विनीत साहू, आंचल साहू, राकेश साहू, लक्ष्मी नारायण राजपूत, नितेश साहू, प्रदीप साहू आदि प्रमुख रहे।



### जबलपुर रेलवे स्टेशन का नाम शंकर शाह–रघुनाथ शाह और डुमना एयरपोर्ट का नाम रानी दुर्गावती के नाम पर करने की मांग हुई तेज

# जदयू की मांग को गोंडवाना गण पार्टी का समर्थन

हरिभूमि, जबलपुर।

रघुनाथ शाह–शंकर शाह बलिदान दिवस पर आयोजित जबलपुर कार्यक्रम में गोंडवाना गण पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विधायक तिलेश्वर मरकाम ने जनता दल (यू) की मांग को अपना पूरा समर्थन दिया। मरकाम ने कहा कि जबलपुर रेलवे स्टेशन का नाम अमर शहीद शंकर शाह–रघुनाथ शाह और जबलपुर डुमना एयरपोर्ट का नाम वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम पर रखा जाना चाहिए। उन्होंने इसे शहीदों और विरासत को संपूर्ण सम्मान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। जदयू प्रदेश अध्यक्ष सूरज जायसवाल की अपील पर गोंडवाना गण पार्टी ने स्पष्ट किया कि – "जल, जंगल, जमीन गोंडवाना पार्टी का मूल मंत्र है और यही जनता दल (यू) का भी संकल्प है। पूर्व में दोनों दल मिलकर चुनाव लड़ चुके हैं और भविष्य में भी साझा संघर्ष जारी रहेगा।" दोनों दलों ने घोषणा की कि आने वाले दिनों में वे मिलकर विस्तृत संघर्ष कार्यक्रम तय करेंगे, जिससे विरासत सम्मान की यह मुहिम और मजबूत होगी।

## लोक कल्याण मेला का आयोजन 26 को

**सिहोरा।** पी.एम. स्वनिधि योजना के क्रियांवयन हेतु लोक कल्याण मेला का आयोजन नगरपालिका सिहोरा के तत्वाधान में 26 सितम्वर को प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक अटल मांगलिक भवन वार्ड क्र.में 10 किया जा रहा है। सिहोरा क्षेत्र के सभी निवासियों से अपील की गई है की पुनर्गठित पी.एम.स्वनिधि योजना के क्रियांवयन हेतु लोक कल्याण मेला का लाभ प्राप्त करें । जिसमें पुनर्गठित पी.एम.स्वनिधि योजना अंतर्गत कमशः 15 हजार रू,25 हजार रू,50 हजार रू. का ऋण आवेदन लिये जायेगें तथा हितग्राहियों को डिजिटल भुगतान,प्रोफाईलिंग,खाद्य सुरक्षा संबंधित जानकारी प्रदाय की जायेगी। आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेज में समग्र आई.डी.आधार कार्ड, ,बैंक पासबुक,मोबाईल नं.परिचय पत्र,ऋण लेने हेतु पूर्व ऋण की अनापत्ति प्रमाण पत्र जमा कर पावती प्राप्त कर सकते हैं।

# ट्रक ने ई-रिक्शा को टक्कर मारी, 5 घायल

**जबलपुर।** बरेला और संजीवनीनगर में सड़क दुर्घटना के दो मामले प्रकाश में आए हैं। बरेला में एक ट्रक ने एक ई रिक्शा को टक्कर मार दी, जिसमें बैठे पांच लोग घायल हो गए। वहीं संजीवनीनगर में एक कार ने एक बाईक को टक्कर मार दी, जिसमें सवार दो युवक घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। बरेला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मदरटेरेसा माढ़ोताल निवासी 35 वर्षीय ठेकेदार राविन्द्र सिंह गत दिवस मनेरी में छत की ढलाई का काम खत्म करके मनेरी में उसके लेबर प्रदीप, चम्मुलाल, गली सिंह, गोपाल, शाहनवाज ईरिक्शा में और वहअपनी मोटर सायकल में रामकिशन लाल के साथ ई रिक्शा के पीछे पीछे वापस जबलपुर आ रहे थे रात लगभग 8.50 बजे जैसे ही नर्मदा फैमली ढाबा के आगे हाईवे रोड में पहुंचे तभी ट्रक क्रमांक एमपी 22 एच 1209 के चालक ने ईरिक्शा में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे ईरिक्शा पलट गया और ईरिक्शा चालक शाहनवाज को सिर, सीना, हाथ एवं शरीर तथा प्रदीप, चम्मुलाल, गली सिंह, गोपाल को हाथ पैर एवं शरीर में चोटें आ गईं, उसने प्राईवेट वाहन से पांचो घायलों को उपचार के जबलपुर भिजवाया है।



इसी तरह संजीवनीनगर में ग्राम हिनौतिया बेलखेड़ा निवासी 27 वर्षीय किसान जीवन सिंह लोधी गत दिवस अपने दोस्तों के साथ बड़ा फुहारा जबलपुर से कपड़े खरीदकर वापस आ रहे थे उसके साथ देवीसिंह लोधी बैठा था तथा दूसरी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एमजी 3532 में धनसिंह यादव एवं जितेन्द्र सौर बैठे थे। रात लगभग 8.30 बजे रास्ते में लाल बिल्डिंग के आगे तालाब के मोड़ पर पहुँचे तभी कार क्रमांक एमपी 20 सीडी 5424 के चालक ने धनसिंह की मोटर सायकल में टक्कर मार दी, जिससे धनसिंह एवं जितेन्द्र दोनों मोटर सायकल सहित गिर गये। दोनों को हाथ पैर में चोटें आयीं कार चालक एक्सीडेंट करने के बाद मौके से भाग गया। जीवन सिंह ने दोनों घायलों को उपचार के अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने ट्रक चालक और कार चालक आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

**श्रीमती मुन्नी बाई-** पासी मोहल्ला सदर निवासी श्री मोती लाल की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सतीश सेन-** हाट बाजार के पास श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री हीरा लाल सेन के पुत्र श्री सतीश सेन का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राज बहादुर गुप्ता-** न्यू रामनगर अधारताल निवासी श्री राज बहादुर गुप्ता (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।


**श्री राजेंद्र विश्वकर्मा-** फूटाताल बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री निर्मल विश्वकर्मा के पुत्र श्री राजेंद्र विश्वकर्मा (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मोहन लाल जायसवाल-** नयागांव सोसायटी रामपुर निवासी श्री मोहन लाल जायसवाल (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बलीराम मेहरा-** कांचघर पूर्वी घमापुर निवासी श्री बलीराम मेहरा (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती बबीता अर्खेल-** तीस बैरक लियो कम्पाउंड के पास पुल नं. 2 निवासी श्री दीपक कुमार अर्खेल की धर्मपत्नी श्रीमती बबीता अर्खेल (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**जयंत वर्मा-** बजरंग नगर मुड़वारा कटनी निवासी श्री ब्रजेश




वर्मा के पुत्र जयंत वर्मा (14) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**मयंक सोनी-** गौर गली गांधीगंज कटनी निवासी श्री सागर कुमार सोनी के पुत्र श्री मयंक सोनी (14) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती माधुरी वर्मा-** वीजी क्वाटर्स टैगोर नगर गौरीघाट रोड निवासी श्री प्रकाश चंद्र वर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती माधुरी वर्मा (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री विजय कुमार झंझोट-** समदड़िया ग्रीन सिटी निवासी श्री विजय कुमार झंझोट (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मिथलेश श्रीवास्तव-** सैनिक सोसायटी शक्तिनगर निवासी श्री जयप्रकाश श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती मिथलेश श्रीवास्तव (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री मुन्ना लाल-** कटरा अधारताल निवासी श्री मुन्ना लाल (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अजय पटेल-** पनागर स्टैंड के पास निवासी श्री सत्यभान पटेल के पुत्र श्री अजय पटेल (25) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362100

## खबर संक्षेप

### डॉलर के मुकाबले रुपया नौ पैसे बढ़कर 88.11 पर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया नौ पैसे मजबूत होकर 88.11 पर बंद हुआ। अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता के चलते रुपये में तेजी आई। भारतीय रिजर्व बैंक के संभावित हस्तक्षेप से भी घरेलू मुद्रा को अस्थिरता को नियंत्रित करने और तेज मूल्यह्रास को रोकने में मदद मिली।

### सीईएससी कर रही 5,000 करोड़ रुपए का निवेश




**नई दिल्ली।** सीईएससी ग्रीन पावर लि. स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में करीब 5,000 करोड़ रुपये निवेश करने की प्रक्रिया में है। इसमें 3,000 मेगावाट क्षमता का सौर सेल/मॉड्यूल संयंत्र लगाना शामिल है। सीईएससी ग्रीन पावर आरपी-संजीव गोयनका समूह की सीईएससी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है।

### टेक्समैको को मिला अल्ट्राटेक सीमेंट से वैगन का ऑर्डर




**कोलकाता।** टेक्समैको रेल एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि उसे अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड से विशेष मालवाहक वैगनों और ब्रेक वैन की आपूर्ति के लिए 86.85 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। एडवेंट्ज़ समूह की प्रमुख कंपनी ने कहा कि ये वैगन अल्ट्राटेक के मध्य प्रदेश स्थित मैहर और सरलानगर संयंत्रों के लिए होंगे।

### रोडस्टार इनविट में हिस्सेदारी बेचेगी आईएलएंडएफएस




**नई दिल्ली।** कर्ज में डूबी इंफ्रास्ट्रक्चर लीजिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज ने देनदारियों को कम करने के लिए रोडस्टार इंफ्रा इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट में अपनी पूरी 15 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने का फैसला किया है। आईएलएंडएफएस ने रोडस्टार इनविट में अपनी 15.1 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए संभावित खरीदारों की तलाश हेतु एक्सिस बैंक को नियुक्त किया है।

### ओयो की मूल कंपनी प्रिज्म की नई शाखा 'चेकइन' पेश

**नई दिल्ली।** ओयो की मूल कंपनी प्रिज्म ने शुक्रवार को अपने प्रीमियम होटल और होमस्टे ब्रांडों को जोड़ने वाली एक नयी शाखा 'चेकइन' की पेशकश की। कंपनी अपने प्रीमियम होटलों और होमस्टे को चेकइन ऐप पर प्रदर्शित करेगी, जिसमें संडे होटल्स, क्लब हाउस और और पैलेट के साथ ही यूरोप में हॉलीडे होम्स शामिल हैं। कंपनी ने कहा कि चेकइन प्रीमियम और लक्जरी खंड में सेवाएं देगा, जबकि ओयो ऐप किफायती यात्रा करने वाले लोगों का पसंदीदा बना रहेगा।

### वेदांता को नीलामी में आंध्र का पुन्नम मैंगनीज ब्लॉक मिला

**नई दिल्ली।** धातु एवं खनन कंपनी वेदांता लिमिटेड ने आंध्र प्रदेश में स्थित पुन्नम मैंगनीज ब्लॉक को नीलामी प्रक्रिया के जरिये हासिल किया है। यह खनिज ब्लॉक 152 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला है और फिलहाल जी4 स्तर की खोज के चरण में है। जी4 स्तर खनिज खोज की सबसे प्रारंभिक अवस्था होती है। इस चरण में व्यापक स्तर पर सर्वेक्षण कर खनिज संपन्न क्षेत्रों की पहचान की जाती है। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि खनन एवं भूविज्ञान विभाग ने आंध्र प्रदेश में स्थित पुन्नम मैंगनीज ब्लॉक के लिए वेदांता को तरजीही बोलीदाता घोषित किया है।

# अमेरिका के बाद अब भारत में भी सस्ता होगा लोन? ब्याज दर में कटौती संभव

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने अपनी ब्याज दरों में एक बार फिर कटौती कर दी है। फेड के ब्याज दरें घटाने के बाद अब भारत के लोगों की उम्मीदें भी कर्ज और सस्ता होने को लेकर बढ़ गई हैं।

- कटौती से ईएमआई होगी कम और खर्च के लिए ज्यादा पैसे बचेंगे

रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अगुवाई में अगले महीने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक होने वाली है, जिसमें रेपो रेट में कटौती को लेकर फैसला किया जा सकता है। अगर ऐसा होता है तो कर्ज की ब्याज दरें और नीचे आ जाएंगी। संजय मल्होत्रा ने जब से आरबीआई गवर्नर की कमान संभाली है, रेपो रेट में तीन बार कटौती की जा चुकी है। रिजर्व बैंक ने तीन बार रेपो रेट में कटौती करके ब्याज दर को 1 फीसदी सस्ता कर दिया है। अब चौथी बार कटौती की उम्मीद भी जाग चुकी है। फेड रिजर्व के ब्याज दर घटाने के बाद भारत सहित तमाम देशों के शेयर बाजारों में तेजी लौट आई है।

### आरबीआई एक बार फिर रेपो रेट में कर सकती है कटौती

#### क्या कहते हैं एक्सपर्ट

मिराई एसेट इनवेस्टमेंट मैनेजर्स के फिक्स्ड इनकम एनालिटिक्स के फंड मैनेजर कृति चेता का कहना है कि उपभोक्ता महंगाई अभी कंट्रोल में है। इससे अनुमान है कि आरबीआई के पास रेपो रेट में कटौती करने का एक मौका है। लिहाजा इस बार 25 से 50 आधार अंक तक कटौती की जा सकती है। क्लाइंट एसोसिएट्स के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अभिषेक खुदानिया का कहना है कि महंगाई का दबाव कम होने की वजह से आरबीआई के पास एक बार फिर कटौती करने का मौका है। अनुमान है कि अक्टूबर की एमपीसी बैठक में 25 आधार अंक की कटौती की जा सकती है।




#### महंगाई का दबाव भी कम

रिजर्व बैंक के पास रेपो रेट में कटौती का मौका इसलिए भी है कि खुदरा महंगाई की दर अभी 2 फीसदी के आसपास बनी हुई है। अगस्त में यह 2.07 फीसदी थी, तो जुलाई में 1.61 फीसदी के आसपास रही। अगस्त में थोड़ा उछाल आने की वजह खाद्य कीमतों में वृद्धि थी, जिसकी वजह से सब्जियों, मांस, मछली, तेल और पर्सनल केयर की चीजें महंगी हो गईं। यही वजह है कि खाद्य महंगाई दर 4.1 फीसदी के आसपास रही। जुलाई में भी खाद्य महंगाई करीब इतनी ही थी।

#### अक्टूबर से शुरू हो रहा त्योहारी सीजन


आरबीआई की ओर से रेपो रेट में कटौती की उम्मीद इसलिए भी ज्यादा दिखने लगी है, क्योंकि अक्टूबर से ही त्योहारी सीजन शुरू हुआ है। सरकार ने पहले ही उपभोक्ता खपत बढ़ाने की तैयारियां कर ली हैं, जिसके लिए जीएसटी की दरों में बड़ी कटौती की जा चुकी है। 22 सितंबर से जीएसटी की घटी हुई दरें लागू हो जाएंगी और लोगों को सस्ता सामान मिलेगा, जिससे खपत बढ़ेगी। जाहिर है कि इन सस्ते सामानों को खरीदने के लिए लोगों की जेब में ज्यादा पैसा भी होना चाहिए।

## सोने में 800 और चांदी में 500 रुपए की रही मजबूती

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 800 रुपये चढ़कर 1,14,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव और अमेरिका-चीन के बीच नए व्यापारिक तनाव के बीच मजबूत वैश्विक संकेतों के चलते सोने में तेजी आई।

चांदी की कीमत भी 500 रुपये बढ़कर 1,32,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार को 1,13,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय सराफा बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 700 रुपये बढ़कर 1,13,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया।पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,12,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, ''सप्ताह के आखिरी कारोबारी सत्र में सोने में सकारात्मक रुख रहा और कीमती धातुओं में तेजी रही। इस तेजी के कई कारण हैं। इनमें इस साल एक्सचेंज-ट्रेडेड फंडों में मजबूत निवेश और केंद्रीय बैंकों द्वारा सक्रिय रूप से सोना खरीदना शामिल है।



- सोना चढ़कर 1,14,000 प्रतिशत 10 ग्राम
- चांदी बढ़कर 1,32,000 रुपए प्रति किलोग्राम

## एप्पल के आईफोन 17 के लिए सुबह से ही कतारों में लगे ग्राहक

एजेंसी ▸▸| मुंबई

दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी एप्पल के लोकप्रिय उत्पाद आईफोन के नए मॉडल की बिक्री शुक्रवार से शुरू हो गई। इसे लेकर खरीदारों में खासा उत्साह देखा गया और एप्पल के अधिकृत स्टोर पर तड़के से ही लोग कतार में लग गए थे। हाल ही में पेश किए गए आईफोन 17 मॉडल की बिक्री मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स स्थित देश के पहले एप्पल स्टोर पर शुरू हुई। तड़के से ही उत्साहित ग्राहकों की लंबी कतारें लग गई थीं। भीड़ इस कदर हो गई कि स्टोर खुलने से पहले मामूली झगड़े की भी नौबत आ गई। मुंबई पुलिस ने कहा कि सुबह करीब छह बजे कतार में घुसने को लेकर दो ग्राहकों के बीच कहासुनी बढ़कर हाथापाई में बदल गई।

## सैवियो ज्वैलरी ने हीरे की अंगूठी बेचने से किया इंकार

एजेंसी ▸▸| जेद्दा




जयपुर स्थित सैवियो ज्वैलरी के सह-संस्थापक और निदेशक अभिषेक सैंड ने गिनीज रिकॉर्ड बनाने वाली मोर के आकार की हीरे की अंगूठी को ब्रांड परिसंपत्ति में बदलने का फैसला किया है।

कंपनी ने इस अंगूठी को बेचने से इनकार कर दिया है, जिसकी कीमत करीब 27 लाख अमेरिकी डॉलर है। सैवियो ज्वैलरी ने भारत के राष्ट्रीय पक्षी मोर के आकार वाले इस आकर्षक आभूषण के लिए ''एक अंगूठी में सबसे अधिक हीरे जड़ने'' का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। सात भागों में तैयार की गई इस अंगूठी के लिए कंपनी को राष्ट्रपति भवन में पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने सम्मानित किया था। इसके आगे और पीछे दोनों तरफ हीरे जड़े हुए हैं।

## शेयर बाजार में तीन दिनों की तेजी पर लगा ब्रेक

एजेंसी ▸▸| मुंबई



- सेंसेक्स 387 अंक टूटा, निफ्टी भी नुकसान में
- एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक में हुई मुनाफावसूली

प्रमुख कंपनियों एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में मुनाफावसूली होने के कारण स्थानीय शेयर बाजार में तीन दिनों से चली आ रही तेजी शुक्रवार को थम गई। सेंसेक्स 387 अंक टूट गया जबकि निफ्टी में 96 अंक की गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 387.73 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,626.23 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 528.04 अंक गिरकर 82,485.92 अंक पर आ गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 96.55 अंक यानी 0.38 प्रतिशत गिरकर 25,327.05 अंक पर आ गया। एचसीएल टेक, आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन, ट्रेंट, कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एचडीएफसी बैंक में सबसे अधिक गिरावट रही। दूसरी तरफ, अदाणी पोर्ट्स, भारती एयरटेल, एसबीआई, एनटीपीसी और सन फार्मा के शेयर लाभ में रहे। दरअसल उद्योगपति गौतम अदाणी और उनकी अगुवाई वाले अदाणी समूह को बाजार नियामक सेबी द्वारा शेयर हेराफेरी के आरोपों में क्लीन चिट दिए जाने के बाद समूह की सभी कंपनियों में उछाल दर्ज की गई।

### अदाणी के शेयरों में रही तेजी

समूह की कंपनी अदाणी पावर में 12.40 प्रतिशत की तेजी रही जबकि अदाणी टोटल गैस में 7.53 प्रतिशत, अदाणी ग्रीन एनर्जी में 5.33 प्रतिशत, अदाणी एंटरप्राइजेज में 5.04 प्रतिशत और अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस में 4.70 प्रतिशत की बढ़त देखी गई।

## सुजुकी बाइक की कीमतें 18,024 रुपए घटाएगी

**नई दिल्ली।** सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि वह जीएसटी दर में कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए अपने सभी मॉडलों की कीमतों में 18,024 रुपये तक की कटौती करेगी। सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एसएमआईपीएल) ने एक बयान में कहा कि 22 सितंबर, 2025 से प्रभावी संशोधित कीमतों के साथ ग्राहक अब इस बचत का आनंद ले सकते हैं।

**पश्चिम मध्य रेल**

मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निर्धारित ई निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा सूचना क्रमांक:** जबल-एन-सिंग, - टेण्टर-2025-31,**कार्य का नाम लोकेशन सहित:**पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल में ट्रैक नवीनीकरण के प्रावधान के संबंध में एस एंड टी कार्य (सिंग्नलिंग कार्य) **निविदा का अनुमानित मूल्य (रु. में):**₹20267307.95, **निविदा फार्म की कीमत (रुपये):** 00/-, **कार्यालय का पता:** मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय,प्रथम तल, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर, **बयाना राशि रुपये:**₹251300/-**समापन अवधि (माह):** 11 माह, **निविदा बंद होने एवं खुलने की अंतिम तिथि एवं समय:** दिनांक 13.10.2025 को 15.00 बजे तक बंद होगी एवं 15.00 बजे के बाद खोली जाएगी।, निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे बेबसाइट "https://ireps.gov.in" पर उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी है। उक्त निविदा उक्त बेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन की जा सकती है। (हस्ता.)

मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार)
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड परासिया, जिला छिन्दवाड़ा म.प्र.**

email-eephedpar@mp.nic.in

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा जारी करने का दिनांक 12.09.2025

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्युरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदाओ हेतु निविदा प्रपत्र डाउनलोड/ क्रय करने की दिनांक 12-09-2025 से प्रारंभ है।
कार्य का नाम- छिन्दवाड़ा जिले के परासिया खण्ड अंतर्गत उपखण्ड परासिया, अमरवाड़ा, एवं जामई के विकासखण्डों के ग्रामो में योजनाओं में खनित नलकूपो की 10 घण्टे तक जल आवक क्षमता का परीक्षण (जॉच) कार्य।

| ई-टेण्डर आई.डी क्र. | निविदा क्रमांक/ दिनांक | विकासखण्ड | अनुमानित लागत (रु. लाख) में | अमानत राशि रुपये | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये | बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि / समय | बिड ओपन करने की तिथि / समय | ठेकेदार की श्रेणी | कार्यपूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2025_PHED _451052_1 | 48/25-26/ 12.09.2025 | परासिया | 14.04 | 28080 | 2000 | 29.06.2025 5:30 PM | 30.06.2025 5:30 PM | नवीन केन्द्रीयकृत पद्धति पर सक्षम श्रेणी में पंजीकृत | 90 दिन |
| 2025_PHED _451077_1 | 49/25-26/ 12.09.2025 | तामिया | 14.04 | 28080 | 2000 | 29.06.2025 5:30 PM | 30.06.2025 5:30 PM | | 90 दिन |
| 2025_PHED _451092_1 | 50/25-26/ 12.09.2025 | जामई | 14.04 | 28080 | 2000 | 29.06.2025 5:30 PM | 30.06.2025 5:30 PM | | 90 दिन |
| 2025_PHED _451105_1 | 51/25-26/ 12.09.2025 | अमरवाड़ा | 14.04 | 28080 | 2000 | 29.06.2025 5:30 PM | 30.06.2025 5:30 PM | | 90 दिन |
| 2025_PHED _451139_1 | 52/25-26/ 12.09.2025 | हर्रई | 14.04 | 28080 | 2000 | 29.06.2025 5:30 PM | 30.06.2025 5:30 PM | | 90 दिन |

निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क, केश-कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इन्टरनेट बैंकिंग एकाउंट के माध्यम से उपरोक्त बेवसाइड पर भुगतान कर केवल ऑनलाईन पर ही क्रय किए जा सकते है।
विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित बेवसाईड पर देखी जा सकती है।

सदस्य सचिव
जिला जल एवं स्वच्छता मिशन तथा
कार्यपालन यंत्री, लो.स्वा.यां.वि.
खण्ड परासिया (म.प्र.)

G-18849/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार एवं कलेक्टर ऑफ स्टाम्पस जिला जबलपुर क्रमांक-1**

म.प्र. भू-राजस्व संहिता की धारा 146 एवं 147 के तहत इस न्यायालय के द्वारा नीचे लिखे गये प्रकरणों में संबंधित बकायादारों को कमी राशि चुकाने हेतु प्रकरण में संलग्न विलेख में वर्णित संपत्ति की कुर्की करने से पूर्व बकाया राशि चुकाने का अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। बकायादारों को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि सूचना के प्रकाशन दिनांक से 03 दिवस के भीतर बकाया राशि ऑनलाईन चालान के माध्यम से जमा कर चालान कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बकाया राजस्व / राशि जमा न करने की स्थिति में बकायादारों की संबंधित सपंत्ति कुर्की की कार्यवाही की जाकर संपत्ति की नीलामी की कार्यवाही नियमानुसार की जावेगी।( माह सितंबर 2025 तृतीय सूची)

**जिला जबलपुर क्रमांक 01 से संबंधित प्रकरणों के बकायादारों की सूची निम्नानुसार है।**

| क्र. | प्रकरण क्रमांक | बकायादार का नाम एवं पता का विवरण | बकाया राशि | संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 70/A-76/2013-14 | श्रीमति संजिता जैन पति श्री राजेश कुमार जैन एवं अन्य निवासी - राइट टाउन जबलपुर | 95365 | मौजा जबलपुर नं.ब. 264, खसरा नं. 295, रकवा 320 वर्गफुट पूर्वी निवाड़गंज नया कस्तूरबा गांधी वार्ड |
| 2 | 71/A-76/2013-14 | श्री रामकृष्ण बाल कल्याण समिति गढ़ा जबलपुर द्वारा अध्यक्ष श्री राधेश्याम अग्रवाल पति स्व. श्री एल. सी. अग्रवाल निवासी - 334, परिश्रम नगर जबलपुर | 150185 | मकान नगर निगम नं. 1659 विवेकानंद वार्ड मौजा चावनपुर नं.ब. 305, प.ह.नं. 32, नया खसरा नं. 129/1, 120/1 का भाग प्लाट नं. 13 प्लाट रकवा 2287.5 वर्गफुट निर्मित रकवा 1260 वर्गफुट |
| 3 | 74/A-76/2013-14 | श्री तखत सिंह परस्ते पिता श्री चेत सिंह परस्ते निवासी - शिवपुरी कजरवारा तह. व जिला जबलपुर | 18704 | मौजा कजरवारा नं.ब. 505, प.ह.नं. 23, खसरा 280/2 रकवा 1800 वर्गफुट |
| 4 | 109/A-76/2013-14 | श्रीमति गीता डोंगरे पिता श्री सुभाष चंद्र डोंगरे निवासी- पी टाईप नं. 291, ईस्ट खम्हरिया जबलपुर | 130100 | शीतलामाई वार्ड मकान नं. 84 से 86 एवं 91 है। 84 से 86 मकान का क्षेत्रफल 850 वर्गफुट एवं 91 नं. के मकान का ऐरिया 570 वर्गफुट है। |
| 5 | 125/A-76/2013-14 | श्री पुरूषोत्तम लाल पति स्व. बलराम कोहली निवासी - सदर बाजार जबलपुर | 10476 | मौजा बिलहरी नं.ब. 50, प.ह.नं. 23, खसरा नं. 152 / 3 में से रकवा 0.101 हेक्टेयर |
| 6 | 127/A-76/2013-14 | श्री ब्रजभूषण शर्मा पिता श्री कलीराम शर्मा निवासी - 484, पूर्वी घमापुर जबलपुर | 4257 | मौजा भड़पुरा कंचनपुर नं.ब. 131, ह. नं. 22 खसरा नं. 286, 286 / 4 रकवा 500 वर्गफुट बना हुआ 90 वर्गफुट |
| 7 | 128/A-76/2013-14 | श्री महान्त सिंह परिहार पिता श्री जवाहर सिंह परिहार निवासी- पश्चिमी बेलबाग जबलपुर | 11596 | मकान पश्चिमी बेलबाग टौरिया मोहल्ला लकडगंज म.नं. 1000 से 1003 तक ऐरिया 1217 वर्गफुट निर्मित क्षेत्रफल 500 वर्गफुट |
| 8 | 129/A-76/2013-14 | श्री दरबारी लाल पिता कल्लू राम बर्मन निवासी - हिरण वार्ड कटंगी तह. पाटन | 8128 | हिरण वार्ड कटंगी स्थित सर्वे क्रमांक 120 में से भूखण्ड क्षेत्रफल 6000 वर्गफुट जिसमें 200 वर्गफुट में कच्चा मकान |
| 9 | 97/A-76/2014-15 | श्री राजेश मंछानी पिता स्व. श्री मोहन दास मंछानी निवासी- 88 नेपियर टाउन जबलपुर | 180100 | बहुमंजिला अपार्टमेंट बिल्डिंग मुस्कान हाईस, ब्लाक नं. 2 भूतल मंजिल में स्थित ऑफिस चेम्बर डायवर्सन शीट नं. 253 के डायवर्सन प्लाट नं. 841 / 2, प्लाट नं. 53, भंवरताल एक्सटेंशन सुपर बि.क्षे. 650 वर्गफुट |
| 10 | 505/A-76/2015-16 | श्रीमति रेखा सिंह पति श्री राहुल सिंह निवासी- ग्राम बिलहरी, जनता स्कूल म.नं. 147, जबलपुर | 132342 | वार्ड नं. 60 ग्राम कजरवारा नई बस्ती खसरा नं. 168 का भाग प्लाट रकवा 7900 वगफुट |
| 11 | 511/A-76/2015-16 | श्रीमति निशा जैन पति श्री नरेन्द्र जैन निवासी- 392, नेपियर टाउन जबलपुर | 208100 | कृषि भूमि खसरा नं. 113/1 रकवा 4 हेक्टेयर एवं 116 / 1 रकवा 4 हेक्ट. कुल रकवा 8 हेक्टेयर ग्राम कमतिया तहसील शहपुरा (मोडगेज डीड) |
| 12 | 512/A-76/2015-16 | श्रीमति मणि जैन नायक पति श्री सुरेन्द्र जैन नायक निवासी - 392, नेपियर टाउन जबलपुर | 160100 | कृषि भूमि खसरा नं. 113 / 2 रकवा 2 हेक्टेयर एवं 116 / 2 रकवा 4.42 हेक्ट. कुल रकवा 6.42 हेक्टेयर ग्राम कमतिया तहसील शहपुरा (मोडगेज डीड) |
| 13 | 514/A-76/2015-16 | श्री नन्कू राम यादव पिता श्री राम टबंकर यादव ग्राम जमतरा तह. व जिला जबलपुर | 42100 | कृषि भूमि ग्राम जमतरा खसरा नं. 28, रकवा 1.032 हे. |
| 14 | 557/A-76/2015-16 | श्री विप्लव शर्मा पिता श्री जे.पी. शर्मा निवासी- बी -14, सेक्टर 44, नोएडा - 202303 जिला गौतमबुद्ध नगर (उ.प्र.) | 286100 | मौजा तिलहरी खसरा नं. 280 / 1 रकवा 0. 854 हे. एवं खसरा नं. 284 रकवा 0.809 हे. कुल रकवा 1.663 हे. |
| 15 | 558/A-76/2015-16 | श्री विप्लव शर्मा पिता श्री जे.पी. शर्मा निवासी- बी -14, सेक्टर 44, नोएडा - 202303 जिला गौतमबुद्ध नगर (उ.प्र.) | 228100 | मौजा कजरवारा खसरा नं. 189 रकवा 0. 166 हे. एवं खसरा नं. 190 रकवा 0.809 हे. कुल रकवा 0.255 हे. |
| 16 | 562/A-76/2015-16 | श्री संतोष मिश्रा पिता स्व. श्री नीलकंठ मिश्रा निवासी - 2750, त्रिपुरी चौक गढ़ा तह. व जिला जबलपुर | 14890 | मौजा रमनगरा नं.ब. 399 नं.ब. 28 / 33 रा.नि.। म. जबलपुर - 1 खसरा नं. 348 का भाग जिसका कुल प्लाट एरिया 912 वर्गफुट |
| 17 | 567/A-76/2015-16 | श्री भुवन सिंह कोराम पिता श्री भगवत सिंह कोराम निवासी- ग्राम झारियाटोला, तह. बारहसिवनी, जिला बालाघाट म.प्र. | 13100 | मौजा ककरतला न.ब. 524 पटवारी हल्का नं. 14/39 रा.नि.म. महाराजपुर तह. व जिला जबलपुर स्थित खसरा नं. 25 / 2 रकवा 0.420 हे., खसरा नं. 106 / 2 रकवा 0.220 हेक्टेयर एवं खसरा नं. 122 रकवा 0.210 हेक्टेयर कुल रकवा 1.350 हे. में से विक्रय रकवा 0.850 |
| 18 | 618/A-76/2015-16 | श्री अखिलेश तिवारी पिता श्री भगवान दास तिवारी निवासी- 1792, आजाद नगर, रांझी जबलपुर | 200100 | आंचल अपार्टमेंट मौजा रामपुर प.ह.नं. 32, दादा बाबूराव परांजपे वार्ड ग्वारीघाट रोड, तह. व जिला जबलपुर स्थित भूमि खसरा नं. 50 / 2 / ख / 9 एवं 50 / 2 / ग / 9 का भाग विकित प्लाट रकवा 8200 वर्गफुट |
| 19 | 647/A-76/2015-16 | श्री अनिल भाटिया पिता श्री मदन लाल भाटिया निवासी- नागपुर रोड जबलपुर | 49565 | मलिक कम्पाउण्ड सदर बाजार स्थित बंगला नं. 9 सर्वे नं. 44 ओल्ड गांड छाँवनी टेरिस का कुल रकवा 5400 वर्गफुट |
| 20 | 668/A-76/2015-16 | श्री कृष्णानंद द्विवेदी पिता श्री बेटालाल द्विवेदी निवासी- ग्राम नचनौरा गांधी ग्राम बुढागर तहसील सिहोरा | 145100 | मौजा गोसलपुर नं.ब. 614, प.ह.नं. 49 / 79 रा. नि.म. खितौला खसरा नं. 608 रकवा 1.670 हे. |
| 21 | 670/A-76/2015-16 | श्री कासिम खान पिता श्री हमीद खान निवासी- 1338, बैदराना मोहल्ला, इंदिरा गांधी वार्ड जबलपुर | 120100 | मौजा गोरखपुर नं.ब. 654, प.ह.नं. 9 रा.नि.म. जबलपुर - 2 ककरैया तलैया क्षेत्र बनारसी दास भनोट वार्ड तह. व जिला जबलपुर स्थित खसरा न. 642/24 रकवा 0.065 हे. में से विकय प्लाट ऐरिया 1500 वर्गफुट |
| 22 | 673/A-76/2015-16 | श्री कृष्णानंद द्विवेदी पिता श्री बेटालाल द्विवेदी निवासी- ग्राम नचनौरा गांधी ग्राम बुढागर तहसील सिहोरा | 150100 | मौजा गोसलपुर नं.ब. 614, प.ह.नं. 49 / 79 रा. नि.म. खितौला खसरा नं. 182 / 1 रकवा 1.770 हे. |
| 23 | 682/A-76/2015-16 | श्री विनीत कुमार वाजपेयी पिता श्री सरल कुमार वाजपेयी निवासी- झण्डा चौक दुर्गा मंदिर के पास, स्टेशन रोड कांचघर जबलपुर | 321783 | मौजा कजरवारा न.ब. 505 प.ह.नं. 27, रा.नि. म. जबलपुर - 2 खसरा 168 / 1 कुल 0.404 हेक्टेयर |
| 24 | 695/A-76/2015-16 | श्री आनंद कुमार खरे पिता स्व. श्री राम प्रसाद खरे निवासी- जे-4, फॉरच्यून स्टेट फेस-2, कोलार रोड, भोपाल हा. मु. म. नं. 1982, शक्ति नगर गुप्तेश्वर जबलपुर | 170100 | मौजा गोरखपुर नं.ब. 605 ह.नं. 24 तह. व जिला जबलपुर स्थित मकान नं. 1682 (पुराना ) नया मकान नं. 852 डायवर्सन शीट नं. 262 प्लाट नं. 86 का भाग खसरा नं. 651, 652, 653, 664 का भाग जिसका प्लाट ऐरिया 480 वर्गफुट जिसमें 100 व.फ. पर कच्ची खपरैलदार मिट्टी से जुडाई की दुकान निर्मित है एव 380 वर्गफुट खुला ऐरिया है। |
| 25 | 705/A-76/2015-16 | श्री जोगेन्द्र सिंह राजपूत पिता श्री गुलाब सिंह राजपूत एवं अन्य निवासी - म.न. 53, ग्राम देवरी तह. व जिला जबलपुर | 4040 | मौजा देवरी न.ब. 350 प.ह.नं. 69, रा.नि.म. खम्हरिया खसरा नं. 146 / 1 के रकवे से विक्रय रकवा 0.550 हे. |
| 26 | 02/A-76/2016-17 | श्रीमति उर्मिला पटैल पति शंकर पटैल पुत्री श्री फूलचंद पटैल निवासी - 734, भवानी प्रसाद तिवारी वार्ड गोलबाजार जबलपुर | 113115 | नजूल ब्लाक नं 52, प्लाट नं. 93 / 2, 98/1 विकित रकवा 1321 वर्गफुट |
| 27 | 34/A-76/2016-17 | श्री धीरज समतानी पिता श्री दयाराम समतानी निवासी - 386, नेपियर टाउन जबलपुर | 395100 | कृषि भूमि ग्राम ललपुर नं.ब. 641, प.ह.नं. 27 / 45 रा.नि.म. जबलपुर - 1 खसरा नं. 105 विकित रकवा 0.443 हे. |
| 28 | 55/A-76/2020-21 | श्री अजय जानवानी पिता श्री घनश्याम जानवानी निवासी- पोस्ट सिहोरा, वार्ड नं. 4, सिहोरा | 46375 | भूखण्ड ग्राम सिहोरा प.ह.नं. 73 / 6, रा.नि.म. खितौला, ब्लॉक सिहोरा वार्ड नं. 4, गांधी वार्ड खसरा नं. 325 / 6 रकवा 2125 वर्गफुट |
| 29 | 33/A-76/2023-24 | श्री राजा जैन पिता श्री निर्मल कुमार जैन, श्री धन्य कुमार जैन पिता श्री निर्मल कुमार जैन निवासी 256, राम मनोहर लोहिया वार्ड, जबलपुर | 765380 | मौजा जिलहरी न.ब. 265, प.ह.नं. 08, कृषि भूमि खसरा नं. 105 / 4 / क रकवा 0.297 हे. एवं 110 / 1क रकवा 0.066 हे. कुल रकवा 0. 363 हे. में से शेष बचा रकवा 0.317 हे. जो ग्वारीघाट वार्ड में स्थित है |
| 30 | 28/A-76/2020-21 | श्री आकाश साहू पिता श्री अनिल कुमार साहू निवासी - 2753, गढ़ा त्रिपुरी चौक पुरवा जबलपुर | 500100 | मौजा रमनगर प.ह.नं. 7, खसरा नं. 62, का रकवा 1.140 हे. में से 0.285 हेक्टेयर भूमि |
| 31 | 104/A-76/2024-25 | श्री राजेश कुमार नायक पिता श्री निर्मल चंद नायक निवासी - 31, एलआईजी / सी - 5, संजीवनी नगर जबलपुर | 5890 | भवन क्रमांक 31 / एलआईजीसी - 5 वीर सावरकर वार्ड भूखण्ड ऐरिया 640 वर्गफुट |
| 32 | 03/A-76/2025-26 | श्री चगनलाल सरावगी पिता श्री अम्बिका प्रसाद सरावगी निवासी - वार्ड नं. 5 सिहोरा तहसील सिहोरा | 83172 | ग्राम लढौई रकवा 0.83 हे. खसरा नं. 48 |
| 33 | 09/A-76/2025-26 | श्रीमति जयश्री राजपूत पति श्री संतोष सिंह राजपूत निवासी - सदाफल पोस्ट कुण्डम तहसील कुण्डम जिला जबलपुर | 25508 | सुधार पत्र भूखण्ड मौजा गोसलपुर प.ह.नं. 19 रा.नि.म. खितौला खसरा नं. 691/1 रकवा 1550 वर्गफुट |
| 34 | 12/A-76/2025-26 | मेसर्स चावला कन्सट्रक्शन द्वारा पार्टनर श्री सुभाष चावला पिता श्री गिरधारी लाल चावला निवासी-5 लाजपत कुंजनेपियर टाउन, जबलपुर | 60820 | गोरखपुर स्थित जे. के. कॉम्पलैक्स सनातन मंदिर रोड स्थित सेकंड फ्लोर के दो फ्लैट, फ्लैट नं. 202 / बी एवं फ्लैट नं. 204 / ए दोनों मिलाकर कुल निर्मित रकवा 900 वर्गफुट |
| 35 | 13/A-76/2025-26 | श्री संतराम ध्रुव पिता स्व. श्री दौलतराम ध्रुव निवासी- म.नं. 1 / 1 ब्रजमोहन नगर विजय नगर छापर रामपुर जबलपुर | 143670 | मौजा पोलीपाथर न.ब. 164, प.ह.नं. 08/29, खसरा नं. 24/ 57 डायवर्सन शीट नं 6, रकवा 600 वर्गफुट |
| 36 | 15/A-76/2025-26 | श्रीमति उपासना चौरसिया पति श्री अनुराग कुमार चौरसिया साकिन- पोस्ट सिहोरा वार्ड नं. 6 तहसील सिहोरा | 57850 | आवासीय मकान नजूल मौजा सिहोरा प.ह.नं. 73/06 नगर पालिका सिहोरा वार्ड क्रमांक 6 प्लाट नं. 159 रकवा 634.62 वर्गफुट खसरा नं. 521/1 |
| 37 | 17/A-76/2025-26 | श्री प्रकाश परोहा पिता नन्द लाल परोहा साकिन - पोस्ट सिहोरा वार्ड नं. 11 | 144046 | मौजा मनसकरा प.ह.नं. 73 / 06 रा.नि.म. खितौला खसरा नं. 215 / 1,216/1 कुल विक्रय रकवा 0.320 हेक्टेयर |
| 38 | 19/A-76/2025-26 | प्रसंशा सोनकर पिता श्री प्रकाश सोनकर निवासी - 84, उड़िया मोहल्ला, बड़ी ओमती, जबलपुर | 54117 | मौजा बिलहरी नं.ब. 50, प.ह.नं. 23, खसरा नं. 144/7 कुल 0.010 हे. में से विक्रय रकवा 543.75 वर्गफुट |
| 39 | 24/A-76/2025-26 | श्री संतोष चौरसिया पिता श्री बिहारी लाल चौरसिया पोस्ट सिहोरा वार्ड नं. 4 तहसील सिहोरा | 186421 | मौजा मनसकरा प.ह.न. 06 खसरा नं. 90/1 रकवा 0.122 हेक्टेयर |
| 40 | 33/A-76/2025-26 | रीतु कुशवाहा आत्मजा श्री सीताराम कुशवाहा निवासी - वार्ड नं. 1, नगर पंचायत बरेला | 29620 | ग्राम तिलहरी प.ह.नं. 52 / 58, खसरा नं. 11 रकवा 1.17 हे. मे से एक एकड़ जमीन |
| 41 | 34/A-76/2025-26 | श्री रमेश साहू पिता स्व. श्री प्रहलाद साहू निवासी - म.नं. 393, नया 901, 902 दक्षिण मिलौनीगंज वीरन चौधरी की कुलिया तहसील व जिला जबलपुर | 221270 | भकान नगर निगम नं. पुराना 393 नया 901, 902 नजूल ब्लाक नं. 15 प्लाट नं. 33/2, 53 / 2 कुल प्लाट रकवा 1244 वर्गफुट हक हिस्से में प्राप्त रकवा 460 वर्गफुट पक्का 2 मंजिला मकान |

G-18891/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

कलेक्टर ऑफ स्टाम्पस
जिला जबलपुर

## चिंतन

# कमर टूटी, अब खात्मे के नजदीक है नक्सलवाद

कभी देश के लिए सबसे बड़ी समस्या के रूप में देखा जा रहा नक्सलवाद अब अंतिम सांसें गिन रहा है। उसके बड़े नेता या तो मारे जा चुके हैं या फिर सुरक्षा बलों के समक्ष सरेंडर कर चुके हैं। बीते दिनों हुए इन चार घटनाक्रम को देखें तो तय है कि नक्सलवाद का अंत केंद्र सरकार द्वारा तय समय सीमा से पहले ही होने जा रहा है। 10 सितंबर को पुलिस को सूचना मिली कि मटाल पहाड़ी के पास 1.5 करोड़ के इनामी मोडेम बालकृष्ण समेत 20 से 25 नक्सलियों के मौजूद है। तुरंत ऑपरेशन लॉन्च किया गया। 11 सितंबर को दिनभर नक्सलियों के साथ मुठभेड़ चलती रही। पुलिस, एसटीएफ और सीआरपीएफ के कोबरा जवानों ने मिलकर बालकृष्ण समेत 10 नक्सलियों को ढेर कर दिया। इसके दो दिन बाद ही 13 सितंबर को नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी की सीनियर मेंबर सुजाता ने तेलंगाना में सरेंडर कर दिया। सुजाता अकेली नहीं है, इस साल अब तक 404 नक्सली सरेंडर कर चुके हैं। इसके तीन दिन बाद 16 सितंबर को प्रेस रिलीज वायरल हुई। इसमें सरकार से शांति वार्ता करने और हथियारबंद संघर्ष को अस्थायी रूप से रोकने की बात कही। तय है कि नक्सलवाद की अब कमर टूट चुकी है। 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने जिसे भारत की सबसे बड़ी आंतरिक सुरक्षा चुनौती कहा था, वही नक्सलवाद दम तोड़ रहा है। नक्सलियों ने नेपाल के पशुपति से आंध्र प्रदेश के तिरुपति तक एक रेड कॉरिडोर स्थापित करने की योजना बनाई थी। 2013 में लगभग 126 जिलों में नक्सली सक्रिय थे, मार्च 2025 तक यह संख्या घटकर केवल 18 रह गई। इसमें भी केवल 6 जिलों को ही 'सबसे अधिक प्रभावित' श्रेणी में रखा गया है। गृह मंत्रालय के आंकड़ों से पता चलता है कि 2010 में नक्सली हिंसा की 1,936 घटनाएं हुईं, जो 2024 में घटकर सिर्फ 374 रह गईं, मतलब 81 प्रतिशत की गिरावट। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ऐलान किया था कि सरकार मार्च 2026 तक भारत से नक्सलवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस लक्ष्य को तब बल मिला जब छत्तीसगढ़ में एक मुठभेड़ में कम से कम 27 नक्सलवादी मारे गए, जिनमें टॉप नक्सली नेता नंबाला केशवराव उर्फ बसवराजू भी शामिल है, जिसपर 1.5 करोड़ रुपये का इनाम था। पिछले 20 महीनों में नक्सलवादी मूवमेंट को पहले ही कई बड़े झटके लग चुके हैं। 450 से ज्यादा नक्सली मारे जा चुके हैं। एक समय था जब बीजापुर और दंतेवाड़ा जैसे जिलों में हालात इतने खतरनाक थे कि हमलों से बचने के लिए किसी भी अभियान से पहले रोड ओपनिंग पार्टी भेजनी पड़ती थी। इन इलाकों में हर वक्त बम धमाके या अचानक गोलीबारी का खतरा मंडराता रहता था। इसके कारण सुरक्षाबल रक्षात्मक होकर अपने शिविरों तक सिमट गए। सुरक्षाबलों का अपना मनोबल तो कमजोर हुआ ही, लोगों का उन पर भरोसा भी डगमगाया। पिछले एक दशक में मिली सफलता का श्रेय सुरक्षा रणनीति के साथ ही विकास योजनाओं में आई तेजी को भी जाता है। सरकार ने लक्षित विकास योजनाएं चलाईं, जिनसे लोगों का भरोसा दोबारा जीता जा सका। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कामों ने स्थानीय लोगों के दिलों में जगह बनाई है। वहीं, 'रोशनी योजना' ने आदिवासी युवाओं को कौशल विकास और रोजगार प्राप्त करने में मदद की है, जिसने नक्सलवाद की कमर तोड़ दी। अब जरूरत बस इस बात की है कि सरकार इन क्षेत्रों में रोजगार और विकास के की गति को बनाए रखें। वो दिन दूर नहीं, जब नक्सलवाद केवल इतिहास के पन्नों में ही रह जाएगा।

नवरात्रि विशेष

डॉ. सूर्यकांत मिश्रा



# मातृशक्ति के जीवनचक्र का प्रतिबिंब है नवरात्रि पर्व

नवरात्रि केवल देवी पूजा का पर्व ही नहीं है , बल्कि यह एक ऐसा समय है जब व्यक्तिगत जीवन में आने वाले परिवर्तनों को सकारात्मक रूप से अपनाने, व्यक्तिगत बाधाओं को दूर करने और एक बेहतर व्यक्ति बनने का दृढ़ निश्चय करता है, जिसे संकल्प कहा जाता है। नवरात्रि देवी मां के सम्मान में हमारे देश में मनाए जाने वाले सारे पर्वों में मुख्य पर्व माना जाता है। यह एक विशेष पर्व है जिसमें पारंपरिक पूजन, नृत्य व संगीत सभी शामिल रहते हैं। नवरात्रि का वास्तविक अर्थ है - हमारे जीवन के सभी तीन तत्वों को नौ दिनों तक विश्राम देना। नवरात्रि के पहले तीन दिन 'तामसिक दिन' होते हैं । उसके बाद 'राजसिक दिन' आते हैं और अंत के तीन दिन 'सात्विक दिन' होते हैं । हर दिन का अपना विशेष महत्व होता है। पूरे नौ दिन यज्ञ, पूजा और होम किए जाते हैं। अग्नि को अर्पित की जाने वाली सामग्री में विभिन्न जड़ी-बूटी, फल, वस्त्र और मंत्र शामिल होते हैं, जो मुग्ध कर देने वाले तेजोमय दैवीय वातावरण का निर्माण करते हैं। नवरात्रि की शुरुआत सर्वप्रथम मन की अशुद्धियों को दूर करने के लिए मां दुर्गा के आह्वान के रूप में की जाती है। कहा जा सकता है कि पहला कदम - लालसा, द्वेष, दंभ, लोभ आदि प्रवृत्तियों पर विजय पाना होता है। इसके पश्चात उत्कृष्ट मूल्यों व गुणों और समृद्धि को विकसित करने के लिए मां लक्ष्मी का आह्वान किया जाता है । अंत में आत्म के सर्वोच्च ज्ञान की प्राप्ति हेतु मां सरस्वती का आव्हान किया जाता है। नवरात्रि जैसे परम कल्याणकारी पर्व को मनाने का उद्देश्य जड़ता से प्रसन्नता की ओर, कामना से तृप्ति की ओर अग्रसर होना ही है । जिस प्रकार हम प्रतिदिन रात्रि के समय विश्राम करते हैं, ठीक उसी तरह भारतीय संस्कृति के अनुसार वर्ष में दो बार ध्यान साधना के द्वारा गहरे विश्राम में जाने और स्वयं का पुनर्नवीनीकरण करने की परंपरा है। नवरात्रि के पहले तीन दिन देवी दुर्गा की पूजा के लिए समर्पित होते हैं। यह पूजा अपनी ऊर्जा और शक्ति द्वारा की जाती है। नवरात्रि के चौथे-पांचवें प्रत्येक दिन मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूप को समर्पित हुआ करता है। नवरात्रि के चौथे ,पांचवें और छठवें दिन समृद्धि को समर्पित और शांति की देवी लक्ष्मी की पूजा लिए समर्पित होते हैं। मां लक्ष्मी की पूजा से व्यक्ति अहंकार, क्रोध , वासना और अन्य पशु प्रवृत्ति की बुरी चीजों से छुटकारा पाने का संकल्प लेता है। शक्ति और धन से परिपूर्ण होने के बावजूद मानव जीवन जीने के लिए ज्ञान आवश्यक है। यही कारण है कि नवरात्रि के पांचवें दिन देवी सरस्वती की पूजा की जाती है। सातवें , आठवें और नवें दिन आध्यात्मिक ज्ञान के उद्देश्य से मां से प्रार्थना की जाती है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण नवमी तिथि पर उन 9 लड़कियों की पूजा की जाती है , जो अभी तक अपनी युवावस्था में नहीं पहुंची हैं। ऐसा माना जाता है कि यही 9 लड़कियां मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का प्रतीक हैं। हिंदू दर्शन में नवरात्रि काल को शक्ति संचय की दृष्टि से अति विशिष्ट माना जाता है। विशिष्ट साधना काल में साधक आदि शक्ति की उपासना के साथ नारी शक्ति की गरिमा को साकार रूप प्रदान करता है। भारतीय संस्कृति में नारी को प्राचीन काल से ही सम्मान और सुरक्षा दी गई है, हमारे पौराणिक एवं महाकाव्यात्मक ऐतिहासिक शास्त्रों में ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं। नवरात्र में मां दुर्गा की आराधना मातृशक्ति के प्रति सनातन परंपरा के सम्मान का प्रतीक मानी जाती है। यह केवल उपवास और व्रत का पर्व नहीं बल्कि नारी शक्ति एवं कन्याओं के सम्मान का भी महापर्व है। वास्तव में देखा जाए तो नवदुर्गा एक स्त्री के पूरे जीवन चक्र का प्रतिबिंब है। हम जिन 9 स्वरूपों की पूजा करते हैं उन सभी का स्वरूप नारी के बाल स्वरूप से युवावस्था तक के पौराणिक कथानकों का चित्रण कहा जा सकता है। जन्म ग्रहण करती हुई कन्या को शैलपुत्री के रूप में पूजा जाता है। कौमार्य अवस्था ब्रह्मचारिणी का स्वरूप हुआ करता है। एक युवती विवाह से पूर्व तक चंद्रमा के समान निर्मल होने के कारण चंद्रघंटा का रूप ग्रहण करती है। जब वही युवती नए जीव को जन्म देने के लिए गर्भधारण करती है ,तो कुष्मांडा के रूप में पूजी जाती है। संतान को जन्म देने के बाद वही स्त्री अब स्कंदमाता हो जाती है। संयम और साधना को धारण करने वाली स्त्री कात्यायनी रूप में दर्शन देती है। अपने संकल्प से पति की अकाल मृत्यु को भी जीत लेने से वही कालरात्रि रूप में पूजी जाती है। संसार जिसे मां ,अपना कुटुंब मानती है, सभी पर उपकार करने से महागौरी का रूप प्राप्त करती है और धरती को छोड़कर स्वर्ग प्रयत्न करने से पहले संसार में अपनी संतान को सिद्धि का आशीर्वाद देने वाली मां सिद्धिदात्री कहलाती है । अतः हम कह सकते हैं कि प्रत्येक स्त्री अपने आप में कही ना कहीं मां जगदंबे का ही प्रतिबिंब है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



वक्फ कानून

राजेश माहेश्वरी

# सर्वोच्च अदालत का संवेदनशील प्रयास

> वक्फ संशोधन कानून, 2025 पर सर्वोच्च अदालत ने रोक लगाने से साफ इनकार कर दिया, क्योंकि उसका कोई संवैधानिक आधार नहीं था, लेकिन कानून के कुछ विवादित प्रावधानों पर रोक जरूर लगाई है, क्योंकि वे संविधान की हदें लांघते नजर आए और धार्मिक स्वतंत्रता छिनती भी लगी। भारत में रेलवे और रक्षा मंत्रालय के बाद सबसे ज्यादा जमीन वक्फ बोर्ड के पास है। दरअसल, वक्फ की बेशुमार संपत्तियों पर जो अवैध कब्जे हैं, जो धांधलियां निहित हैं, जो पारदर्शिता और प्रबंधन नहीं है, क्या उन्हें इसलिए छोड़ दिया जाए कि वे मुसलमानों से जुड़ी हैं। सरकार के दायित्व सर्वधर्मा होते हैं। विसंगतियां समाप्त होनी चाहिए, भ्रष्टाचार का खात्मा किया जाना चाहिए।

वक्फ संशोधन कानून, 2025 पर सर्वोच्च अदालत ने रोक लगाने से साफ इनकार कर दिया, क्योंकि उसका कोई संवैधानिक आधार नहीं था, लेकिन कानून के कुछ विवादित प्रावधानों पर रोक जरूर लगाई है, क्योंकि वे संविधान की हदें लांघते नजर आए और धार्मिक स्वतंत्रता छिनती भी लगी। भारत में रेलवे और रक्षा मंत्रालय के बाद सबसे ज्यादा जमीन वक्फ बोर्ड के पास है। करीब 9.4 लाख एकड़, इतनी जमीन में दिल्ली जैसे 3 शहर बस जाएं। इसी वक्फ बोर्ड से जुड़े एक्ट में बदलाव को लेकर विपक्ष के नेता और मुसलमानों का एक बड़ा तबका लगातार विरोध कर रहा है। शीर्ष अदालत ने व्यक्ति के संपत्ति अधिकारों का फैसला करने का अधिकार कलेक्टर को नहीं दिया, लिहाजा कानून में कलेक्टर की भूमिका को सीमित कर दिया गया। सबसे महत्वपूर्ण न्यायिक समीक्षा यह रही कि अदालत ने 5 साल से मुस्लिम होने की शर्त पर रोक लगा दी। न्यायिक पीठ ने कहा कि जब तक राज्य सरकारें इस संदर्भ में कोई नियम-कानून नहीं बना लेतीं कि कोई व्यक्ति मुस्लिम है या नहीं, तब तक तत्काल प्रभाव से इस प्रावधान पर रोक लगाई जाती है।

शीर्ष अदालत ने यह भी तय कर दिया कि राज्य के वक्फ बोर्ड परिषद में अधिकतम 3 और केंद्रीय परिषद में अधिकतम 4 गैर-मुस्लिम सदस्य होंगे। वक्फ बोर्ड का सीईओ भी यथासंभव मुसलमान होना चाहिए। सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण का प्रावधान 1995 और 2013 के कानूनों में भी था और अब फिर से लागू किया गया है। इस पर रोक नहीं लगाई जा सकती। वक्फ ट्रिब्यूनल के फैसले के बिना किसी संपत्ति को वक्फ घोषित नहीं किया जा सकता और न ही राजस्व रिकॉर्ड में कोई बदलाव किया जा सकता है। ऐसी न्यायिक समीक्षा के साथ प्रधान न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस जॉर्ज मसीह की पीठ ने वक्फ संशोधन कानून पर अस्थायी और शुरुआती विचार दिया है। यह सर्वोच्च अदालत का अंतरिम फैसला है। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस गवई के अनुसार, यह अंतिम निष्कर्ष नहीं है। फिलहाल हमने इतना ही देखा है कि क्या कानून अथवा उसकी किसी धारा पर तुरंत रोक लगाई जाए अथवा नहीं? बहरहाल अंतरिम निष्कर्ष से ही सत्ता और विपक्ष दोनों संतुष्ट हैं और अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं, लेकिन जिन आधारों पर 20 से अधिक याचिकाएं दाखिल की गई थीं, उन पर शिकायतकर्ताओं को हताशा मिली है। यह न्यायिक निष्कर्ष किसी के भी गाल पर तमाचा नहीं है, बल्कि अदालत की सोच रही है कि देश में अमन-चैन, भाईचारा बना रहे। सांप्रदायिक तनाव के हालात न बनें। यह फैसला संसदीय लोकतंत्र के हित में है। संसद के फैसले पर ही अदालत ने बुनियादी मुहर लगाई है। संसद की सर्वोच्चता को लांघा नहीं जा सकता, अदालत ने अपने निष्कर्ष में परोक्ष रूप से यह माना भी है। कानून के विपक्षियों की दलीलें थीं कि वक्फ संशोधन कानून से संविधान के अनुच्छेदों-14, 15, 25, 26, 29, 30 और 300-ए का उल्लंघन होगा, लिहाजा यह कानून संवैधानिक कैसे हो सकता है? न्यायिक पीठ ने इन दलीलों को खारिज करते हुए संशोधित कानून को बरकरार रखा है। विपक्ष ने यहां तक आरोप लगाए कि सरकार मुसलमानों की मस्जिदें, ईदगाह, उनके कब्रिस्तानों की जमीनों पर कब्जा करके अपने 'मित्र




उद्योगपतियों' को सौंपने की मंशा रखती है। अदालत में इन आरोपों का क्या हुआ? अब भी अदालत के सामने यह मामला है। आगे जब सुनवाई शुरू होगी, तो विपक्ष के वकील दलीलें दे सकते हैं, क्योंकि देश जानना चाहता है कि इन सांप्रदायिक आरोपों की बुनियाद क्या थी। मुस्लिम नेताओं, मौलवियों, मुफ्तियों, इमामों आदि ने नौजवान मुसलमानों के लिए बेहद उत्तेजक आह्वान किए कि वे राजधानी दिल्ली में लामबंद हों और सरकार को अपनी ताकत दिखाएं। क्या वाकई ऐसी नौबत आ गई थी? बहरहाल, सत्तारूढ़ भाजपा इस बात से राहत महसूस कर रही है कि अब इस अधिनियम को असंवैधानिक घोषित किए जाने का खतरा नहीं है। जबकि कांग्रेस का दावा है कि इस कानून के पीछे विभाजनकारी एजेंडा उजागर हुआ है। दरअसल, सरकार ने अप्रैल में लागू किए इस कानून को देशभर में वक्फ संपत्तियों के प्रशासन के लिए एक 'धर्मनिरपेक्ष, पारदर्शी और जवाबदेह' व्यवस्था स्थापित करने के उद्देश्य से लागू करने की बात कही थी। निस्संदेह, वक्फ बोर्डों पर वर्षों से लग रहे भ्रष्टाचार, कुप्रबंधन, अतिक्रमण, संपत्ति की अवैध बिक्री और हस्तांतरण आदि के आक्षेपों को देखते हुए, प्रशासन में सुधार के लिए नियंत्रण और संतुलन स्थापित करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है। हालांकि, विपक्ष और कुछ मुस्लिम संगठनों को यह आशंका रही है कि तथाकथित सुधारों का दुरुपयोग वक्फ मामलों में हस्तक्षेप करने और यहां तक कि संपत्तियों को जब्त करने के लिए किया जा सकता है। उनकी दृष्टि में एक विवादास्पद प्रावधान केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्डों में गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करने से संबंधित रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने ऐसे सदस्यों की संख्या को सीमित करने का प्रयास किया है। कहा गया कि कानून में पर्याप्त सुरक्षा उपाय होने चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अल्पसंख्यक समुदाय के अधिकारों का उल्लंघन न हो सके। बहरहाल, इस मुद्दे पर विपक्ष व कुछ मुस्लिम संगठनों के विरोध का जो आधार रहा है, उन मुद्दों को संवेदनशील ढंग से संबोधित करने का प्रयास शीर्ष अदालत ने किया है। अदालत ने विधायिका की सीमाओं में हस्तक्षेप किए बिना न्यायिक तार्किकता को प्राथमिकता दी है। कोर्ट के इस फैसले से ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड संतुष्ट नहीं है. मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने इसी के चलते प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने दिल्ली के जंतर मंतर पर 24 सितंबर को धरना देने और गिरफ्तारी देने का ऐलान किया है। साथ ही बोर्ड ने मुसलमानों से अपील की है कि 26 सितंबर को सभी मुसलमान अपने ऑफिस और दुकानों को सुबह 8 बजे से 2 बजे तक बंद रखें। असल में जब मामला अदालत में है तो ऐसे में धरना, प्रदर्शन और रैलियां करके मुस्लिम धर्मगुरु या नेता क्या संदेश देना चाहते हैं। क्या ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड खुद को सुप्रीम कोर्ट से ऊपर समझता है। अहम सवाल है कि भारत में 8.72 लाख से अधिक वक्फ संपत्तियां हैं, जो दुनिया में सर्वाधिक हैं, फिर भी औसत मुसलमान गरीब, असहाय, अनपढ़ क्यों है? यह सवाल तो 'सच्चर कमेटी' की रपट में भी उठाया गया था। सवाल यह भी है कि वक्फ ट्रिब्यूनल में आज भी 14,417 विवादित केस क्यों लंबित हैं? न्यायिक पीठ ने 'वक्फ बाय यूजर' के स्थान पर भविष्य में 'वक्फ बाय ऑनर' का फैसला क्यों दिया है? दरअसल, वक्फ की बेशुमार संपत्तियों पर जो अवैध कब्जे हैं, जो धांधलियां निहित हैं, जो पारदर्शिता और प्रबंधन नहीं है, क्या उन्हें इसलिए छोड़ दिया जाए कि वे मुसलमानों से जुड़ी हैं। सरकार के दायित्व सर्वधर्मा होते हैं। विसंगतियां समाप्त होनी चाहिए, भ्रष्टाचार का खात्मा किया जाना चाहिए।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## ईश्वर के उपकारों का सिलसिला अनंत



संकलित

दर्शन

किसी संकट एवं कष्ट के समय हर क्षण हमारी जिह्वा पर प्रभु का नाम होता है। मन, कर्म एवं वचन से भी हमें उनके अनुनय-विनय की मुद्रा में ही रहते हैं। फिर एक दिन जब हम प्रभु की अनुकंपा से उन बुरे दिनों की चपेट से उबर जाते हैं तो उन्हें भूल जाते हैं। इस प्रकार जन्म से लेकर आज तक हमारे ऊपर ईश्वर के ऐसे उपकारों का सिलसिला अनंत है। प्रभु के उपकार रूपी ऋण से उऋण होना हम मनुष्यों के लिए जीवनपर्यत असंभव है। धन्य हैं वे करुणानिधान, जिन्होंने विशेष कृपा कर हमें बनाया। हाथ, कान, नाक, पांव, बुद्धि एवं घ्राण क्षमता-सब कुछ कार्योपयोगी। यदि वह एकाध अंग-उपांग से अथवा अनेक जीवनोपयोगी शारीरिक क्षमताओं से वंचित कर विपरीत परिस्थितियों में जन्म दे देते तब भी हमें जीवन जीना ही पड़ता। तो क्या फिर हम अपनी शक्ति एवं सामर्थ्य पर इतना इतरा पाते? बिल्कुल नहीं। तब पल-पल संघर्ष एवं परिश्रम कर सब कुछ डोलना ही होता। प्रभु ने कुछ तो समझ-बूझकर हम मनुष्यों को जीवन की ये तमाम अनुकूलताएं दी होंगी। भगवान ने इतनी सुविधाएं दीं तो बदले में हमने क्या विलक्षण किया? वास्तव में ईश्वर ने हमें ये सारी अनुकूलताएं एवं सुविधाएं कुछ विशेष कार्य करने के लिए दी हैं, न कि केवल व्यर्थ में कुछ विशेष होने-समझने के लिए। समस्या यह है कि औरों के कल्याण एवं हित के लिए प्रभु-दरबार से अनुकंपा पर मिली वस्तुओं को हमने भूलवश नितांत अपना ही समझ लिया।

## सेवा का समर्पण भाव



संकलित

प्रेरणा

एक बार एक राजा भोजन कर रहा था, अचानक खाना परोस रहे सेवक के हाथ से थोड़ी सी सब्जी राजा के कपड़ों पर छलक गई। राजा की त्यौरियां चढ़ गयीं। जब सेवक ने यह देखा तो वह थोड़ा घबराया, लेकिन कुछ सोचकर उसने प्याले की बची सारी सब्जी भी राजा के कपड़ों पर उड़ेल दी। अब तो राजा के क्रोध की सीमा न रही। उसने सेवक से पूछा, तुमने ऐसा करने का दुस्साहस कैसे किया? सेवक ने अत्यंत शांत भाव से उत्तर दिया, महाराज! पहले आपका गुस्सा देखकर मैनें समझ लिया था कि अब जान नहीं बचेगी। लेकिन फिर सोचा कि लोग कहेंगे की राजा ने छोटी सी गलती पर एक बेगुनाह को मौत की सजा दी। ऐसे में आपकी बदनामी होती। तब मैनें सोचा कि सारी सब्जी ही उड़ेल दूं। ताकि दुनिया आपको बदनाम न करे। और मुझे ही अपराधी समझे। राजा को उसके जबाव में एक गंभीर संदेश के दर्शन हुए और पता चला कि सेवक भाव कितना कठिन है। जो समर्पित भाव से सेवा करता है उससे कभी गलती भी हो सकती है फिर चाहे वह सेवक हो, मित्र हो, या परिवार का कोई सदस्य, ऐसे समर्पित लोगों की गलतियों पर नाराज न होकर उनके प्रेम व समर्पण का सम्मान करना चाहिए। बिना सोचे समझे पहले ही किसी पर अपनी नाराजगी जाहिर करना ठीक नहीं।

## सटाका




## आज की पाती

### कंप्यूटर शिक्षा वैकल्पिक नहीं, अनिवार्य हो

आधुनिक युग में कंप्यूटर जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। हर काम कंप्यूटर से किया जाता है और आसान हो गया है। दूरसंचार हो या बिजनेस शिक्षा हो या खेलकूद विज्ञान, बैंकिंग हो या मनोरंजन। हर जगह कंप्यूटर का उपयोग हो रहा है। नई-नई खोजें कंप्यूटर के माध्यम से हो रही हैं। व्यापार कंप्यूटर के माध्यम से हो रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और रोबोटिक्स ने चिकित्सा के क्षेत्र में नए आयाम कायम किए हैं। आज हमारे वैज्ञानिक चांद और मंगल ग्रह पर पहुंच गए हैं। यह भी कंप्यूटर के माध्यम से संभव हो पाया है। सूचनाओं का आदान-प्रदान कंप्यूटरों के माध्यम से हो रहा है। इंटरनेट के माध्यम से हम किसी भी विषय की जानकारी ले सकते हैं।

**-अमित देवांगन**, कुम्हारी

## ट्रेंड

### कदम्ब का पौधा



आज सुबह, 7, लोक कल्याण मार्ग पर एक कदम्ब का पौधा लगाया, जो महामहिम राजा चार्ल्स तृतीय द्वारा उपहार में दिया गया था। वे पर्यावरण और स्थिरता के प्रति बहुत समर्पित हैं, और यह विषय हमारी चर्चाओं में भी शामिल होता है।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### गहरी संवेदनाएं व्यक्त



प्रसिद्ध गायक, गीतकार, संगीतकार और ज़ुबीन गर्ग के सिंगापुर में एक दुर्घटना में असामयिक निधन से मैं स्तब्ध हूँ। 'असम की आवाज़' के रूप में प्रशंसित, कई भारतीय भाषाओं में उन्होंने अपनी आवाज़ से लोगों को मंत्रमुग्ध किया। मैं अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूँ।

**- मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

### छात्र शक्ति की विजय



दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव में 4 में से 3 पदों पर एबीवीपी की शानदार जीत छात्र राजनीति में नई ऊर्जा और नई दिशा का प्रतीक है। यह केवल एक संगठन की नहीं, बल्कि राष्ट्रवाद और छात्र शक्ति की ऐतिहासिक विजय है।

**- मनोज तिवारी, सांसद, भाजपा**

### सामुदायिक संसाधन




पानी कोई व्यक्तिगत संसाधन नहीं है। यह सामुदायिक संसाधन है। यह किसी एक व्यक्ति का नहीं हो सकता। हमें पानी की पूजा करनी चाहिए, न कि उसे सिर्फ़ अपने शौचालयों में बहा देना चाहिए।

**- शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर

### 'हे भगवान, अब हमारे देश का क्या होगा ?'

अमेरिका की पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अपनी नयी किताब में बताया कि जब उन्हें 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप से हारने की खबर मिली तो उन्हें इस पर यकीन नहीं हुआ। किताब में बताया गया है कि हार की खबर मिलने के बाद हैरिस की एक सहयोगी ने कपकेक पर लिखे वाक्यांश ''मैडम प्रेसिडेंट'' को हटाया और उन्हें वहां निराश कर्मचारियों में बांट दिया। खबर सुनकर हैरिस ने कहा, ''हे भगवान, अब हमारे देश का क्या होगा?'' अगले दिन भी वह सदमे में रहीं और इस खबर को स्वीकार नहीं कर पा रही थीं। हैरिस ने अपनी किताब ''107 डेज़'' में ये वाकये बताए हैं जिसका मंगलवार को विमोचन होगा। किताब का शीर्षक राष्ट्रपति चुनाव के लिए चलाए गए उनके अभियान की ओर इशारा करता है। इसमें उन्होंने अपनी गलतियों को स्वीकार किया है, अपनी नाराजगियां उजागर की हैं और कई अजीब क्षणों का जिक्र किया है। हैरिस लिखती हैं कि 81 वर्ष की उम्र में बाइडन थक गए थे और चुनाव संबंधी बहस के दौरान उनकी यह स्थिति साफ झलक रही थी। फिर भी उनकी टीम 'जो बाइडन जीतो' जैसे नारे देती रही। हैरिस ने माना कि कभी-कभी उनके और बाइडन के रिश्तों में खटास भी आयी। किताब में हैरिस अपनी कुछ गलतियों को स्वीकार करती हैं, खासकर 'द व्यू' टॉक शो में अपनी एक खराब उपस्थिति को लेकर।



## ऑफ बीट

### क्या सार्वजनिक शौचालय का इस्तेमाल करना सुरक्षित है

स्वस्थ वयस्क प्रतिदिन एक लीटर से ज़्यादा मूत्र और 100 ग्राम से ज़्यादा मल त्यागते हैं। हर कोई मल और मूत्र में बैक्टीरिया और वायरस छोड़ता है, और इनमें से कुछ शौचालय में पहुँच जाते हैं। कुछ लोग, खासकर दस्त से पीड़ित लोग, शौचालय का इस्तेमाल करते समय ज़्यादा हानिकारक रोगाणु (बैक्टीरिया और वायरस) छोड़ सकते हैं। सार्वजनिक शौचालय /"सूक्ष्मजीवों का ढेर/" हो सकते हैं, विशेषकर तब जब बहुत से लोग उनका उपयोग करते हैं और उनकी सफाई उतनी बार नहीं होती जितनी होनी चाहिए। टॉयलेट सीट पर कौन से कीटाणु पाए जाते हैं? टॉयलेट सीट और उसके आस-पास कई तरह के रोगाणु पाए गए हैं। इनमें शामिल हैं: आंत के बैक्टीरिया, जैसे ई. कोलाई, क्लेबसिएला, एंटरोकोकस, और नोरोवायरस व रोटावायरस जैसे वायरस। ये गैस्ट्रोएंटेराइटिस, उल्टी और दस्त का कारण बन सकते हैं। त्वचा के बैक्टीरिया, जिनमें स्टैफिलोकोकस ऑरियस और यहाँ तक कि बहु-दवा प्रतिरोधी एस. ऑरियस और स्यूडोमोनास व एसिनेटोबैक्टर जैसे अन्य बैक्टीरिया संक्रमण का कारण बन सकते हैं। मल में मौजूद परजीवियों (कीड़ों) के अंडे और प्रोटोज़ोआ जैसे एक कोशिकीय जीव भी संक्रमण और पेट दर्द का कारण बन सकते हैं।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# देश और जनता की सेवा के लिए समर्पित है पीएम मोदी का पूरा जीवन: डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सेवा पखवाड़े के तहत गुरुवार को भोपाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित लघु फिल्म 'चलो जीते हैं' को प्रदेश शासन के मंत्रियों, पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और आमजन के साथ देखा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पूरा जीवन ही राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ देश और जनता की सेवा के लिए समर्पित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खदान से निकले हुए कोहिनूर हीरे की तरह वैश्विक मंच पर चमक रहे हैं। उन्होंने बचपन में कई संघर्षों से जूझकर आगे बढ़े।

## मुख्यमंत्री ने सेवा पखवाड़े के तहत पीएम के जीवन पर आधारित लघु फिल्म 'चलो जीते हैं' देखी

## प्रदेश शासन के मंत्रियों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और आमजन ने भी देखी लघु फिल्म



### यह भी रहे उपस्थित

आयोजन में प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग, कृष्णा गौर, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष व सांसद आलोक शर्मा, सीमा सिंह, प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, प्रदेश महामंत्री रणवीर सिंह रावत, विधायक रामेश्वर शर्मा, महापौर मालती राय, प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, पूर्व मंत्री व प्रदेश प्रवक्ता अर्चना चिटनीस, प्रदेश प्रवक्ता राजपाल सिंह सिसौदिया, अजय यादव, जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति सहित पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री का पूरा जीवन ही अनुकरणीय

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री का पूरा जीवन ही अनुकरणीय है। देश और जनता की सेवा कैसी करनी चाहिए यह भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री के जीवन से सीखना चाहिए। एक डॉक्यूमेंट्री में प्रधानमंत्री के जीवन को दिखाया गया कि कैसे गरीब घर का बेटा भारत माता की सेवा के लिए पूरा जीवन समर्पित कर दिया है।

**भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री के जीवन से सीखना चाहिए जनसेवा कार्य**

### प्रधानमंत्री मोदी भारत का मान-सम्मान बढ़ा रहे हैं, पूरा देश पीएम पर गौरवान्वित: सीएम

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जिस तरह कोयले की खदान से हीरा निकालना बहुत कठिन होता है, लेकिन जब हीरा निकलकर चमकता है तो खदान धन्य हो जाती है। उसी प्रकार जब एक व्यक्ति गरीबी, कठिन परिस्थितियों, संघर्षों से निकलकर आज विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता के रूप में वैश्विक पटल पर भारत का मान सम्मान बढ़ा रहे हैं तब पूरा देश ऐसे प्रधानमंत्री पर गौरवान्वित है। भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री के जीवन से सीखना चाहिए कि कैसे कठिन परिस्थितियों में एक व्यक्ति अपनी मेहनत, लगन, निष्ठा और ईमानदारी से आगे बढ़ते हुए भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रित देश का नेतृत्व कर रहे हैं। प्रधानमंत्री का 75वां जन्मदिन पूरा देश मना रहा है। हम सभी भाजपा कार्यकर्ता उनके जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा मना रहे हैं। सेवा पखवाड़े के तहत ही प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पर आधारित लघु फिल्म "चलो जीते हैं" को आज कार्यकर्ताओं के साथ देखा है। हम सबकी कामना है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत दुनिया का सिरमौर बने।*

---

सीएम डॉ. यादव ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन

# मुख्यमंत्री ने कटनी जिले को दी 233 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

**कहा, मिलने वाला है सोना, कटनी बनेगा कनकपुरी**

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज कटनी के जनजातीय क्षेत्र को 233 करोड़ से अधिक लागत के विकास कार्यों की सौगात मिल रही है। पिछले दिनों माइनिंग कॉन्क्लेव के माध्यम से कटनी जिले में 56 हजार करोड़ रुपए का निवेश आया है। कटनी में कोयला, लाइमस्टोन और क्रिटिकल मिनरल्स का भंडार है। अब यहां सोना भी मिलने वाला है।

कटनी कनकपुरी बनेगा। साथ ही प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने कहा कि पन्ना में हीरा पहले ही मिल रहा है। यह पूरा क्षेत्र विकास की नई इबारत लिखेगा। डॉ. यादव ने बताया कि राज्य सरकार ने पीपीपी मॉडल पर प्रदेश में 4 नए मेडिकल कॉलेज निर्माण के लिए स्वीकृति दी है, इनमें से एक कटनी में बनेगा और शीघ्र ही जिले को मेडिकल कॉलेज की सौगात मिलेगी। मुख्यमंत्री गुरुवार को कटनी के बड़वारा में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

**कटनी देश की अर्थव्यवस्था में योगदान देने वाला जिला**

**शीघ्र ही जिले को मेडिकल कॉलेज की मिलेगी सौगात**



### मुख्यमंत्री ने किया दो सांदीपनि विद्यालयों का लोकार्पण



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कटनी में 2 सांदीपनि विद्यालयों का लोकार्पण कर विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सांदीपनि विद्यालयों के भवन और सुविधाएं देखकर प्राइवेट स्कूल वाले भी दंग रह जाते हैं। देश के किसी राज्य में इतने अच्छे स्कूल नहीं बने जैसे सांदीपनि विद्यालय मध्यप्रदेश में बने हैं। पहले स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की कल्पना करना भी मुश्किल था, अब बड़वारा में दिल्ली, मुंबई जैसे शहरों की तरह स्कूल बनकर तैयार हो चुका है। डॉ यादव ने कहा कि विद्यार्थी सांदीपनि आश्रम से शुरू हुई भगवान श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता का अनुसरण करें। डॉ. यादव ने क्षेत्रीय मांग पर दतला एवं सागौना जलाशय नहर के मरम्मत एवं गहरीकरण, बेलकुंड नदी पर स्थित गर्रा घाट पुल की ऊंचाई बढ़ाने के साथ ही खरहटा महानदी के जल लिफ्ट इरीगेशन के कार्यों को मंजूरी दी। मुख्यमंत्री ने विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं में हितलाभ वितरित किए।

### देश का पैसा देश में रहे, इसके लिए स्वदेशी अपनाएं

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छोटे दुकानदार और व्यापारियों को प्रोत्साहन देने का नागरिकों से आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए स्वदेशी को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। देश का पैसा देश में रहे, इसके लिए नवरात्रि, दशहरा, दिवाली की खरीदारी में स्वदेशी को अपनाएं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लाड़ली बहनों को दीपावली के बाद हर महीने 1500 रुपए राशि देगी। धीरे-धीरे इसे 3000 तक लेकर जाएंगे। स्कूल शिक्षा एवं प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि आज बड़वारा को बच्चों के स्वर्णिम भविष्य के लिए सांदीपनि स्कूल का तोहफा मिला है। कार्यक्रम के पहले मुख्यमंत्री डॉ यादव ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान अंतर्गत रूद्राक्ष, सप्तपर्णी, शमी, आंवाला और मोलश्री के पौधे रोपे। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई हितग्राहीमुखी योजनाओं पर केन्द्रित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।*

---

'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान

## मुख्यमंत्री ने कहा, मध्य प्रदेश रक्तदान और सिकल सेल स्क्रीनिंग में देश में अग्रणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर को मध्यप्रदेश ने एक ही दिन में 14 हजार 573 यूनिट स्वैच्छिक रक्तदान और 20 हजार 379 हितग्राहियों की सिकलसेल स्क्रीनिंग कर पूरे देश में पहला स्थान प्राप्त किया है।

यह मातृ शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए समस्त स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, समाजसेवियों और नागरिकों की जागरूकता और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम वर्तमान में प्रथम स्थान पर हैं और इस स्थान को बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए आवश्यक है कि स्वास्थ्य कार्यकर्ता, स्वयंसेवी संस्थाएं, जनप्रतिनिधि और आमजन सभी मिलकर निरंतर और समन्वित प्रयास करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के नागरिकों, महिलाओं, बालिकाओं और अभिभावकों से अपील की है कि 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान से जुड़ी सेवाओं और शिविरों का अधिक से अधिक लाभ लें। उन्होंने कहा कि दृढ़ संकल्प और समेकित प्रयास से हम स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर सुधार करते हुए मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) और शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) के सूचकांकों सहित स्वास्थ्य स्थिति में देश के अग्रणी प्रदेश बनेंगें। भारत सरकार की राज्यवार दैनिक रिपोर्ट 17 सितंबर के अनुसार मध्यप्रदेश 20 हजार 379 सिकल सेल स्क्रीनिंग के साथ पहले स्थान पर रहा। इसके बाद ओड़िशा 10 हजार 851 और महाराष्ट्र 10 हजार 821 स्क्रीनिंग कर दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे।

---

छत्तीसगढ़ में करोड़ों की जीएसटी चोरी का खुलासा

# 170 से अधिक बोगस फर्म बनाकर जालसाजी, राज्य को प्रतिमाह करोड़ों रुपए के कर राजस्व का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राज्य जीएसटी विभाग ने जीएसटी एनालिटिक्स और इंटेलिजेंस नेटवर्क तथा जीएसटी प्राईम पोर्टल का उपयोग करके बोगस फर्म और बोगस बिल तैयार करने वाले सिंडिकेट का पता लगाया है। इसका मास्टर माइंड मो. फरहान सोरठिया है, जो जीएसटी के कर सलाहकार के रूप में कार्य करता था। इस सिंडिकेट के कारण राज्य को प्रतिमाह करोड़ों रुपए के कर राजस्व का नुकसान होता था।

राज्य जीएसटी की बीआईयू टीम इस प्रकरण पर एक माह से कार्य कर रही थी। मास्टर माइंड मो. फरहान सोरठिया के ऑफिस में 12 सितंबर को जांच की गई। जांच के दौरान यहां से 172 फर्मों के बारे में जानकारियां मिली। फरहान ने अपने 5 ऑफिस स्टॉफ को फर्मों का पंजीयन कराने, रिटर्न फाइल करने और ई-वे बिल तैयार करने के लिए रखा था। इसके अलावा मास्टर माइंड के ऑफिस से बोगस पंजीयन के लिये किरायानामा, सहमति पत्र, एफिडेविट तैयार करने के भी साक्ष्य मिले हैं।

### ऐसा किया राजस्व का नुकसान

मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी ने 26 बोगस फर्मों से ही 822 करोड़ का ई-वे बिल जनरेट किया, जबकि रिटर्न में 106 करोड़ रुपए का ही टर्नओवर दिखाया गया है। केवल इन फर्मों से ही राज्य को 100 करोड़ रुपए के जीएसटी का नुकसान होने का प्रारंभिक आंकलन है। यहां से प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार राज्य के भीतर और पंजाब, असम, मणिपुर, ओडिसा में भी पंजीयन लिया गया है। पंजीयन के लिए बोगस दस्तावेज जैसे किरायानामा एवं सहमति पत्र भी तैयार किए जाते थे। इन फर्मों के माध्यम से बोगस सप्लाई बिल और ई-वे बिल जारी किए जा रहे थे।

### जांच में मिले 1.64 करोड़ और 400 ग्राम सोना

**जीएसटी चोरी का खुलासा**

मो. फरहान के बोगस फर्मों से संबंधित दस्तावेज छुपाये जाने की सूचना पर विभाग ने 17 सितंबर को फरहान के चाचा मो. अब्दुल लतीफ सोरठिया के आवास में सर्च (जांच) किया गया। वहां अधिकारियों को 1 करोड़ 64 लाख रुपए के नोट और 400 ग्राम सोने के 4 बिस्किट मिले। विभाग के अधिकारियों ने इसे जब्त कर के आयकर विभाग को सूचना दे दी है। जीएसटी अधिकारियों द्वारा इन फर्मों से करोड़ों रुपए के जीएसटी फ्रॉड की राशि की गणना की जा रही है। इस प्रकरण में कई ब्रोकर, स्क्रैप डीलर और इनपुट टैक्स क्रेडिट के लाभ लेने वाली कम्पनियां भी विभाग के जांच के दायरे में है। राज्य कर विभाग द्वारा मामले की गहन जांच की जा रही है और आगे की विधिक कार्रवाई प्रगति पर है।

---

## सड़क पर हुड़दंग कर रहे थे युवक पुलिस ने जब्त की ली 18 गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

मस्तूरी रोड पर कार सवार युवकों ने जमकर उधमबाजी की। एक साथ दर्जनभर कार पर निकले युवकों ने खिड़की और सनरूफ से निकलकर स्टंटबाजी की। पुलिस को चुनौती देते हुए वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। इधर पुलिस ने वीडियो मिलने के बाद 18 कार जब्त कर ली है। युवकों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

मस्तूरी थाना प्रभारी हरीशचंद्र टांडेकर ने बताया कि विश्वकर्मा जयंती पर कुछ लोग पार्टी के लिए लावर स्थित एक फार्म हाउस पर एकत्रित हुए थे। फार्म हाउस में पहुंचने से पहले युवकों ने सड़क पर जमकर उधमबाजी की। इस दौरान युवकों ने सड़क भी जाम कर दिया। इससे परेशान हो रहे एक कार सवार ने पूरी घटना का वीडियो बनाकर पुलिस के अधिकारियों को भेज दिया। वीडियो मिलते ही पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। कार नंबर के आधार पर पुलिस ने पूछताछ की। इसके बाद इस पूरी घटना में शामिल 18 कार को जब्त कर लिया गया। पुलिस ने वाहन मालिकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इसके साथ ही वाहन मालिकों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

**हाईकोर्ट की सख्ती के बाद हो रही कार्रवाई:** सकरी क्षेत्र के नई कार खरीदने के बाद की गई स्टंटबाजी का वीडियो वायरल होने के बाद हाई कोर्ट ने संज्ञान लिया था। हाई कोर्ट के निर्देश पर सभी वाहन जब्त कर कड़ी कार्रवाई की गई।

---

राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा को बताया अहम

## मप्र बना साइबर भारत सेतु का व्यापक अभ्यास करने वाला देश का पहला राज्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



प्रदेश में बढ़ती डिजिटल निर्भरता और साइबर सुरक्षा के महत्व को ध्यान में रखते हुए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत एमपी-सीईआरटी एवं केन्द्र सरकार के सीईआरटी-इन, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से ब्रिजिंग स्टेट्स, सिक्योरिंग भारत विषय पर दो दिवसीय साइबर सुरक्षा अभ्यास सायबर भारत सेतु का शुभारंभ हुआ। इस आयोजन से मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बन गया, जहां सायबर भारत सेतु का व्यापक अभ्यास किया गया है।

दो दिवसीय साइबर सुरक्षा अभ्यास कार्यक्रम में डिजिटल खतरों की बढ़ती जटिलता के मद्देनजर एमपी-सीईआरटी ने संकट संचार एवं प्रबंधन योजना (सीसीएमपी), कठोर ऑडिट प्रोटोकॉल और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बेहतरीन सूचना सुरक्षा प्रक्रियाएं अपनाई हैं। एक्सरसाइज में ड्यूल यूज टेक्नोलॉजी, साइबर एक्सटॉर्शन, रैनसमवेयर, भू-राजनीतिक जोखिम, अंदरूनी खतरे और सार्वजनिक विश्वास जैसी चुनौतियों पर केंद्रित अभ्यास किए गए। सीईआरटी-इन के साइंटिस्ट आशुतोष बहुगुणा ने प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों और जिला सीआईएसओ अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है, जिसकी सीईआरटी टीम ने साइबर भारत सेतु जैसे व्यापक अभ्यास का आयोजन किया है। उन्होंने राज्यों के बीच सहयोग और तकनीकी सशक्तिकरण की आवश्यकता को राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा के लिए अहम बताया।

---

हाईकोर्ट ने 15 साल पुराने मामले में दिया फैसला

## ट्रेनों में सिर्फ अलार्म चेन पुलिंग अपराध नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने एक महत्वपूर्ण आदेश में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कर्मचारी (टीटीई) को बड़ी राहत दी है। कर्मचारी पर ट्रेन की अलार्म चेन खींचने के मामले में विभागीय कार्रवाई के तहत वेतन कटौती और पदावनति की सजा दी गई थी।

मामले में हाई कोर्ट ने कहा कि आरोप अस्पष्ट और अस्थिर थे तथा यह सिद्ध नहीं किया गया कि उन्होंने बिना उचित कारण के चेन खींची थी। जस्टिस संजय के. अग्रवाल और जस्टिस राधाकिशन अग्रवाल की बेंच ने कहा कि सिर्फ चेन खींचना अपने आप में अपराध या कदाचार नहीं है, जब तक यह सिद्ध न हो कि यह बिना उचित और पर्याप्त कारण किया गया। घटना 15 जुलाई 2010 की है, जब बिलासपुर रेलवे स्टेशन से ट्रेन नंबर 2252 कब्रा-यशवंतपुर एक्सप्रेस रवाना हुई। आस्टिन हाइड, जो उस समय रेलवे कर्मचारी (टीटीई) होते हुए भी यात्री के रूप में यात्रा कर रहे थे, उन्होंने कथित तौर पर ट्रेन की अलार्म चेन दो बार खींची। आरोप था कि उन्होंने ऐसा इसलिए किया ताकि उनकी परिवार की महिलाएं और सामान ट्रेन में चढ़ सकें। विभागीय जांच में दो आरपीएफ जवानों (गवाह) ने यह कहा कि कर्मचारी आस्टिन हाइड ने चेन खींची थी और कारण बताया कि उनका परिवार नहीं पहुंचा। कर्मचारी पर हुई विभागीय कार्रवाई 2012 में अनुशासनिक प्राधिकारी ने कर्मचारी को दोषी मानते हुए दो वेतन स्तर नीचे पदावनति और दो साल के लिए वेतन कटौती की सजा दी।

---



# नवोदय परिसर में आंखों से कमजोर छात्र के गले में अन्य छात्रों ने फंदा डाला, और कहा- लटक जाओ नहीं तो हम गला दबा देंगे

खास खबर

**हरिभूमि न्यूज/ राजनांदगांव।** जिले के डोंगरगांव निवासी एक परिवार ने अपने 11 वर्षीय पुत्र के साथ डोंगरगढ़ के नवोदय विद्यालय में हुई यातनाओं, मानसिक प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में एसडीएम को आवेदन देकर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। बालक कक्षा 6 वीं का छात्र है। परिजनों ने बताया कि बीते 17 और 18 सितम्बर को विद्यालय परिसर में उनके पुत्र के साथ गंभीर घटनाएं घटी। उनके पुत्र को कक्षा 8वीं और 7वीं के कुछ छात्रों द्वारा जबरन धमकाते हुए उसके गले में रस्सी बांधकर कहा कि पंखे से लटक जाओ, अन्यथा हम तुम्हारा गला दबाकर मार डालेंगे। एक छात्र ने तो उसका गला भी दबाया। कॉपियों छुपाई, वस्तुएँ तोड़ीं गई। छात्रावास में बिस्तर पर पानी-मिट्टी डाला। कई बार थाली, गिलास और उसकी चप्पल बाहर फेंक दी गई।



**पढ़ाई में हमेशा रहा आगे :** उक्त बालक ने नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है। उसकी एक आंख कृत्रिम है और दूसरी आँख से भी केवल आंशिक दृष्टि होने के बाद भी वह पूर्व में भी सीजी स्कूल में कक्षा का टॉपर रहा है। कठिन परिस्थितियों में भी अच्छी पढ़ाई की है। नवोदय में प्रवेश के लिए उसमें परीक्षा भी पास की और मेडिकल सर्टिफिकेट भी बनवाया। जिसमें महज आंख की समस्या ही सामने आई।

### जांच और कार्रवाई की मांग

परिजनों ने बताया कि विद्यार्थियों द्वारा प्रताड़ित होते हुए वह काफी भयभीत हो गया है। उसे बार-बार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता रहा और कहा गया कि यदि उसने यह बात घर या किसी शिक्षक को बताया तो उस पर 50 हजार का जुर्माना लगाया जाएगा। इन सब बातों को विद्यालय में छुपाने का भी प्रयास किया गया। इस पूरे मामले में पीड़ित विद्यार्थी के परिजनों ने पूरे प्रकरण की जांच करने और दोषी पाए जाने वाले संबंधित सभी लोगों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

### एफआईआर के लिए थाने पहुंचे:

पीड़ित छात्र के परिजनों ने बताया कि उन्हें नवोदय विद्यालय से फोन आया कि आपका पुत्र फांसी लगाने का प्रयास कर रहा है। इसके बाद परिवार के लोग स्कूल पहुंचे तो स्कूल प्रबंधन के द्वारा उसकी पुरानी टीसी और उसका सामान पहले से ही लिखापाढ़ी कर तैयार रखा गया था। जब परिजन पहुंचे तो प्राचार्य के द्वारा बालक को स्कूल से निकल जाने की बात कही गई । आज पीड़ित परिजन डोंगरगढ़ थाने में एफआईआर के लिए पहुंचे। स्कूल प्रबंधन को भी बुलाया गया।

### स्कूल प्रबंधन की लापरवाही:

परिजनों ने कहा कि नवोदय विद्यालय द्वारा छात्र को मानसिक रूप से कमजोर बताकर स्कूल से निकालने टीसी थम दी गई है। उक्त विद्यार्थी लगभग 3 महीने से विद्यालय में अध्ययनरत है । नवोदय विद्यालय की टीसी नहीं देकर उसकी पुरानी टीसी ही दे दी गई है। जबकि उसने नवोदय की परीक्षा पास करके जनरल केटेगरी से यहां प्रवेश पाया था। मामले में स्कूल प्रबंधन की लापरवाही भी दिखाई दे रही है।

## मंत्री राकेश सिंह का ऐतिहासिक सम्मान, नागरिक अभिनंदन समारोह में उमड़ा जनसैलाब

**शहर की 100 से अधिक संस्थाओं ने दर्ज कराई उपस्थिति**

# जबलपुर की जनता का ऋणी हूँ, मेरा हर कदम जनता का ऋण उतारने की दिशा में बढ़ेगा : मंत्री राकेश सिंह



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के नागरिक अभिनंदन समारोह में जबलपुर की जनता ने ऐतिहासिक उत्साह के साथ भागीदारी निभाई। नगर निगम जबलपुर द्वारा महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के संयोजन में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में शहर की 100 से अधिक संस्थाओं, नगर निगम अधिकारियों, कर्मचारियों और संत समाज की उपस्थिति ने समारोह को अविस्मरणीय बना दिया। अपने संबोधन में मंत्री राकेश सिंह ने कहा, मैं जबलपुर की जनता का ऋणी हूँ, और मेरा हर कदम इस ऋण को उतारने की दिशा में होगा। उन्होंने कहा कि जबलपुर के विकास की यह शुरुआत मात्र है और आने वाले वर्षों में शहर को महानगर की तर्ज पर पूरी तरह विकसित किया जाएगा। उन्होंने फ्लाईओवर, रिंग रोड, अत्याधुनिक एयरपोर्ट, आईटी पार्क, ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे, टाइगर सफारी और रोपवे जैसे बहुप्रतीक्षित परियोजनाओं का खाका प्रस्तुत किया।

### समृद्ध इतिहास, उज्ज्वल भविष्य की ओर जबलपुर

मंत्री श्री सिंह ने अपने संबोधन में जबलपुर के समृद्ध ऐतिहासिक विरासत का स्मरण करते हुए कहा कि माँ रानी दुर्गावती और कलचुरी राजाओं की धरती को वर्षों तक विकास से वंचित रखा गया, लेकिन अब जबलपुर को उसका खोया गौरव वापस दिलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान परियोजनाएँ सिर्फ आज नहीं, बल्कि आने वाले 20–25 वर्षों के लिए जबलपुर की नींव को मजबूत करेंगी।समारोह में स्वागत भाषण देते हुए महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू ने मंत्री राकेश सिंह को ‘संस्कारधानी का सच्चा जनसेवक और विकास पुरुष बताते हुए कहा कि उनके प्रयासों से जबलपुर को राष्ट्रीय पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि फ्लाईओवर, रिंग रोड, ब्रॉडगेज प्रोजेक्ट, एयरपोर्ट अपग्रेडेशन जैसे कार्यों ने जबलपुर को महानगर के रूप में स्थापित कर दिया है।

### संत समाज का आशीर्वाद, लड्डुओं से तोला गया मंत्री को

समारोह की शुरुआत बैंड-बाजे, पुष्पवर्षा, आतिशबाजी और माँ सरस्वती की वंदना के साथ दीप प्रज्वलन से हुई। संस्कारधानी के पूज्य संतों ने मंच पर उपस्थित मंत्री श्री राकेश सिंह सहित सभी गणमान्यजनों को आशीर्वाद प्रदान किया। समारोह में महाकौशल चेम्बर द्वारा मंत्री श्री सिंह को लड्डुओं से तौलकर सम्मानित किया गया, जो जनस्नेह का अद्वितीय प्रतीक रहा।

### उपस्थित रहे अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक

इस अवसर पर सांसद आशीष दुबे, विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी, सुशील तिवारी इन्दू, डॉ. अभिलाष पाण्डेय, नीरज सिंह, संतोष बड़कड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा गोटिया, भाजपा महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष श्री राजकुमार पटैल सहित नगर निगम के एमआईसी सदस्यगण, समस्त पार्षदगण और अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ अश्विनी कुमार त्रिवेदी के नेतृत्व में डॉ विवेक जैन जिला संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ के मार्गदर्शन में 16 अलग-अलग विधाओं के चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दी एवं निशुल्क प्रशिक्षण किया,व निशुल्क दवाइयां वितरण किया, शिविर में 597 मरीज ने लाभ उठाया, एवं हड्डियों मैं कैलिक्यूम की जांच, ECG, पोटैब्ले यूनिट द्वारा दाँतो में फीलिंग व सफाई एवम रक्त की जांच,आखो की जांच की गई। स्वास्थ्य शिविर में मोदी जी के 75 में जन्म दिवस के उपलक्ष पर 75 वृक्ष लगाकर वृक्षारोपण भी किया गया। स्वास्थ्य शिविर में सांसद श्री आशीष दुबे, राज्य सभा सांसद सुश्री सुमित्रा वाल्मीकि, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, उत्तर मध्य विधायक डॉअभिलाष पांडे, जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, पूर्व मंत्री शरद जैन, महामंत्री रजनीश यादव, पंकज दुबे, संदीप जैन, डिसिल्वा स्कूल के अध्यक्ष एच.पी पालन,प्रिंसिपल साधना शुक्ला एवं क्षेत्रीय पार्षद भापकर, सचिन अग्रवाल, वह अन्य समाज से भी उपस्थित थे।

स्वास्थ्य शिविर में शिविर में डॉ अंकित सेठ, डॉ अनंत त्रिवेदी, डॉ हर्ष रेड्डी, डॉ स्नेह मेठवानी, डॉ स्पर्श नायक, डॉ अंजलि खंडेलवाल, डॉ पंकज मिश्रा, डॉ वीरेंद्र साहू, डॉ अभिनीत जैन, डॉ सचिन बुधौलिया, डॉ मेघा रैकवार, डॉ श्रीकांत साहू, डॉ शबनम साकेत,डॉ अमरेश पांडे, डॉ मुकेश पांडे, डॉ मणि नेमा, डॉ श्याम सिद्धे, डॉ अवधेश भट्ट, डॉ सचिन नामदेव, डॉ आर के गुप्ता, डॉ राहुल पटेल, डॉ संजय सेन डॉ आशुतोष पाठक डॉ रोहित चौरसिया डॉ खुशबू चौरसिया,डॉ अंकित सिंघई डॉ निलंजन सिंह, डॉ मालती भगत, डॉ श्याम रावत, डॉ खैरूद्दीन अंसारी, डॉ सुबोध जैन, डॉ प्रतिभा बघेल, डॉ मंजुला मिश्रा, डॉ बरखा ठाकुर, डॉ सुबोध जैन, डॉ गजेंद्र सिंह चौहान, डॉ शुभम जैन, डॉ मनीष चिंतामण, डॉ सौभाग्य जैन, डॉ अंजली परोहा चिकित्सकों ने अपने से सेवाएं दी।

# पमरे की चतुर्थ जिला रैली प्रारंभ



**जबलपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स पश्चिम मध्य रेल जबलपुर मंडल की चतुर्थ जिला रैली का आयोजन 19 से 21 सितम्बर तक किया जा रहा है। इस रैली का शुभारंभ स्काउट ध्वज को फहराकर अपर मंडल रेल प्रबंधक/ मुख्य जिला आयुक्त स्काउट सुनील टेलर द्वारा किया गया, जिसमें मंडल के अधिकारी वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, जिला आयुक्त स्काउट सुबोध विश्वकर्मा, वरिष्ठ मंडल अभियंता पमरे जिला आयुक्त गाइड दीप्ति शमा्र, मंडल वाणिज्य प्रबंधक सहा. जिला आयुक्त स्काउट नितेश कुमार सोने, सहा. मंडल कार्मिक अधिकारी, कल्याण स्काउट सचिपति नंदन, मंडल पदाधिकारी, जिला सचिव अनिल चौबे, संयुक्त सचिव राजीव तिवारी, विमलेश तिवारी, राहुल कश्यप, विजयलक्ष्मी पाणिग्रही, रजनीश यादव उपस्थित रहे। इस रैली में जबलपुर, कटनी एवं भोपाल मंडल से सभी यूनिट के स्काउट गाइड रोवर रेंजर भाग ले रहे हैं। रैली में स्काउट गाइड द्वारा दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली वस्तु को रस्सी और बांस की सहायता से बनाया गया और मार्चपास्ट किया गया। जिला रैली में जबलपुर मंडल के सभी वरिष्ठ स्काउट यूनिट लीडर उपस्थित हो रहे हैं।

### खालसा महाविद्यालय में हिंदी पखवाड़ा पर हुई प्रतियोगिताएं

**जबलपुर।** श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय में 12 से 18 सितम्बर तक हिंदी पखवाड़ा बड़े उत्साह से आयोजित किया गया। इस दौरान निबंध, स्लोगन, पोस्टर, भाषण एवं वाद-विवाद जैसी प्रतियोगिताएँ संपन्न हुईं। 18 सितम्बर को समापन कार्यक्रम में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. अरुण शुक्ला मुख्य अतिथि रहे। प्राचार्य डॉ. आर.एस. चंडोक ने हिंदी को राष्ट्र की पहचान बताते हुए युवाओं से इसके संवर्धन की अपील की। मुख्य अतिथि ने मातृभाषा को प्रगति का आधार बताया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। संचालन डॉ. नेहा ताम्रकार और आभार प्रदर्शन डॉ. शिवमणि मिश्रा ने किया।

# अज्ञात मृतक का अंतिम संस्कार किया गरीब नवाज कमेटी ने



**जबलपुर।** ओमती थाना क्षेत्र घंटाघर मार्केट के समीप एक अज्ञात व्यक्ति (उम्र लगभग 50 से 55 वर्ष) मरणावस्था में मिला। ओमती थाना पुलिस द्वारा मौके पर पहुँच कर प्रारंभिक जाँच की गई एवं गरीब नवाज कमेटी को सूचना दी गई। पुलिस और गरीब नवाज कमेटी द्वारा आसपास के लोगों और राहगीरों से मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया गया, परंतु कोई जानकारी या परिजन सामने नहीं आए।अंततः पुलिस की आवश्यक कार्यवाही के उपरांत गरीब नवाज कमेटी द्वारा तिलवारा मुक्तिधाम में मृतक का अंतिम संस्कार कराया गया। इस पुण्य कार्य में रियाज अली, बाबू खान, दीपक निगम, यूसुफ मालगुजार, मो. करीम, तथा बछु नांकनी विशेष रूप से शामिल रहे। गरीब नवाज कमेटी लगातार मानव सेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है।




### जबलपुर जिला डांस स्पोर्ट्स एसो. के विवेक रंजन शुक्ला अध्यक्ष, मनीष श्रीवास्तव सचिव नियुक्त

**जबलपुर।** जबलपुर जिला डांस स्पोर्ट्स एसोसिएशन की प्रथम बैठक दिनांक 18-9-2025 को हुई, जिसमें जिला डांस स्पोर्ट्स एसोशिएशन के मेंबर उपस्थित रहे। रानू श्रीवास्तव, योगेश नामदेव, नारायण विश्वकर्मा, योगेंद्र सिंह, भूपेन्द्रसिंह, अजय नामदेव, रामकृष्ण श्रीवास्तव, अदिती खरे, राकेश साहू, भानू प्रताप सिगोतिया, विनय बर्मन, दीपक सामलबार, राम शंकर शुक्ला सभी सदस्य द्वारा अध्यक्ष पद के लिये विवेक रंजन शुक्ला को तथा मनीष श्रीवास्तव को सचिव पद के लिये चुना गया।

## भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, जिला संघ की वार्षिक कार्यकारिणी एवं जिला परिषद बैठक संपन्न



**जबलपुर।** भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, जिला संघ जबलपुर की वार्षिक कार्यकारिणी एवं जिला परिषद की बैठक 17 सितंबर को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रिंकुज विज ने की। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, जिला संरक्षक अजय तिवारी, जिला मुख्य आयुक्त डॉ. विजयकांत तिवारी सहित अन्य पदाधिकारियों ने विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया। बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों और योजनाओं पर चर्चा की गई। इसी क्रम में, जिला मुख्य आयुक्त डॉ. तिवारी ने जिले की, संभागीय, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर जिले की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला, इस अवसर पर वरिष्ठ गाइडर श्रीमती प्रतिभा दुबे ने स्काउट-गाइड जिला संघ को भूमि दान करने की महत्वपूर्ण घोषणा की, जिसका सभी उपस्थित सदस्यों ने हर्षपूर्वक स्वागत किया। बैठक को सफलतापूर्वक संचालित करने में सहायक राज्य संगठन आयुक्त एवं जिला संगठन आयुक्त ललित कुमार मिश्रा, जिला सचिव व्ही.के. झारिया तथा संयुक्त सचिव श्रीमती अमिता चौधरी का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर विशेष आमंत्रित सदस्य रामानुज तिवारी (योजना अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय), अशोक उपाध्याय (प्राचार्य, सांदीपनि स्कूल, सिहोरा), लोकनाथ तिवारी (समाजसेवी), श्रीमती सोनल तिवारी (समाजसेवी), श्रीमती बेला सिंह (ए.एल.टी. गाइड एवं एडल्ट रिसोर्स कमिश्नर गाइड) सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।



## शरद यादव विचार मंच ने शहीद राजाओं को श्रद्धांजलि अर्पित की

**जबलपुर।** शरद यादव विचार मंच ने 18 सितम्बर को गोंडवाना चौक पहुंचकर गोंडवाना शहीद राजा शंकर शाह, रघुनाथ शाह को माल्यार्पण किया। मंच के रामरतन यादव, घनश्याम यादव, बैजनाथ कुशवाहा, शशांक यादव, शैलेश लोधी, मनोज चौधरी, जगदीश नन्हेट, डॉ. बालमुकुंद यादव, परमानंद साहू, अनुराग सिंह, सहित बड़ी संख्या में शरद यादव विचार मंच के साथियों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। मंच सदस्यों ने कहा है कि ऐसी शहादत दुनिया में बिरली शहादत है जिसमें पिता-पुत्र को तोप में बांधकर उड़ा दिया गया था, संपूर्ण गोंडवाना राज्य के लिए एक बड़ा संदेश है कि उनकी शहादत पर आज हम लोग स्वतंत्रतापूर्वक रह रहे हैं, यह उनके त्याग और तपस्या का परिणाम है।

## गरबा में पहनें सभ्य कपड़े और बढ़ाएं परंपरा का मान
## मनचलो पर बरती जाए सख़्ती

**जबलपुर।** आज एक पत्र मानव अधिकार अपराध नियंत्रण संगठन द्वारा मुख्यमंत्री जी को भेजा गया, जिसमें समस्त कलेक्टरों को मुख्यमंत्री द्वारा निर्देशित करने की मांग की गई कि गरबा में केवल शालीन और सभ्य कपड़े ही पहने जाएं, साथ ही जो लोग हुड़दंग मचाते हैं उन पर सख़्त कार्यवाही हो। पहनावा स्त्री का गहना है और गरबा माँ नवरात्रि के दिनों में की जाने वाली भक्ति, जो हमारी संस्कृति को दर्शाती है इसे बड़े धार्मिक त्यौहार के रूप में हर कोई मानता है, इसका सम्मान और पहनावे में शालीनता हमारा कर्तव्य भी है। मांग कर्ताओं में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अमित सिसोदिया के मार्गदर्शन में डॉ. अजय वाधवानी (अध्यक्ष), एड. भावना निगम, एड. आशीष त्रिपाठी, डॉ. आनंद बहरानी, एड. रोशन मध्यानी, डॉ. अभिषेक जैन, डॉ. स्नेहा मेथवानी, बिनिता जी, एड. विजय बवारिया, डॉ. एसके जैन, डॉ. अमृन्दर सिंग, अजय चौहान शामिल हुए।

**नाम सुधार सूचना**

मैं गीता पटले Geeta Patle पति श्री भोलाराम पटले निवासी मकान नंबर 1309 चित्तरंजन दास वार्ड जयप्रकाश नगर जबलपुर म.प्र शपथपूर्वक कथन प्रस्तुत करती हूं, कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करती हूं। मेरे सभी दस्तावेजों में अंग्रेजी में मेरे नाम की स्पैलिंग अलग अलग दर्ज है जो कि गलत है। मेरे नाम की सही स्पैलिंग Geeta Patle है। यह शपथपत्र मेरे नाम की सही स्पेलिंग बाबत् प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

# गढ़ाफाटक वाली बड़ी महाकाली को सवा किलो सोने का मुकुट अर्पित करने का लक्ष्य

## श्रद्धालुओं से यथासंभव दान करने की अपील



**जबलपुर।**

श्री वृहत महाकाली महोत्सव समिति कालीधाम गढ़ाफाटक में पिछले 126 वर्षों से स्थापित की जा रही माता महाकाली की प्रतिमा शहर के साथ-साथ पूरे प्रदेश में आस्था का केन्द्र बिन्दु है। श्रद्धालुओं की मंशा अनुरूप समिति ने संकल्प लिया है कि माता महाकाली को सवा किलो सोने का मुकुट तैयार कराके चढ़ाया जाये। संकल्प बड़ा है लेकिन उससे बड़ी माता रानी की कृपा और श्रद्धालुओं की आस्था भी है। जनसहयोग से ही यह संकल्प पूरा हो सकेगा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि बहुत से श्रद्धालुओं ने अपनी क्षमता के अनुसार अर्थदान करने की इच्छा भी व्यक्त की है। लिहाजा समिति ने श्रद्धालुओं के संकल्प को पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है, निधि संग्रह होने पर सवा किलो सोने का मुकूट तैयार कराके माता महाकाली के माथे पर यह मुकूट समार्पित किया जाएगा। निधि संग्रह का काम नवरात्र से प्रारंभ होगा।




## केजेएस सीमेंट ई (लिमिटेड) का विक्रेता एवं सहविक्रेता सम्मेलन संपन्न

**जबलपुर।** केजेएस सीमेंट ई (लिमिटेड) के द्वारा होटल सोन अलीजे में 17 सितम्बर को विक्रेता एवं सहविक्रेता सम्मेलन का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए मुख्य विपणन अधिकारी जुगल किशोर दुबे ने कहा कि जबलपुर क्षेत्र में अपने स्थापित उपभोक्ताओं के बलबूते कंपनी ने सफलता के नये आयाम स्थापित किए हैं और कंपनी के व्यवसाय को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। उन्होंने डीलर/ रिटेलर बंधुओं के सहयोग एवं समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया तथा विश्वास दिलाया कि जेकेएस सीमेंट ई लिमिटेड अपने उपभोक्ताओं के पीछे मजबूती से खड़ा है। श्री जुगल दुबे ने डीलर एवं रिटेलर बंधुओं से कंपनी की स्कीम में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। कार्यक्रम में बीके त्रिपाठी (जीएम सेल्स) ने केजेएस सीमेंट ई (लिमिटेड) के बारे में बताते हुए डीलर/ रिटेलर बंधुओं को विश्वास दिलाया कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक बाजार में केजेएस सीमेंट ई (लिमिटेड) हमेशा आगे बना रहेगा। उन्होंने डीलर/ रिटेलर के प्रति आभार व्यक्त किया।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
संभाग क्रमांक-9, लालमाटी, नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक सं.अधि./09/2025-26/ 790
दिनांक 19/09/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि (1.) अजय (2.) दिनेश (3.) विजय कुमार अतर्वेल पिता स्व. सुकरू ने मकान नं.2446, 2448/10 वार्ड पं. द्वारका प्रसाद मिश्र भूतल सीमेन्ट सीट 273 वर्गफुट मृत्यु प्रमाण पत्र, आपसी बंटवारानामा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नम्बर 2446, 2448/10, एल.जी.एम. स्कूल के सामने पर नामान्तरण हेतु आवेदन दिया है जिस किसी को उक्त नामान्तरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 09, लालमाटी में प्रमाण सहित प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्र.9, लालमाटी
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
संभाग क्रमांक-9, लालमाटी, नगर निगम, जबलपुर
पत्रांक सं.अधि./09/2025-26/ 789
दिनांक 19/09/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि (1.) उषा अतर्वेल (2.) नंदिता (3.) निमिता (4.) पल्लवी पिता स्व. सुनील अतर्वेल ने मकान नं.2446, 2448/9 वार्ड पं. द्वारका प्रसाद मिश्र भूतल आर.सी.सी. 448 वर्गफुट मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति पत्र, वसीयतनामा, आपसी बंटवारानामा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नम्बर मकान नं.2446, 2448/9, एल.जी.एम. स्कूल के सामने पर नामान्तरण हेतु आवेदन दिया है जिस किसी को उक्त नामान्तरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 09, लालमाटी में प्रमाण सहित प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्र.9, लालमाटी
नगर निगम, जबलपुर

# पति-पत्नी ने मिलकर की खेती, 3 छोटे हाथी के वजन बराबर उगा दिया कद्दू

**लंदन।** आज की दुनिया में जहां लोग अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी छोटी-छोटी उपलब्धियों को दिखाते हैं, वहीं कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो खामोशी से कुछ ऐसा कर जाते हैं जो न सिर्फ चौंकाता है, बल्कि प्रेरणा भी देता है। ब्रिटेन के एक दंपती की कहानी कुछ ऐसी ही है। उन्होंने अपने जुनून और कड़ी मेहनत से एक ऐसा कद्दू उगाया है, जिसका वजन तीन छोटे हाथियों के बराबर है। ब्रिटेन के एश्टेड शहर में रहने वाले इस कपल का नाम जस्टिन ग्रिफिथ्स और के वॉकर है। इन दोनों ने अपने बगीचे में एक ऐसा कद्दू उगाया, जिसका वजन लगभग 390 किलो है। यह वजन तीन छोटे हाथियों (एक छोटा हाथी लगभग 120 किलो का होता है) के बराबर है। अब यह सब्जी उनके बगीचे का मुख्य आकर्षण बन गया है।

### गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स 1246.9 किलो कद्दू का

यह कद्दू 'अटलांटिक जायंट' किस्म का है, जो अपनी भारी भरकम साइज के लिए जाना जाता है। जस्टिन और के ने बताया कि यह बड़े आकार का होता है, यह पता था, लेकिन हमे उम्मीद नहीं थी कि यह इतना बड़ा हो जाएगा। इस महीने के अंत में यह कपल इस कद्दू को यूके नेशनल जायंट वेजिटेबल्स चैंपियनशिप में ले जाने की योजना बना रहा है। जस्टिन ने बीबीसी को बताया कि इसे एक जगह से दूसरी जगह ले जाने के लिए उन्हें एक इंजन क्रेन या कई लोगों की मदद लेनी पड़ेगी। इस कपल ने अपने बगीचे में टमाटर और लीक्स भी उगाए हैं, लेकिन इस विशाल कद्दू ने अब पूरी जगह घेर ली है। उनका दूसरा कद्दू भी काफी बड़ा है, जिसका वजन लगभग 250 किलोग्राम है। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के अनुसार, सबसे भारी कद्दू का रिकॉर्ड 2023 में कैलिफ़ोर्निया में बनाया गया था, जिसका वजन 1,246.9 किलोग्राम था।



### ब्रिटिश रिकॉर्ड छोटी कार के बराबर वजन का

बता दें कि पिछले साल दो जुड़वां भाइयों इयान और स्टुअर्ट पैटन ने एक टन से अधिक वजन वाला कद्दू उगाकर ब्रिटिश रिकॉर्ड तोड़ दिया था। इस कद्दू को उठाने के लिए क्रेन का इस्तेमाल करना पड़ा था। दोनों भाइयों ने तीन महीने तक हर दिन तीन-तीन घंटे इस कद्दू की देखभाल की थी, ताकि उसे गिनीज बुक्स में दर्ज करा सकें। हालांकि, वे विश्व रिकॉर्ड से थोड़े पीछे रह गए, लेकिन उन्होंने ब्रिटिश रिकॉर्ड बनाकर एक छोटी कार के बराबर वजन का कद्दू उगाया. इयान ने बताया, 'इसमें बहुत मेहनत लगा। हमने अप्रैल में बीज बोए और जून में फल लगा। फिर यह बहुत तेजी से बढ़ा और 113 दिन में तैयार हुआ। हम इसे एक बड़ी वॉल्वो में बहुत सावधानी से रिकॉर्ड स्थल तक लाए, जिसकी गति लगभग 50 मील प्रति घंटा थी। दूसरे ड्राइवर भी हमें देखकर हैरान थे। कुछ लोग तो हमें दोबारा देखने के लिए अपनी गाड़ियों की स्पीड कम कर लेते थे।



### सांची दुग्ध उत्पाद प्रेमियों को दाम घटने का इंतजार

# जीएसटी दर में कटौती 22 सितंबर से घटेंगे सांची दुग्ध उत्पादों के दाम

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सरकार ने दूध और उससे जुड़े उत्पादों पर लगाए गए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में कमी करने का फैसला लिया है। केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की नई दरों को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है कि नई दरें 22 सितंबर से लागू होंगी, जिसके बाद कई चीजें सस्ती हो जाएंगी। जारी अधिसूचना का परिपालन 22 सितंबर शुरू हो जाने के बाद यूएचटी मिल्क (टेट्रा पैक), पनीर पर पहले लागू 5 फीसदी के जीएसटी को शून्य कर दिया गया है। इसके अलावा घी, मक्खन, चीज, मिल्क शेक को 12 फीसदी से कम करते हुए 5 फीसदी स्लैब में लाया गया है जबकि आइसक्रीम को 18 से हटाकर 5 फीसदी के टैक्स स्लैब में डाल दिया गया है। इन सबके बाद अब राजधानी सहित मध्यप्रदेश के लोगों को सांची दुग्ध संघ द्वारा निर्मित दुग्ध उत्पादों में कमी होने का इंतजार है। क्यों सांची के दूध, घी और मक्खन खरीदने वाले ग्राहकों को उम्मीद है कि उनका बजट हल्का होगा। भोपाल सहकारी दुग्ध संघ से प्राप्त जानकारी के अनुसार संघ 22 सितंबर के बाद



अपनी दुग्ध उत्पादों में कमी करेंगा और ग्राहकों को जीएसटी में मिली राहत का पूरा फायदा सीधे कीमतों में कटौती के रूप में देगा। यानी अब दूध से लेकर घी और मक्खन तक सब पहले से सस्ते दामों पर मिलेंगे। सूत्रों के अनुसार दूध के दाम में 3 रुपए प्रति लीटर की कटौती हो सकती है। तो 100 ग्राम मक्खन के दाम साढ़े तीन रुपए तक और सांची घी के दाम में 35 रुपए से अधिक की कटौती हो सकती है। क्योंकि दूध (टेट्रा पैक) में पहले जीएसटी दर 5 फीसदी थी जो अब जीरो हो गई है। पनीर पर 5 फीसदी थी अब यह भी जीरो हो गई है। घी और मक्खन पर पहले 12 अभी फीसदी जीएसटी दर है लेकिन 22 सितंबर से इस पर 5 फीसदी जीएसटी दर लागू हो जाएगी। अतः जीएसटी दरों में कटौती का लाभ सांची दुग्ध उत्पाद प्रेमियों को मिलेगा।

#### *सांची के कॉर्नर और बूथ पार्लर पर दुग्ध उत्पादों के अभी यह हैं दाम*

*सांची गोल्ड फुल क्रीम दूध 67 रुपए , सांची स्टेंडर्ड दूध हरा पैकेट 500 ग्राम 31 रुपए , स्मार्ट डबल टोंड दूध 500 ग्राम 26 रुपए, सांची घी 1 किलों 640 रुपए, बटर 100 ग्राम 55 रुपए , पनीर 200 ग्राम 900 रुपए, श्री खंड 500 ग्राम 140 रुपए , मावा 500 ग्राम 200 रुपए , सादा दही 500 ग्राम 55 रुपए , पॉली पैक दही 400 ग्राम 32 रुपए।*

#### *मप्र गायों से दूध 10,086.07 हजार टन तो भैंसों से दूध 10,197.10 हज़ार टन में*

*देश में वर्ष 2023-24 के दौरान कुल दूध उत्पादन 239.30 मिलियन टन है। जिसमें गायों से प्राप्त दूध 53.12फीसदी और भैंसों से प्राप्त दूध 43.62 फीसदी रहा। बाकी का दूध अन्य पशुओं जैसे बकरी आदि से आता है। मध्य प्रदेश गायों से दूध 10,086.07 हजार टन में और भैंसों से दूध 10,197.10 हजार टन का योगदान है। हालांकि दूध उत्पादन में उत्तर प्रदेश समूचे देश में भैंसों से सबसे अधिक दूध उत्पादन करने वाला राज्य है। इसके बाद राजस्थान गायों और भैंसों दोनों से दूध उत्पादन में अग्रणी राज्यों में शामिल है।*

#### *अब ग्वालियर दुग्ध संघ ने की दूध क्रय दरों में वृद्धि*



*एमपी स्टेट को-आपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड (एमपीसीडीएफ) भोपाल से संबद्ध ग्वालियर सहकारी दुग्ध संघ अंतर्गत दुग्ध समितियों के दुग्ध उत्पादकों से क्रय किए जाने वाले दूध क्रय दर में सर्वाधिक वृद्धि की गई है। दुग्ध उत्पादकों से रूपए 840 प्रति किग्रा फैट से दूध क्रय करने का निर्णय लिया गया है, जो 21 सितंबर 2025 से प्रभावशील होगा। संघ द्वारा दूध क्रय दर में वृद्धि करने एवं निर्धारित तिथियों में भुगतान होने पर दुग्ध उत्पादकों में जहां खुशियों की लहर दौडने लगी है ।*



# हिन्दुस्तान उर्वरक रसायन लि. व एग्रोफोस इंडिया लि. का विक्रेता सम्मेलन संपन्न

**इंदौर।** हिन्दुस्तान उर्वरक रसायन लिमिटेड के विक्रेता सम्मेलन में कंपनी के प्रबंध संचालक श्री मोहंती विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस अवसर पर उन्होंने उर्वरक उद्योग के वर्तमान परिदृश्य पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि बदलते समय में तकनीकी नवाचार और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने कंपनी की भविष्य की योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि किसानों को समय पर उच्च गुणवत्ता वाले उर्वरक उपलब्ध कराना, अनुसंधान एवं विकास पर बल देना तथा विपणन नेटवर्क को और सशक्त बनाना कंपनी की प्राथमिकताएँ रहेंगी। इस अवसर पर एग्रोफोस इंडिया लि. के प्रबंध निदेशक राजकुमार सुहाने तथा मार्केटिंग डायरेक्टर अभय सुहाने विशेष रूप से उपस्थित रहे। श्री तुलसी फॉस्फेट के एमडी विनोद सुहाने ने विक्रेता बंधुओं को विशेष जानकारी प्रदान की।

# सिर्फ इंजन ऑयल पीकर 30 वर्षों से जिंदा है कर्नाटक का शख्स

**बेंगलुरु।** जहां हम और आप एक दिन भी बिना खाना-पानी के नहीं रह सकते, वहीं कर्नाटक का एक शख्स पिछले 30 वर्षों से अन्न का एक भी दाना नहीं खा रहा है। सुनने में अजीब लगता है, लेकिन यह पूरी तरह सच है। और तो और यह शख्स बिल्कुल नॉर्मल लोगों की तरह फिट और स्वस्थ जिंदगी जी रहा है। असल में यह शख्स अपना पेट भरने के लिए खाना नहीं, बल्कि इंजन ऑयल पीता है। यह सुनते ही झटका लगता है, क्योंकि इंजन ऑयल तो ऐसा पदार्थ है जिसे अगर कोई इंसान गलती से भी पी ले तो उसकी हालत बिगड़ सकती है, यहां तक कि जान भी जा सकती है। लेकिन, कर्नाटक के इस शख्स ने इसे अपनी आदत बना लिया है और पिछले 30 वर्षों से यह उसकी जिंदगी का हिस्सा है।

### खाना खाने से भी कर देते हैं मना

लोगों का कहना है कि जब कोई उन्हें खाने के लिए कुछ देता है तो वह साफ मना कर देते हैं और अपनी बोतल से इंजन ऑयल पीने लगते हैं। हाल ही में उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसके बाद ज्यादा लोग उनकी जिंदगी के बारे में जान पाए।

# धरती से बढ़ रही चांद की दूरी, हर साल 1.5 इंच की रफ्तार से जा रहा दूर

**वॉशिंगटन।** वैज्ञानिकों के मुताबिक, 4.5 अरब सालों से धरती का साथी रहा चांद अब हमसे दूर जा रहा है। मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता ने यह जानकारी दी है। भौतिकी और खगोल विज्ञानी डॉ.स्टीफन डिकर्वी के अनुसार हर साल चांद 1.5 इंच की रफ्तार से धरती से दूर खिसक रहा है। इसी वजह से धरती के घूमने की रफ्तार भी धीमी हो रही जिससे आने वाले समय में दिन और लंबे हो सकते हैं। लगभग 4.5 अरब साल पहले जब पृथ्वी से एक ग्रह जैसा पदार्थ टकराया तब चांद बना था। उस समय चांद धरती के बहुत करीब था और आकाश में बहुत बड़ा दिखता था।



### कैसी मापी गई दूरी?



वैज्ञानिक चांद की दूरी मापने के लिए लेजर का इस्तेमाल करते हैं। वे चांद पर भेजे गए अंतरिक्ष यानों और यात्रियों द्वारा रखे गए दर्पणों पर लेजर की रोशनी डालते हैं। फिर इस रोशनी को चांद तक जाने और वापस आने में लगे समय को मापकर वह चांद की दूरी और उसमें हो रहे बदलावों को सटीकता से जान पाते हैं।

### क्यों धीमी होती है रफ्तार?

जिस तरह से धरती चांद की गति बढ़ाती है उससे धरती के घूमने की रफ्तार धीमी हो जाती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि धरती का घूमने वाला बल चांद की तरफ चला जाता है। इसका मतलब यह है कि जैसे-जैसे चांद दूर जाएगा एक दिन में सेकंड और मिनटों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ती जाएगी। हालांकि, डॉ. डिकर्वी ने बताया कि यह बदलाव बहुत ही धीरे-धीरे हो रहा है। अभी चांद धरती से 3,84,000 किलोमीटर दूर है और इसकी तुलना में हर साल 1.5 इंच की दूरी बहुत कम है।

### दूर क्यों हो रहा है चंद्रमा?


डॉ.डिकर्वी ने बताया कि ज्वार-भाटे की वजह से चांद दूर होता जा रहा है। चंद्रमा के गुरुत्वाकर्षण बल से हमारे महासागरों में बड़े उभार बनते हैं। एक उभार चांद की तरफ होता है जहाँ गुरुत्वाकर्षण बल सबसे ज्यादा होता है और दूसरा उभार चांद से दूर होता है, जहां यह बल सबसे कम होता है। ये दोनों उभार चांद के बिल्कुल सामने नहीं रहते, बल्कि धरती के घूमने की वजह से थोड़ा आगे की तरफ खिंच जाते हैं। इसी खिंचाव के कारण चांद धीरे-धीरे हमसे दूर जा रहा है।

### अंतरिक्ष में भारत का सम्मान

# 48 करोड़ किमी दूर एस्टेरॉयड को मिला नर्मदा का नाम

**वॉशिंगटन।** नासा के लूसी मिशन को बड़ी मान्यता मिली है। अंतरराष्ट्रीय खगोलीय संघ ने एक छोटे क्षुद्रग्रह जिसका नाम डोनाल्डजोहानसन है, पर मौजूद जगहों को आधिकारिक नाम दिया है। इस क्षुद्रग्रह पर एक जगह का नाम भारत की नर्मदी नदी के नाम पर रखा गया है। यह भारत की नर्मदा घाटी के सम्मान में रखा गया है, जहां होमो इरेक्टस नर्मडेन्सिस नामक प्राचीन मानव के जीवाश्म मिले थे। लूसी अंतरिक्ष यान ने 20 अप्रैल, 2025 को मंगल और बृहस्पति के बीच इस क्षुद्रग्रह का दौरा किया था। यह दौरा बृहस्पति के क्षुद्रग्रहों के लिए लूसी के मुख्य मिशन का एक अहम अभ्यास था।

साथ ही, विंडओवर कोलम, दोनों हिस्सों को जोड़ने वाली नेक को विंडओवर कोलम नाम दिया गया है। यहां क्या खोज हुई थी? क्षुद्रग्रह कि चिकनी सतहों के नाम अब रखे गए हैं। एक हिस्से का नाम हैदर रेजियो है और यह इथियोपिया की उस जगह के नाम पर है, जहां प्रसिद्ध लूसी जीवाश्म की खोज हुई थी।



### क्या और भी नाम दिए गए थे?

यह क्षुद्रग्रह और लूसी अंतरिक्ष यान दोनों ही हमारी उत्पत्ति को समझने की खोज का प्रतीक है। इसलिए, अंतरराष्ट्रीय खगोलीय संघ ने इस क्षुद्रग्रह पर मौजूद कई जगहों को जीवाश्म स्थलों के नाम दिए हैं। अफार लोबस, स क्षुद्रग्रह के छोटे हिस्से को इथियोपिया के अफार क्षेत्र के नाम पर रखा गया था। इसके अलावा ओल्डुवाई लोबस के बड़े हिस्से को तंजानिया के ओल्डुवाई गॉर्ज के नाम पर रखा गया था।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## राशिफल

**मेष** — वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिेदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** — माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

**कर्क** — आत्मवश्विास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शक्षिा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

**कन्या** — स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा ।पारिवारिक जम्मिेदारियां बढ़ सकती हैं।

**तुला** — वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।


**धनु** — कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।

**मकर** — कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभ** — कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।

## शब्द पहेली - 5994



**बाएँ से दाएँ**
1.यश प्राप्त करना-5
5.चतुर, जहीन-5
9.दया, तरस-3
10.कामदेव-3
11.लीन, तल्लीन-2
13.बोली, आवाज-2
14.राजदुर्वा-2
15.एक प्रकार का बिस्किट-2,3
18.मत, सलाह-2
19.जो लायक न हो-4
20.अधीनस्थ-4
21.कहानी, गाथा-2
22.श्रवणेंद्रिय-2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा-4
26.दान देने वाला-4
29.वरदान, दूल्हा-2
30.पत्नी का नाना-2,3
33.सूर्य, दिनकर-2
34.भीगा हुआ-2
35.सुर आलाप-2
36.फूलों का रस,अर्क-3
38.तरंग, हिलोर-3
41.जरूरतमंद-5
42.सेंधमार-5

**ऊपर से नीचे**
1.नामकरण-5
2.टैक्स,हाथ-2
3.महीना, मास-2
4.नामवर, प्रसिद्ध-4
5.संधि, सामंजस्य-4
6.सरुर, नशा-2
7.झंकार-2
8.रमण योग्य-5
12.तगारी, नांद-3
13.सुअर-3
15.अभिमान मर्दित होना -2,3
16.समाप्त-2
17.नेकनीयत-5
23.हनुमान-3,2
24.मुलायम-3
25.उम्मीद, आशा-2
27.बहादुरी-3
28.शिव, रविलोचन-2,3
31.नामचीन-4
32.सुसंचालन-4
36.चेहरे का तेज, दर्प-2
37.रिश्तेदार-2
39.अधिकार-2
40.ईश्वर, भगवान-2

### शब्द पहेली- 5993 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | ल | | ब | ला | | य | म | | श | र |
| या | | क | ल | | जो | श | | जा | य | ज |
| | कै | द | | श | र | | का | न | न | |
| न | दी | | खे | मा | | का | त | ना | | जा |
| म | | जा | ल | | का | य | र | | ता | ल |
| | मा | न | | र | म | ल | | का | ला | |
| का | या | | बी | न | ना | | रा | म | | सी |
| र | | क | ह | र | | शो | र | | बा | धा |
| | की | च | ड़ | | सा | ला | | री | त | |
| क | म | रा | | ख | र | | सी | ता | | द |
| म | त | | जी | त | | मा | मा | | दा | म |

### सूडोकु नवताल - 6004

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

#### सूडोकु नवताल - 6003 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |



# प्रभास की फौजी में अभिषेक की एंट्री!

**मुंबई।** तेलुगू सिनेमा के पैन इंडिया सुपरस्टार प्रभास की फिल्म फौजी को एक नई जानकारी आई है। चर्चा है कि डायरेक्टर हनु राघवपुडी की यह एक्शन-ड्रामा फिल्म अब और भी रोमांचक होने वाली है, क्योंकि इसमें अभिषेक बच्चन की एंट्री हुई है। प्रभास इन दिनों फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। खबर है कि जल्द ही अभिषेक भी उनके साथ शामिल होंगे। हालांकि, फिल्म से अभिषेक के जुड़ने को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है। अभिषेक बच्चन और प्रभास फौजी में स्क्रीन शेयर करते नजर आने वाले हैं। हनु राघवपुडी ने अभिषेक बच्चन से एक अहम भूमिका निभाने के लिए संपर्क किया है।

लाइफ Style

# दीपिका

## कल्कि 2898 एडी के सीक्वल से हुईं बाहर

एटली और अल्लू अर्जुन की फिल्म ए22 x ए6 के चलते चर्चाओं में बनी दीपिका पादुकोण को लेकर अब एक बड़ी खबर सामने आ रही है। संदीप रेड्डी वांगा की स्पिरिट से काम के घंटों और फीस को लेकर बाहर होने वाली दीपिका अब एक और बड़ी फिल्म 'कल्कि 2898 एडी'के सीक्वल से भी बाहर हो गई हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस बात की जानकारी खुद मेकर्स ने सोशल मीडिया पर साझा की है। गुरुवार को वैजयंती मूवीज ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक बयान के जरिए इस बात की घोषणा की कि दीपिका पादुकोण अब कल्कि के सीक्वल का हिस्सा नहीं हैं। इस पोस्ट में लिखा गया, यह आधिकारिक तौर पर घोषणा की जाती है कि दीपिका पादुकोण 'कल्कि 2898एडी' के आगामी सीक्वल का हिस्सा नहीं होंगी। काफी विचार-विमर्श के बाद हमने अलग होने का फैसला किया है। पहली फिल्म बनाने के लंबे सफर के बावजूद, हम साझेदारी नहीं कर पाए। कल्कि 2898एडी जैसी फिल्म उस प्रतिबद्धता और उससे भी कहीं अधिक की हकदार है। हम उनके भविष्य के काम के लिए शुभकामनाएं देते हैं। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' साल 2024 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में दीपिका पादुकोण ने गर्भवती महिला सुमति का किरदार निभाया था। फिल्म में उनके होने वाले बेटे को ही कल्कि अवतार के तौर पर दिखाया जा रहा है। फैंस को दीपिका का किरदार काफी पसंद आया था और उनके अभिनय की भी तारीफ हुई थी। अब कल्कि के सीक्वल से दीपिका पादुकोण के अचानक बाहर किए जाने से उनके फैंस हैरान हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# रोमांटिक ड्रामा सीरीज की हुई एंडिंग

**लॉस एंजिल्स।** तीन सीजन तक दर्शकों के दिलों पर राज करने वाली अमेरिकन रोमांटिक ड्रामा सीरीज 'द समर आई टर्न्ड प्रिटी' आखिरकार अपने आखिरी एपिसोड तक पहुंच गई। ग्यारहवें एपिसोड के साथ ही ना सिर्फ कहानी का द एंड हुआ, बल्कि एक हैप्पी एंडिंग देकर मेकर्स ने फैंस को भी खुश कर दिया। इस दौरान फैंस जिन सवालों का बेसब्री से जवाब ढूंढ रहे थे, वो भी उन्हें मिल गया। आखिरी एपिसोड की शुरुआत पेरिस से होती है, जहां बेली और कॉनराड की अंजाने में मुलाकात होती है।



# डेमन स्लेयर ने पार किया 50 करोड़ का आंकड़ा...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सुपरहीरो वाली फिल्मों को देखने वाला एक बड़ा दर्शक वर्ग भारत में मौजूद है। साथ ही जापानी एनिमे सीरीज, फिल्मों की फैन फॉलोइंग भी अच्छी-खासी है। हाल ही में रिलीज हुई जापानी एनिमे फिल्म 'डेमन स्लेयर' को भारत में अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। इस फिल्म का कुल कलेक्शन भी अब तक 50.87 करोड़ रुपएहो चुका है। एनिमे फिल्म डेमन स्लेयर का रिलीज से पहले कोई प्रमोशन नहीं हुआ। लेकिन, एनिमे फिल्म देखने वालों में सबसे बड़ा दर्शक वर्ग जेन जी है। इस पीढ़ी के बीच एनिमे फिल्म जॉनर काफी पॉपुलर है। इसी ऑडियंस की वजह से फिल्म भारतीय बॉक्स ऑफिस पर करोड़ों में कमाई कर रही है। डेमन स्लेयर एक एनिमे जॉनर में बनी है। इसमें गजब का एक्शन, फाइट सीन्स दर्शकों को रोमांचित करते हैं। सोशल मीडिया पर भी इस फिल्म की खूब चर्चा है।



# सफेद ड्रेस में शेयर की खूबसूरत तस्वीरें

**मुंबई।** शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड'से ओटीटी की दुनिया में बतौर निर्देशक एंट्री कर रहे हैं। उनका पहला शो द बैड्स ऑफ बॉलीवुड गुरुवार से स्ट्रीम हो रहा है। इससे पहले शो की स्क्रीनिंग रखी गई, जिसमें बॉलीवुड की तमाम हस्तियों ने शिरकत की। इस दौरान अभिनेत्री आलिया भट्ट भी पति व अभिनेता रणबीर कपूर के साथ इस कार्यक्रम में पहुंचीं। इवेंट में जाने से पहले आलिया ने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ तस्वीरें साझा कीं। अब इन तस्वीरों पर दीपिका पादुकोण के कमेंट ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। आलिया 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' की स्क्रीनिंग में सफेद रंग की रिवीलिंग कट-आउट ड्रेस पहनकर पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने साथ में एक मैचिंग का शानदार हैंडबैग भी पकड़ा था।



# सनी संस्कारी... से परफेक्ट गाना रिलीज...

**मुंबई।** वरुण धवन और जान्हवी कपूर अपनी नई फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। गुरुवार को फिल्म का एक नया गाना 'परफेक्ट' रिलीज किया गया है। इस गाने में पंजाबी सिंगर गुरु रंधावा भी नजर आ रहे हैं। इस गाने को गुरु रंधावा ने गाया है। इसका संगीत और बोल गुरु, गिल मछराई और रोनी अजंली ने बनाए हैं। दिलमान ने इसे प्रोड्यूस किया है। परफेक्ट गाने में जान्हवी का हॉट लुक और वरुण का धमाकेदार डांस फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इसका लेखन और निर्देशन शशांक खेतान ने किया है। इस फिल्म में वरुण धवन और जान्हवी कपूर के अलावा रोहित सराफ, सान्या मल्होत्रा और मनीष पॉल ने भी अहम भूमिका निभाई है।

## टीवी मसाला



# दिव्यांग आईएएस ऑफिसर की बात सुन भावुक हुए अमिताभ

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन होस्टेड टीवी का फेमस क्विज रियलिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति 17' इन दिनों काफी सुर्खियों में बना हुआ है। केबीसी के सीजन 17 ने भी अब तक कई कंटेस्टेंट को मालामाल बना दिया है। इसी बीच अब शो का लेटेस्ट एपिसोड काफी चर्चा में बना हुआ। फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट राउंड जीतकर हॉट सीट पर दृष्टिबाधित कंटेस्टेंट आयुषी हॉट सीट पर पहुंचीं। अमिताभ ने पूरी गर्मजोशी के साथ आयुषी का स्वागत किया। इस दौरान आयुषी ने कुछ ऐसा कहा जिसे सुनने के बाद शो को होस्ट यानी बिग बी को भी भावुक कर दिया। आयुषी ने अमिताभ बच्चन को केबीसी से अपने गहरे जुड़ाव के बारे में बताते हुए कहा कि उनकी फैमिली उन्हें हमेशा सेट के बारे में बताती थी कि वो कैसा दिखता है। आयुषी ने कहा, 'जब से यह शो शुरू हुआ है, मेरा पूरा परिवार इसे देखता है और मुझे बताता है कि सेट कैसा दिखता है, लाइटिंग कैसी होती है, और आप हर कंटेस्टेंट को कैसे सहज महसूस कराते हैं। मैं अभी बहुत सहज महसूस कर रही हूं। यह शो मेरे लिए एक एहसास है।' आयुषी ने आगे बताया कि भले ही अपनी आंखों से अमिताभ बच्चन को पर्सनली नहीं देख सकती हैं, लेकिन उन्हें हमेशा बिग बी के आकर्षक रूप और आकर्षक व्यक्तित्व के बारे में बताया जाता रहा है। आयुषी ने कहा, 'लोग अक्सर मुझे आपके बारे में बताते हैं, आप कितने लंबे हैं, आपके आकर्षक चेहरे-मोहरे और आप कितने सुंदर दिखते हैं।' आयुषी की बातें सुनकर अमिताभ बच्चन बेहद प्रभावित और भावुक हो उठे। उन्होंने कहा,'हम बहुत भाग्यशाली हैं कि आप आज हमारे साथ हैं।'

## अनुपमा और तुलसी में फिर छिड़ी टीआरपी की जंग

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस का पॉपुलर शो अनुपमा लगातार तीसरे हफ्ते नंबर वन बना हुआ है। शो को इस बार 2.4 की टीआरपी मिली है। लीड किरदार अनुपमा की जिंदगी के उतार-चढ़ाव और पारिवारिक संघर्ष ने दर्शकों को बांधे रखा है। रुपाली गांगुली के दमदार अभिनय और कहानी में लगातार आ रहे ट्विस्ट और टर्न्स की वजह से ये शो हर हफ्ते दर्शकों की पहली पसंद बना हुआ है। अनुपमा के बाद स्मृति ईरानी का चर्चित शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' दूसरे नंबर पर रहा। बीते हफ्ते टीआरपी में थोड़ा पिछड़ने के बाद इस बार शो ने 2.0 की रेटिंग हासिल की है। पुराने दर्शकों की नॉस्टैल्जिक फीलिंग्स और नई पीढ़ी के लिए मॉडर्न ट्विस्ट इस शो को फिर से लोकप्रिय बना रहे हैं। तीसरे नंबर पर भी स्टार प्लस का ही सुपरहिट शो ये रिश्ता क्या कहलाता है रहा।



# हॉलीवुड स्टार को बॉलीवुड से 530 करोड़ का ऑफर

**मुंबई।** हॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस सिडनी स्वीनी से जुड़ी एक खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि वो बॉलीवुड में डेब्यू कर सकती हैं। दिलचस्प बात ये है कि उन्हें इस फिल्म के लिए 500 करोड़ रुपए से ज्यादा की फीस ऑफर की गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत की एक प्रोडक्शन कंपनी सिडनी स्वीनी की इंटरनेशनल इमेज का इस्तेमाल करना चाहती है। इसीलिए उन्हें एक फिल्म के लिए 45 मिलियन पाउंड यानी 530 करोड़ रुपए का ऑफर दिया गया है। इसमें 415 करोड़ रुपए फीस के तौर पर और 115 करोड़ रुपए की स्पॉन्सरशिप डील शामिल है। हालांकि, अभी तक सिडनी ने इस ऑफर को एक्सेप्ट किया है या नहीं, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। पर कहा जा रहा है कि इतना बड़ा ऑफर अमाउंट देखकर वो खुद काफी हैरान हैं।




### सबसे महंगी इंडियन फिल्म

ये भारत की अब तक की सबसे महंगी फिल्म होगी। सिडनी एक अमेरिकन स्टार का किरदार निभाएंगी, जिसे एक इंडियन सेलिब्रिटी से प्यार हो जाता है। शूटिंग के बारे में कहा जा रहा है कि ये साल 2026 में शुरू होगी। लंदन, दुबई, न्यूयॉर्क और पेरिस में इसे फिल्माया जाएगा।

### कौन हैं सिडनी स्वीनी?

वो अमेरिकन एक्ट्रेस हैं। उनका पूरा नाम सिडनी स्वीनी है। 12 सितंबर 1997 को जन्मीं सिडनी 28 साल की हैं। उत्साह ड्रामा सीरीज से उन्हें पहचान मिली।

# 'सिकंदर' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर 27 को ज़ी सिनेमा पर



**मंबई।** इस त्योहारी सीज़न में ज़ी सिनेमा ला रहा है सलमान खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'सिकंदर' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर, शनिवार 27 सितंबर को रात 8 बजे। भावनाओं, एक्शन और संगीत से भरपूर यह फिल्म परिवार संग देखने के लिए बेहतरीन विकल्प है। सलमान खान ने फिल्म को चुनने की वजह बताते हुए कहा, "इसमें गहरे जज़्बात, एक्शन और हास्य सब कुछ है। निर्देशक ए.आर. मुरुगदॉस ने हर भावना को बख़ूबी दिखाया है।" फिल्म के एक प्रमुख संवाद "तक़दीर ने मुझे सिकंदर नहीं बनाया, मैंने खुद को तराशा हैङ्घ" पर उन्होंने कहा कि हर इंसान अपने सफर में अकेला नहीं होता – "अगर मेरे पिता सलीम खान मुंबई न आते, तो मैं शायद यहां न होता। सलमान ने बताया कि जहां एक्शन उनके लिए आसान है, वहीं फिल्म की असली चुनौती इसके भावनात्मक पहलुओं को पर्दे पर सही तरीके से उतारना था।

# नवरात्रि शॉपिंग में दिखा टीवी कलाकारों का फेस्टिव जोश!



**मुंबई।** जैसे-जैसे नवरात्रि नज़दीक आ रही है, टीवी सितारों की शॉपिंग लिस्ट में भी रंग, रोशनी और परंपरा की झलक दिखने लगी है। एण्डटीवी के लोकप्रिय कलाकार – नीहारिका रॉय ('घरवाली पेड़वाली'), गीतांजलि मिश्रा ('हप्पू की उलटन पलटन') और विदिशा श्रीवास्तव ('भाबीजी घर पर हैं') – सभी अपनी फेस्टिव तैयारियों को लेकर उत्साहित हैं। नीहारिका रंग-बिरंगी चनिया-चोली और कोलकाता-स्टाइल साड़ियाँ खरीद रही हैं, वहीं गीतांजलि मिश्रा बांधनी साड़ी और हैंडमेड ज्वेलरी की शॉपिंग में व्यस्त हैं। विदिशा श्रीवास्तव ऑक्सीडाइज्ड ज्वेलरी और स्टाइलिश चनिया चोली के साथ घर की सजावट का भी पूरा ध्यान रख रही हैं।

# 'द कॉन्ज्यूरिंगः लास्ट राइट्स' ने भारत में रचा इतिहास

**मुंबई।** हॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित हॉरर फिल्म 'द कॉन्ज्यूरिंगः लास्ट राइट्स' ने 5 सितंबर को भारत में अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज़ होते ही बॉक्स-ऑफिस पर तहलका मचा दिया। 2130 स्क्रीन्स पर रिलीज़ होकर इसने ओपनिंग वीकेंड में ₹60.40 करोड़ की कमाई की, जो किसी हॉलीवुड हॉरर फिल्म के लिए भारत में अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग है। वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के मुताबिक, यह फिल्म न केवल 2025 की सबसे बड़ी हॉलीवुड ओपनिंग है, बल्कि भारत में अब तक की सबसे बड़ी वार्नर ब्रदर्स ओपनिंग भी है। वेरा फ़ार्मिगा और पैट्रिक विल्सन की जोड़ी एक बार फिर एड और लोरेन वॉरेन के रूप में लौट आई है, और दर्शकों ने फिल्म को जबरदस्त सराहना दी है।




## ओटीटी और थिएटर में चलेगा कोर्टरूम ड्रामा, ऑडियंस नहीं होगी बोर

# ओटीटी-थियटर पर इस सप्ताह रिलीज होंगी ये सीरीज और फिल्में

*नई दिल्ली। शुक्रवार का दिन एक्टर से लेकर फिल्ममेकर्स तक के लिए बेहद इम्पोर्टेंट होता है, क्योंकि इस दिन कई बड़ी फिल्में और सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म्स और थिएटर्स में हर हफ्ते रिलीज होती हैं। सितंबर का तीसरा शुक्रवार तो दर्शकों के लिए बेहद खास होने वाला है, क्योंकि इस हफ्ते जो फिल्में और सीरीज रिलीज हो रही हैं, उसमें कॉमेडी से लेकर सस्पेंस और क्राइम हर फ्लेवर ऑडियंस को मिलने वाला है।*

**जॉली एलएलबी -3** : 19 सितंबर शुक्रवार को रिलीज होने वाली फिल्मों में सबसे पहला नाम अक्षय कुमार-अरशद वारसी और सौरभ शुक्ला की कोर्टरूम ड्रामा फिल्म जॉली एलएलबी 3 है। इस फिल्म में डबल ट्रबल होगा, क्योंकि इस बार अरशद-अक्षय मिलकर जज त्रिपाठी की नाक में दम करेंगे। ये फिल्म थिएटर में रिलीज होगी।

**द ट्रायल सीजन-2** : काजोल एक बार फिर से लीगल कोर्टरूम ड्रामा सीरीज 'द ट्रायल सीजन-2' में नोयोनिका सेनगुप्ता का किरदार निभाने के लिए बिल्कुल तैयार हैं। वह इस सीजन में अपने पति की हरकतों की वजह से कानूनी रूप से कई और चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। राजीव पॉलिटिक्स में वापसी करना चाहता है, जिसके लिए वह अपनी पत्नी नोयोनिका से मदद मांगता है। अब नोयोनिका उसकी मदद करेगी या नहीं, इसके लिए तो आपको ये सीरीज 19 सितंबर को जियो हॉटस्टार पर देखनी होगी।




**टू मैन** : ये एक मलयालम साइकोलॉजिकल थ्रिलर मूवी है, जिसमें निषाद, डॉनी डार्विन, इरशाद अली ने मुख्य भूमिका निभाई है। टू मैन 2 ऐसे अलग लोगों की कहानी है, जिनकी जिंदगी के अलग-अलग मकसद हैं। फिल्म की पूरी कहानी 24 घंटे के समय में गढ़ी गई है। ये फिल्म आप मनोरमामैक्स पर देख सकते हैं।

**हाउसमेट्स** : हाउसमेट्स एक तमिल हॉरर कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, जिसमें दर्शन, काली वेंकट, विनोधिनी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। 1 अगस्त 2025 में रिलीज हुई ये फिल्म अब ओटीटी पर रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म की कहानी नए नवेले शादीशुदा कपल कार्तिक और अनु की है, जो अपने सपनों के घर में शिफ्ट होते हैं, लेकिन उनकी खुशी तब डर में बदल जाती है, जब उनके सामने अजीबो-गरीब चीजें होती हैं। इस फिल्म को आप जी 5 पर देख सकते हैं।

**अजेय द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ योगी** : अजेय द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ योगी भी रिलीज के लिए तैयार है। ये फिल्म उत्तर प्रदेश के सीएम आदित्यनाथ योगी की लाइफ पर बेस्ड फिल्म है। मूवी का निर्देशन रवींद्र गौतम ने किया है। फिल्म की कहानी शांतनु गुप्ता की किताब 'द मॉन्क हू बिकेम चीफ मिनिस्टर' से इंस्पायर है। मूवी को आप 19 सितंबर को थिएटर में देख सकते हैं।

***थी सैड मे बी** : जर्मन रॉम-कॉम फिल्म की कहानी एक यंग वुमन मावी की है, जिसकी नॉर्मल सी लाइफ में उथल-पुथल तब मचती है, जब उसे ये पता चलता है कि वह तुर्किये के एक समृद्ध परिवार से ताल्लुक रखती है। अब अपने प्यार और नए परिवार की जिम्मेदारी के बीच वह कैसे अपनी लाइफ को बैलेंस करेगी, कहानी इस बारे में है। इस कॉमेडी मूवी को आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।*

***स्वाइप्ड** : इस बायोग्राफिकल फिल्म की कहानी अमेरिकन एंटरप्रेन्योर व्हिटनी वोल्फ हेर्ड की है, जो बंबल का फॉदर है और टिंडर का को-फाउंडर है। उन्होंने अलग-अलग डेटिंग एप लॉन्च करके मेल डोमिनेटिंग टेक इंडस्ट्री में कदम रखा है। इस फिल्म को आप जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।*

***पुलिस-पुलिस** : इस कॉमेडी ड्रामा सीरीज की कहानी इंस्पेक्टर अर्जुन की है, जो एक चालाक अपराधी रवि को अपनी टीम में सीक्रेटली शामिल कर लेटा है। वह उससे मिलने वाली जानकारी से बड़े से बड़े क्राइम केस को सुलझा लेटा है। इस सीरीज में सेंथिल कुमार, जयसीलन थंगवेल और शबाना शाहजहां मुख्य भूमिका में हैं। इस सीरीज को भी आप जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।*

# विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला जीतने का लक्ष्य लेकर उतरेगा भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दूसरे वनडे में रिकॉर्ड जीत से उत्साहित भारतीय महिला टीम 20 सितंबर को तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के निर्णायक मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली वनडे श्रृंखला जीतकर विश्व कप से पहले अपनी उम्मीदों को पंख लगाने की कोशिश करेगी। भारतीय महिला टीम अभी तक द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला में विश्व चैंपियन आस्ट्रेलिया को नहीं हरा पाई है और अगर वह यहां जीत हासिल करने में सफल रहती है तो इससे उसका 30 सितंबर से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

**महिला क्रिकेट**

- 30 सितंबर से शुरू हो रहा विश्व कप
- भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा एकदिवसीय मैच आज 1.30 बजे से



### अरुंधति को शामिल करना भारत के लिए अच्छा

स्ट्रेस फ्रैक्चर से उबरने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने वाली तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर और क्रांति गौड़ ने ऑस्ट्रेलियाई शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया, जबकि स्पिनरों ने बीच के ओवरों में दबाव बनाए रखा। तेज गेंदबाजी में तीसरे विकल्प के रूप में अरुंधति रेड्डी को शामिल करना भी भारत के लिए अच्छा रहा। लेकिन मेजबान टीम के एक बार फिर अलग संयोजन के साथ उतरने की उम्मीद है।

### हर विभाग में करना होगा अच्छा प्रदर्शन

ऑस्ट्रेलिया को हराना हालांकि इतना आसान काम नहीं है और अगर भारत को इतिहास रचना है तो उसे खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। पहले मैच में बुरी तरह हारने के बाद हरमनप्रीत कौर और उनकी टीम ने शानदार वापसी करते हुए दूसरे मैच में 102 रन से जीत हासिल की, जो रनों के लिहाज से ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी हार थी। यह भारत की भी ऑस्ट्रेलिया पर 12 मैचों में पहली जीत थी।

### दूसरे मैच में भारत ने छोड़े छह कैच

भारतीय टीम की कुछ कमजोरियां भी हालांकि इनमें उजागर हुई। इसमें खराब फील्डिंग भी शामिल है। दूसरे मैच में उन्होंने छह कैच छोड़े और इस तरह से भारतीय टीम दो मैच में 10 कैच छोड़ चुकी है। इनमें से अधिकतर कैच बहुत आसान थे। भारतीय टीम के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है, जो चिंता का विषय है। दूसरे मैच में हालांकि गेंदबाजों ने अच्छे मौके बनाए, जो टीम के लिए सकारात्मक पहलू है।



### ऑस्ट्रेलिया वापसी के लिए बेताब

इस बीच ऑस्ट्रेलिया वापसी के लिए बेताब होगा। उसकी कप्तान एलिसा हीली ने स्वीकार किया कि दूसरे वनडे में उनकी टीम खेल के हर विभाग में नाकाम रही। आठ बार की विश्व चैंपियन टीम अपनी कमियों को दूर करने के साथ-साथ भारत की भीषण गर्मी से सामंजस्य बिठाने के लिए भी उत्सुक होगी। यह हार ऑस्ट्रेलिया के लिए एक झटका थी, जो फरवरी 2024 में दक्षिण अफ्रीका से हारने के बाद से 13 एकदिवसीय मैचों में अजेय रही थी। ऑस्ट्रेलिया की टीम विश्व कप से पहले अपने विजय अभियान पर लौटने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी और इसलिए भारतीय टीम को बेहद सतर्क होकर खेलना होगा।

### टीमें इस प्रकार

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), उमा छेत्री, हरलीन देयोल, ऋचा घोष (विकेटकीपर), क्रांति गौड़, स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, स्नेह राणा, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, तेजल हसब्निस, सयाली सतघरे, दीप्ति शर्मा, श्रीचरणी, राधा यादव।

**ऑस्ट्रेलिया :** एलिसा हीली (कप्तान और विकेटकीपर), ताहलिया मैकग्राथ, डार्सी ब्राउन, निकोल फाल्टम, एशले गार्डनर, किम गर्थ, ग्रेस हैरिस, अलाना किंग, चार्ली नॉट, फोबे लिचफील्ड, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शूट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

## खबर संक्षेप



### स्पीड स्केटर राज ने जीता कांस्य पदक

**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर स्पीड स्केटर अनीश राज ने चीन के बेइदैहे में हुई 73वीं इनलाइन स्पीड विश्व चैंपियनशिप में जूनियर पुरुषों के वन लैप रोड स्प्रिंट में कांस्य पदक जीता। अनीश ने 39.714 सेकंड का समय निकालकर तीसरा स्थान हासिल किया। चीन में 13 से 21 सितंबर तक चल रहे टूर्नामेंट में 42 देशों के प्रतियोगी भाग ले रहे हैं। भारत के 19 खिलाड़ियों ने अलग-अलग वर्गों में भाग लिया। अनीश ने इस साल दक्षिण कोरिया में हुई 20वीं एशियाई रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता था।

### फेडेक्स ओपनः अहलावत की धीमी शुरुआत



**पेरिस।** भारतीय गोल्फर वीर अहलावत ने फेडेक्स ओपन डी फ्रांस में अपने अभियान की शुरुआत इवन पार 71 के राउंड के साथ की और वह डीपी वर्ल्ड टूर की गोल्फ डी सेंट-नोम-ला-ब्रेटेचे में खेली जा रही इस प्रतियोगिता के पहले राउंड के बाद संयुक्त 71वें पर हैं। भारत के एक अन्य खिलाड़ी शुभंकर शर्मा पहले राउंड में ही लड़खड़ा गए और अब उन पर कट से चूकने का खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने दो ओवर 74 का स्कोर बनाया और वह 127वें स्थान पर हैं। इंग्लैंड के मार्कस आर्मिटेज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले राउंड के बाद बढ़त बना ली। उन्होंने छठे और 15वें होल के बीच 10 होल में आठ बर्डी बनाई और 17वें होल पर बोगी के बावजूद दो स्ट्रोक की बढ़त बनाए रखी।

### टूर्नामेंट छोड़कर स्वदेश लौटे ऑलराउंडर वेल्लालागे



**अबुधाबी।** श्रीलंका के दुनीथ वेल्लालागे अपने पिता सुरंगा के निधन के कारण एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के बीच से लौट गए हैं। उनके पिता का निधन गुरुवार को हुआ। उसी दिन यह ऑलराउंडर अफगानिस्तान के खिलाफ ग्रुप बी लीग मैच खेल रहा था। वेल्लालागे को अपने पिता के निधन की खबर मैच के बाद ही पता चली और वह सबसे पहले उपलब्ध उड़ान से कोलंबो के लिए रवाना हो गए। सुरंगा का दिल का दौरा पड़ने से 54 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। यह स्पष्ट नहीं है कि यह 22 वर्षीय खिलाड़ी टूर्नामेंट में वापसी करेगा या नहीं। श्रीलंका सुपर 4 में अपना पहला मैच शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा। इसके बाद उसका सामना 23 सितंबर को पाकिस्तान से और 26 सितंबर को भारत से होगा। श्रीलंका के पूर्व कप्तान लसिथ मलिंगा ने एक्स पर लिखा, 'दुनीथ वेल्लालागे के पिता सुरंगा वेल्लालगे के निधन से बहुत दुखी हूं। परिवार के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना।

### सुपर 4 में आज रात 8 बजे से श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच मुकाबला

# एशिया कप : श्रीलंका की जीत की लय जारी, बांग्लादेश कर सकता है पलटवार

एजेंसी ▶▶| दुबई

ग्रुप बी में अपने सभी मैच जीत कर उत्साह से भरी श्रीलंका की टीम बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार 20 सितंबर को होने वाले एशिया कप सुपर 4 के मैच में अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी। चरिथ असलांका के कुशल नेतृत्व में, श्रीलंकाई टीम ग्रुप बी में तीन मैचों में जीत के साथ शीर्ष पर रही। बांग्लादेश ने दूसरे स्थान पर रहकर अगले दौर में प्रवेश किया। श्रीलंका ने बांग्लादेश को छह विकेट से पराजित किया और फिर उसके बाद हांगकांग और अफगानिस्तान को क्रमशः चार और छह विकेट से हराया।



### श्रीलंका का गेंदबाजी और फील्डिंग में शानदार प्रदर्शन

बल्लेबाजी के अलावा श्रीलंकाई टीम ने गेंदबाजी और फील्डिंग में भी शानदार प्रदर्शन किया है। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज नुवान तुषारा पांच विकेट लेकर टूर्नामेंट में अब तक चौथे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। दुष्मंथा चमीरा भी नई गेंद से विकेट लेने वालों में शामिल हैं। वानिंदु हसरंगा, असलांका और दासुन शनाका ने बीच के ओवरों में शिकंजा कसा है। लेकिन श्रीलंका को ऑलराउंडर दुनीथ वेल्लालगे की कमी खलेगी, क्योंकि वह अपने पिता सुरंगा के निधन के बाद स्वदेश लौट गए हैं।

### श्रीलंका के लिए कमजोर मध्यक्रम चिंता का विषय

श्रीलंका की बल्लेबाजी का हालांकि अचानक पतन हो जाता है जैसा कि हांगकांग के खिलाफ हुआ था जब पथुम निसांका के अर्धशतक के बाद वह एक समय हार के कगार पर पहुंच गया था। श्रीलंका के लिए कमजोर मध्यक्रम मुख्य चिंता का विषय है। निसांका ने श्रीलंका के लिए बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने तीन मैचों में दो अर्द्धशतकों सहित 124 रन बनाए है। श्रीलंका को उनसे फिर से अच्छी शुरुआत की दरकार होगी। पहले दो मैच में असफल रहने के बाद विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल मेंडिस ने अफगानिस्तान के खिलाफ 52 गेंदों पर 74 रन की आक्रामक पारी खेली, जिससे श्रीलंकाई टीम काफी खुश होगी। बाएं हाथ के बल्लेबाज कामिल मिशारा भी अच्छी फॉर्म में हैं, लेकिन श्रीलंका को मध्यक्रम में कप्तान असलांका, कुसल परेरा और दासुन शनाका से उपयोगी योगदान की उम्मीद होगी। तीनों ग्रुप मैचों में श्रीलंका ने लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया और उम्मीद है कि शनिवार को यदि श्रीलंकाई टीम टॉस जीतती है तो वह यही क्रम जारी रखेगी।

### बांग्लादेश को अच्छा प्रदर्शन की जरूरत

बांग्लादेश का सवाल है तो वह सुपर 4 में श्रीलंका के रहमोकरम पर पहुंचा है। अगर गुरुवार को श्रीलंका अफगानिस्तान से हार जाता, तो बांग्लादेश टूर्नामेंट से बाहर हो जाता। बांग्लादेश ने टूर्नामेंट की शुरुआत हांगकांग पर सात विकेट की आसान जीत के साथ की, लेकिन श्रीलंका से छह विकेट से हार गया। अफगानिस्तान पर आठ रन की जीत के साथ उसने अपने अभियान को फिर से पटरी पर ला दिया। बांग्लादेश को तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। उसके लिए बल्लेबाजी सबसे बड़ी चिंता का विषय है। अगर बांग्लादेश को जीत हासिल करनी है तो कप्तान लिटन दास, सैफ हसन, तनजिद हसन और तौहीद हृदॉय जैसे खिलाड़ियों को लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

**श्रीलंका :** चरिथ असलांका (कप्तान), पथुम निसांका, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), कुसल परेरा, नुवानीदु फर्नांडो, कामिंदु मेंडिस, कामिल मिशारा, दासुन शनाका, वानिंदु हसरंगा, चमिका करुणारत्ने, महीश थीक्षाना, दुशमंथा चमीरा, बिनुरा फर्नांडो, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराना।

**बांग्लादेश :** लिटन दास (कप्तान, विकेटकीपर), तंजीद हसन, परवेज हुसैन इमोन, सैफ हसन, तौहीद हृदोय, जेकर अली, शमीम हुसैन, नुरुल हसन, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन, तस्कीन अहमद, शोरफुल इस्लाम, मोहम्मद सैफुद्दीन।

**चाइना मास्टर्स**

# आन के खिलाफ सिंधु की लगातार 8वीं हार



एजेंसी ▶▶| शेनझेन

शटलर पीवी सिंधु का विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आन से यंग के खिलाफ निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा और वह चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में इस कोरियाई खिलाड़ी से सीधे गेम में हार गई। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली 23 वर्षीय कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ 38 मिनट में 14-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधू की आन के खिलाफ यह लगातार आठवीं हार थी। वह कोरिया की खिलाड़ी के खिलाफ अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाई हैं।

### सिंधू की शुरुआत रही खराब

सिंधू की शुरुआत खराब रही और वह पहले गेम में एक समय 1-6 से पीछे चल रही थीं, लेकिन बाद में उन्होंने स्कोर 5-9 कर लिया। आन ने हालांकि ब्रेक तक 11-5 की बढ़त बना ली। सिंधू 11-14 पर स्कोर को करीब लाने में कामयाब रहीं, लेकिन कोरियाई खिलाड़ी ने अपनी पकड़ बनाए रखी और पहला गेम आसानी से अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में सिंधू ने कुछ देर के लिए 3-2 की बढ़त बना ली, लेकिन आन ने जल्द ही नियंत्रण हासिल कर लिया। भारतीय खिलाड़ी ने आक्रामक खेल से बढ़त बनाने की कोशिश की और एक समय वह 7-8 से पीछे चल रही थीं, लेकिन आन के बेहतरीन खेल और विविधता ने उन्हें ब्रेक तक 11-7 से आगे कर दिया। कोरिया के खिलाड़ी ने इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा और भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ अपना दबदबा बरकरार करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई।

# एशियाई क्वालीफायर में खेलेंगे डिफेंडर झिंगन

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

भारतीय फुटबॉल टीम के कोच खालिद जमील ने कहा कि सिंगापुर के खिलाफ अगले महीने एएफसी एशियाई क्वालीफायर में अनुभवी डिफेंडर संदेश झिंगन खेलेंगे। झिंगन को ताजिकिस्तान में हाल ही में हुए काफा नेशंस कप के दौरान लगी चोट के बाद गले की हड्डी की सर्जरी करानी पड़ी थी और अब फिट होने की राह पर है।

भारत का सामना सिंगापुर से 9 अक्टूबर को कालांग में होगा। इसके बाद रिटर्न मैच गोवा के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम पर खेला जाएगा। जमील ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की ओर से आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'झिंगन इन मैचों के लिए उपलब्ध होगा।' जमील ने



कहा, ' भारतीय टीम ने एशियाई कप क्वालीफायर में अच्छा प्रदर्शन किया है। मुझे यकीन है कि यह सिंगापुर के खिलाफ अच्छा खेलेगी। हम पर दबाव रहेगा लेकिन मैं दबाव के बिना काम नहीं कर सकता। यह कठिन मैच है और हमें अच्छी तैयारी करनी होगी।'

### राष्ट्रीय शिविर में शामिल होंगे ब्रैंडन-अशीर

भारतीय फुटबॉल टीम प्रबंधन ने सिंगापुर के खिलाफ होने वाले एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर मुकाबलों के लिए मिडफील्डर ब्रैंडन फर्नांडिस और डिफेंडर अशीर अख्तर को राष्ट्रीय शिविर में शामिल होने के लिए बुलाया है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने ट्वीट किया, '30 सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों के अलावा ब्रैंडन फर्नांडिस और अशीर अख्तर को भी राष्ट्रीय शिविर में बुलाया गया है।' भारत हाल में सीएएफए नेशंस कप में तीसरे स्थान पर रहा था। मुख्य कोच खालिद जमील ने सिंगापुर के खिलाफ होने वाले मुकाबले के लिए रविवार को 30 सदस्यीय संभावित टीम की घोषणा की थी, जिसमें करिश्माई खिलाड़ी सुनील छेत्री भी शामिल हैं। राष्ट्रीय शिविर शनिवार से बेंगलुरु में शुरू होने वाला है। भारत 2027 एशियाई कप क्वालीफायर के अंतिम दौर में 9 अक्टूबर को और 14 अक्टूबर को मैच खेलेगा।

### विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप...



**टोकियो।** बाएं से दाएं, ब्रिटेन की एबिगेल पावलेट, संयुक्त राज्य अमेरिका की तलियाह ब्रूक्स, कोलंबिया की मार्था अराउजो और लिथुआनिया की बीट्राइस जुस्केविसीउते टोकियो में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हेप्टाथलॉन 100 मीटर बाधा दौड़ में प्रतिस्पर्धा करती हुई।

# विद्युत परिवार के अनिल शर्मा एमपीसीए की अंपायर समिति में सदस्य नियुक्त



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) में कार्यरत और मध्य प्रदेश के जाने-माने क्रिकेट अंपायर अनिल शर्मा को मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की प्रतिष्ठित अंपायर समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है. इस 3 सदस्यीय अंपायर समिति में एक सदस्य मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष होते हैं तथा दो पूर्व अंपायर मनोनीत किए हैं। यह समिति मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा संचालित किये वाले विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए अंपायरों का चयन करेगी। मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने अनिल शर्मा की इस नियुक्ति पर उन्हें बधाई देते हुए इसे विद्युत परिवार और शहर के लिए गर्व का विषय बताया है।

### वर्ल्ड चैंपियनशिप के बाद नीरज का खुलासा

# महीने की शुरुआत से ही परेशान कर रहा था बैक पैन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने कहा कि विश्व चैंपियनशिप में आठवें स्थान पर रहना उनके लिए सत्र के अंत की उम्मीद के अनुरुप नहीं था लेकिन वह ब्रेक के बाद दमदार वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पिछली बार के चैंपियन चोपड़ा गुरुवार को टोकियो में 84.03 मीटर ही भाला फेंक सके और पांचवें दौर के बाद बाहर हो गए। इस दौरान वह पीठ दर्द से परेशान रहे। उन्होंने बाद में खुलासा किया कि पीठ की समस्या इस महीने की शुरुआत से ही उन्हें परेशान कर रही थी, लेकिन वह इसे अपने खराब प्रदर्शन का कारण नहीं बताना चाहते थे। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में पदार्पण कर रहे सचिन यादव की सराहना की, जिन्होंने 86.27 मीटर की शानदार थ्रो के साथ उनसे बेहतर प्रदर्शन किया और चौथे स्थान पर रहे।

### उम्मीद नहीं थी कि सत्र का अंत ऐसा होगा, लेकिन दमदार वापसी करूंगा



### वह मेरा दिन नहीं था : चोपड़ा

चोपड़ा ने एक्स पर लिखा, 'मैंने टोकियो में विश्व चैंपियनशिप के साथ सत्र का इस तरह से अंत करने की उम्मीद नहीं की थी। मैं सभी चुनौतियों के बावजूद भारत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता था, लेकिन वह मेरा दिन नहीं था।' उन्होंने कहा, 'मैं सचिन के लिए बहुत खुश हूं, जिन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और वह लगभग पदक जीत ही गए थे।' स्वर्ण पदक त्रिनिदाद और टोबैगो के केशोर्न वाल्कोट (88.16 मीटर) को मिला। उनके बाद ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स (87.38 मीटर) और अमेरिका के कर्टिस थॉम्पसन (86.67 मीटर) का स्थान रहा। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता 27 वर्षीय चोपड़ा ने अधिक मजबूती हासिल करके दमदार वापसी करने का वादा किया। उन्होंने कहा,'आप सभी के समर्थन के लिए आभारी हूं। इससे मुझे दमदार वापसी करने की प्रेरणा मिलती है।'

# ला सेला ओपन : संयुक्त 17वें स्थान पर त्वेसा

एजेंसी ▶▶| एलिकांटे

लेडीज यूरोपियन टूर में खेलना जारी रखने के लिए अपना कार्ड बरकरार रखने को प्रयासरत भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक ने ला सेला ओपन में एक अंडर 71 के स्कोर के साथ अच्छी शुरुआत की और वह पहले दौर के बाद संयुक्त 17वें स्थान पर हैं। त्वेसा ला सेला गोल्फ रिसोर्ट में आयोजित की जा रही इस 10 लाख यूरो इनामी प्रतियोगिता में खेल रही सात भारतीय महिला खिलाड़ियों में पहले दौर के बाद सबसे आगे हैं।

हिताशी बख्शी (72) संयुक्त 28वें, जबकि दीक्षा डागर और प्रणवी उर्स 73-73 के स्कोर के साथ संयुक्त 44वें स्थान पर हैं। रिद्धिमा दिलावरी (75) संयुक्त 77वें स्थान



पर हैं। अवनि प्रशांत (78) और वाणी कपूर (78) संयुक्त 113वें स्थान पर हैं और उन पर कट से चूकने का खतरा मंडरा रहा है। युवा खिलाड़ी अन्ना हुआंग ने बोगीरहित 64 का स्कोर बनाकर पहले दिन के अंत में दो स्ट्रोक की बढ़त बना ली।




अधिकृत डीलरः जबलपुरः सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाटः जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुरः आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ाः सत्कार हीरो 9289922805, मण्डलाः शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुरः रचना हीरो 9289922377, रीवाः बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतनाः स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोलः विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनीः हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़नः कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधीः राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़ः आनंद हीरो 9289923112, सिवनीः सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरईः श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोशिएट डीलरः पथरियाः एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरियाः आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ाः अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्योहारीः श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुड़हारः श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरीः अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुरः स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ाः शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेवः लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमाः सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहरः वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंजः सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझीः श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरनाः जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासियाः श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलानः सॉई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझीः गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोराः बाईक प्वांट 9826802730, उमरियाः गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनीः रुसिया मोटर्स 9425822392, जताराः शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़ः एस.एस. इन्टरप्राइजेज 7000242371, पृथ्वीपुरः महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताईः शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगीः ओम मोटर्स 9685416118, बरगवांः बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी : श्याम एजेंसी 9981238133, बरहीः अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुरः बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोदः चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसरः श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटनः रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबादः अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगरः विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोराः भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरईः यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौकाः अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ाः सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुरः रचना हीरो 8815396340, दमोह : इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240